*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 301

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

आदिवासी बेटियों को खुद बचानी होगी इज्जत : बाबूलाल



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### खड़गे और राहुल गांधी आज जम्मू-कश्मीर जायेंगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर बुधवार को जम्मू-कश्मीर जायेंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि दोनों नेता 21 अगस्त को दोपहर में जम्मू और 22 अगस्त को श्रीनगर में रहेंगे। वे नेताओं से चुनावी तैयारियों पर बातचीत करेंगे। शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। खड़गे और राहुल ने 19 अगस्त को जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के महासचिवों, प्रभारियों और स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की थी। वेणुगोपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अगले तीन-चार दिनों में होगी।

### महाराष्ट्र में एमवीए से हाथ मिलाना चाहती है एआइएमआइएम


मुंबई। महाराष्ट्र में दिवाली बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के साथ हाथ मिलाना चाहती है। एआइएमआइएम की राज्य इकाई के अध्यक्ष और पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने कहा कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं। इसलिए एनवीए को साथ आने का प्रस्ताव दे रहे हैं, लेकिन यह उन पर निर्भर है कि वे हमें गठबंधन में शामिल करते हैं या नहीं।

केंद्रीय मंत्री ने यूपीएससी अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी

# प्रधानमंत्री ने लेटरल एंट्री नियुक्ति पर लगायी रोक

## जितेंद्र सिंह ने गिनाये विज्ञापन रद्द करने के कारण

- यूपीएससी ने 45 पदों पर 17 अगस्त को निकाला था विज्ञापन



F.8/24/2024-R(C&P)
UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION

CANCELLATION NOTICE

It is for information of all concerned that the Advertisement No.54/2024 pertaining to Lateral recruitment for 45 posts of the level of Joint Secretary/Director/Deputy Secretary in different Departments published in the Employment News, various Newspapers and on the website of the Commission on 17th August, 2024 is cancelled as requested by the requisitioning authority.

(Hamsa Ravishankar)
Under Secretary(R(C&P))



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कार्मिक मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी के अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी है। मंत्री ने यूपीएससी की तरफ से सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) से जुड़े विज्ञापन को रद्द करने के लिए कहा है। केंद्र सरकार के पत्र के बाद सचिव हमशा रविशंकर ने यूपीएससी की तरफ से विज्ञापन को निरस्त करने की सूचना जारी की। उन्होंने साफ किया कि 45 पदों पर लेटरल भर्ती के लिए निकाले गये विज्ञापन संख्या 54/2024 को निरस्त करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से मिले अनुरोध पत्र के आधार पर 17 अगस्त को जारी विज्ञापन को रद्द किया जाता है। इससे पहले जितेंद्र सिंह ने अपनी चिट्ठी में कहा कि सैद्धांतिक तौर पर सीधी भर्ती की अवधारणा का समर्थन 2005 में गठित प्रशासनिक सुधार आयोग की तरफ से किया गया था, जिसकी अध्यक्षता वीरप्पा मोइली की तरफ से की गई थी। हालांकि, लेटरल एंट्री को लेकर कई हाई-प्रोफाइल मामले सामने आये हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि इस नियुक्ति को रद्द किया जाये।

गौरतलब है कि यूपीएससी ने हाल ही में लेटरल एंट्री के जरिये केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में 45 पदों पर संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उपसचिवों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसका कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने विरोध किया। विपक्ष का आरोप था कि यह ओबीसी, एससी और एसटी के आरक्षण को दरकिनार करता है।

### राहुल गांधी ने किया था विरोध



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि लेटरल एंट्री में आरक्षण का प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया था-लेटरल एंट्री के जरिए एसटी-एससी-ओबीसी का हक छीना जा रहा है। मोदी सरकार आरएसएस वालों की लोकसेवकों में भर्ती कर रही है। राहुला गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि लेटरल एंट्री जैसी साजिशों का विरोध किया जायेगा। साथ ही संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हर कीमत पर रक्षा करेंगे।

### कानून मंत्री ने दिया राहुल को जवाब



राहुल के आरोप के जवाब में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 1976 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को लेटरल एंट्री के जरिए ही फाइनेंस सेक्रेटरी बनाया गया था। इसी तरह मोंटेक सिंह अहलूवालिया को योजना आयोग का उपाध्यक्ष और सोनिया गांधी को नेशनल एडवाइजरी काउंसिल (एनएसी) चीफ बनाया गया। मेघवाल ने कहा कि लेटरल एंट्री की शुरुआत कांग्रेस ने की थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीएससी को नियम बनाने का अधिकार देकर सिस्टम को व्यवस्थित किया है। पहले की सरकारों में लेटरल एंट्री का कोई फॉर्मल सिस्टम नहीं था।

मंईयां योजना को लेकर मुख्यमंत्री ने की अपील

# स्कीम का लाभ लेने के बारे में कॉल नहीं कर रही सरकार : हेमंत सोरेन

- सम्मान योजना को लेकर फर्जीवाड़े की आ रही सूचना
- मख्यमंत्री ने लाभार्थियों से कहा रहें सावधान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार के पास झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में फर्जीवाड़े की सूचना आ रही है। इस पर खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि सूचना आ रही है कि कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहे हैं। यह पूरी तरह से फर्जी है। इसलिए योजना के तहत निबंधित बहन- बेटियों से आग्रह है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से संबंधित कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा कदापि नहीं करें।

**ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार इस योजना को लेकर किसी तरह का कॉल नहीं कर रही है। अतः आप सभी सतर्क रहें और ऐसे कॉल आने पर अपने बैंक खाता की जानकारी नहीं दें। तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड से बचना बहुत जरूरी है। कई लोग मैसेज या कॉल (बैंक फेक कॉल) करके फ्रॉड कर रहे हैं। एसएमएस, व्हाट्सएप, मेल या टेलीग्राम के जरिये भी मैसेज आ सकते हैं, इसलिए आप सभी से आग्रह है कि सावधान रहें। झारखंड पुलिस ऐसे मामलों को लेकर सतर्क है। वह किसी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत एक्शन लेते हुए फर्जी कॉलर को चिह्नित करेगी। हेमंत ने सभी से अनुरोध करते हुए कहा है कि अपने आस पास के परिचितों, रिश्तेदारों तक भी यह जानकारी जरूर साझा करें।

### क्या है योजना

गौरतलब है कि राज्य सरकार के स्तर से महिलाओं (कार्डधारी) को प्रतिमाह 1000 रुपये दिये जाने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू कर दी गयी है। सीएम हेमंत ने पाकुड़ जिले से 18 अगस्त को इसकी शुरुआत की थी।

# आरक्षण में क्रीमी लेयर फैसले के विरोध में भारत बंद आज

- झामुमो और राजद ने दिया बंद को समर्थन
- जिला प्रशासन ने कसी कमर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का एलान किया है। इस आह्वान को जेएमएम, राजद, दलित संगठनों और बहुजन समाज पार्टी का समर्थन प्राप्त है, जिसके बाद जिला ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राज्य सरकारों को एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि वास्तविक रूप से जरूरतमंद व्यक्तियों को आरक्षण में प्राथमिकता मिलनी चाहिए।


विरोधी संगठनों का कहना है कि यह फैसला आरक्षण का मूल उद्देश्य समाप्त कर देगा और समाज के कमजोर वर्गों को नुकसान पहुंचायेगा। वे कोर्ट से इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। भारत बंद के दौरान संभावित हिंसा और अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों में पुलिस की सख्ती बढ़ा दी गयी है। अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने सभी आयुक्तों, जिला मैजिस्ट्रेटों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिये हैं। हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक रूप से किसी भी सेवा की बंदी की घोषणा नहीं की गयी है।

**राजद भी देगा भारत बंद को समर्थन :** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि राजद प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एसटी, एससी, ओबीसी द्वारा 21 अगस्त को घोषित भारत बंद का झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल समर्थन करेगा। कैलाश ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं बिहार सरकार में विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव ने विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा फैसला आने के तत्काल समय से ही इस संबंध में विरोध करने की खुलेआम घोषणा की थी।

### झामुमो महासचिव ने समर्थन के लिए चिट्ठी लिख कर दी सूचना

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 21 अगस्त को होनेवाले भारत बंद को समर्थन देने का फैसला लिया है। साथ ही इसमें उसकी सक्रिय भागीदारी भी होगी। इस संबंध में पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय के स्तर से पार्टी की केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला संयोजकों को भी चिट्ठी लिख कर सूचना दी गयी है। इसमें कहा गया है कि विगत दिनों एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया निर्णय इस वर्ग के उत्थान और मजबूती में बाधक है। सामाजिक संगठनों द्वारा इस निर्णय के विरोध में 21 अगस्त को सुबह 6 बजे से रात के 8 बजे तक संपूर्ण भारत बंद का निर्णय लिया गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा इस भारत बंद को सक्रिय समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के सभी पदाधिकारी, जिला सचिव, जिला संयोजक भारत बंद में शामिल होकर सक्रिय रूप से अपना समर्थन देंगे।

# मेरी किसी से नहीं हुई मुलाकात: चंपाई सोरेन




- पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली निजी काम से आया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन प्रकरण पर सूबे की राजनीति में काफी उथल-पुथल मची हुई है। पूरी पिक्चर अब तक क्लीयर नहीं है। इस बीच चंपाई सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मेरी किसी से मुलाकात नहीं हुई है। निजी काम से मैं दिल्ली आया था। मैं भाजपा के नेता से मिलना नहीं चाहता। मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि यह सब कौन कह रहा है।

झामुमो से नाराजगी के सवाल पर चंपाई सोरेन ने कहा कि मैंने इस बात को पहले ही बता चुका हूं। चंपाई सोरेन ने कहा कि मेरे बारे में तरह-तरह की खबरें आ रही हैं। मैं बता दूं कि मुझसे किसी भी भाजपा नेता ने मुलाकात नहीं की। मैंने भी किसी भाजपा नेता से मुलाकात नहीं की। मैंने पहले भी कहा था कि निजी काम से आया था और अब भी कह रहा हूं कि मैं निजी काम से ही आया था।




कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने किया टास्क फोर्स के गठन का एलान

- मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल-पुलिस जांच पर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गयी। शीर्ष अदालत ने जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या और अस्पताल में तोड़फोड़ के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल रहे। बेंच ने इस मामले में पीड़िता की पहचान उजागर होने पर चिंता जाहिर की। कोर्ट ने सभी प्लेटफार्मों से पीड़िता की फोटो हटाने का निर्देश दिया। साथ ही केस में पुलिस जांच से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका तक पर सवाल उठाये। कोर्ट ने मामले में आठ सदस्यीय टास्क फोर्स के गठन का फैसला किया। इसमें एम्स के निदेशक डॉ एम श्रीनिवासन के अलावा कई और डॉक्टरों का नाम शामिल किया गया।

**हम डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित:** सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ये सिर्फ एक मर्डर का मामला नहीं है। हमें डॉक्टरों की सुरक्षा की चिंता है। बेंच ने कहा कि महिलाएं सुरक्षा से वंचित हो रही हैं। बेंच ने कहा कि आखिर ऐसे हालात में डॉक्टर कैसे काम करेंगे। हमने देखा है कि उनके लिए कई जगहों पर रेस्ट रूम तक नहीं होते। आज महिलाएं तेजी से वर्कप्लेस में शामिल हो रही हैं। इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और बदलाव लाने के लिए एक और बलात्कार का इंतजार नहीं कर सकते। चिकित्सा पेशे में हिंसा की आशंका बढ़ गयी है। पुरुष प्रधान सोच के कारण महिला डॉक्टरों को ज्यादा निशाना बनाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं। ज्यादातर युवा चिकित्सक 36 घंटे काम करते हैं, हमें काम करने की सुरक्षित स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनाने की जरूरत है।

### डॉक्टरों से अनुरोध है काम पर लौटें



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा से संबंधित मामले पर विचार कर रहे हैं, इसलिए हम देशभर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से अनुरोध करते हैं कि वे काम पर लौट आयें, क्योंकि इससे मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं मिलने में दिक्कत आ रही है।

### पीड़िता की पहचान उजागर होने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पीड़िता की पहचान उजागर करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की गयी। कोर्ट ने कहा कि यह घटना दुखद है। सुप्रीम कोर्ट ने एलान किया कि इस घटना के बाद डॉक्टरों की स्थिति को लेकर नेशनल टास्क फोर्स बनाने जा रहे हैं। यह टास्क फोर्स कोर्ट की निगरानी में काम करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सीबीआइ से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट भी तलब की। साथ ही सीबीआइ को तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने तीन हफ्ते के अंदर टास्क फोर्स से रिपोर्ट मांगी।

### पुलिस की कार्रवाई पर भी उठाये सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पुलिस की कार्रवाई और पीड़िता के परिवार को अंधेरे में रखने से जुड़े आरोपों को लेकर भी सवाल पूछे। कोर्ट ने कहा कि ये एक अपराध का मामला नहीं है। इस मामले में एफआइआर दर्ज करने में भी देर हुई। यह अस्पताल की जिम्मेदारी थी कि वह एफआइआर दर्ज कराये। लेकिन देर रात एफआइआर दर्ज करायी गयी। अस्पताल प्रबंधन इस मामले में आखिर कर क्या रहा था? अभिभावकों को भी पीड़िता का शव काफी देर बाद सौंपा गया। कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संदीप घोष को लेकर भी कई सवाल उठाये। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद डरावनी घटना है। प्रिंसिपल ने इस मामले को पहले सुसाइड बताने की कोशिश की। आखिर प्रिंसिपल कर क्या रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आखिर इस मामले के बाद प्रिंसिपल की नियुक्ति दूसरी जगह कैसे कर दी गयी?

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,900 रु./10 ग्राम
चांदी 98,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# इस बार झारखंड का संग्राम होगा रोचक

## ■ एंटरटेनमेंट के साथ सस्पेंस और ड्रामा का डबल डोज

## ■ दिलजलों की भी टोली एक्टिव, नजर कहीं और निशाना कहीं और

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड का विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर में प्रस्तावित है। इस बार झारखंड का विधानसभा चुनाव बेहद रोमांचक होनेवाला है। झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर धीरे-धीरे अब बिसात भी बिछने लगी है। रोमांच के साथ-साथ पूरा एंटरटेनमेंट पैकेज भी है। इस पैकेज में एक्शन भी है, ड्रामा भी है, इमोशन भी है, सस्पेंस भी है तो घर-घर की लड़ाई भी है। टिकटों के लिए दावेदारी भी है, तो दूसरी ओर गणेश परिक्रमा भी है। राष्ट्रीय पार्टियों के टिकट के लिए कोई दिल्ली जाकर सेटिंग कर रहा है, तो कोई लोकल ही सवार है। बरसाती मौसम की तरह कोयले की काली कोठरी से अनगिनत कमानेवाले सफेदपोश भी मैदान में छलांग लगा रहे हैं। वहीं इस चुनाव में दलबदलुओं की भी भरमार देखने को मिलेगी। ऐसे-ऐसे चेहरों के दल बदलने की चर्चा है, जो चार साल तक अपने को पार्टी का सच्चा सिपाही बता-बता कर अपना नाम-दाम बढ़ाने में लगा था। वैसे लोग टिकट नहीं मिलने पर पूरे तामझाम के साथ दल बदलने को तैयार हैं। यदा-कदा मीडिया में उनके बयान भी दिखने लगे हैं कि अगर इस बार पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया, तो वह पार्टी को औकात बता देंगे। ऐसे दलबदलुओं का चेहरा झारखंड की राजनीति और विधानसभा चुनाव को और रोचक बना देगा। इस चुनावी रण में चर्चा भी है, खर्चा भी है, अर्जी भी है, मनमर्जी भी है, आश्वासन भी है, तो छटपटाहट भी है। कोई न्यू कमर लांच होने को बेताब बैठा है, तो कोई स्थापित किरदार उसकी आशाओं की पतंग काटने की तैयारी में है। कहीं-कहीं बुजुर्गियत हिलोरे मार रही है, बुझने से पहले फड़फड़ाना चाह रही है, तो उसी का चेला दावेदार अपनी अरमानों की कैंची से उसके पर कतरने में लगा है। प्रस्तुत है आगामी विधानसभा चुनाव का विशलेषण करती 'आजाद सिपाही' के विशेष संवाददाता राकेश सिंह की रिपोर्ट।**



राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव की अभी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक दल के नेता और कार्यकर्ता इसमें रंगने लगे हैं। राजनीतिक तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इस चुनाव में फिर से जेल वाला चैप्टर खुल सकता है। लेकिन इस बार वह उतना असरदार नहीं होनेवाला। यह जेल वाला चेप्टर ही था, जिसने लोकसभा चुनाव में किसी को हीरो बनाया तो किसी को जीरो। जेल वाला चैप्टर बड़ा ही रोचक रहा। जेल से उपजी सहानुभूति ने विरोधियों को एक तरह से धुल चटा दी। उस दल को भी पछतावा होने लगा कि अरे यह क्या हो गया। कहानी घर-घर की वाला चैप्टर भी लोकसभा चुनाव में खूब देखने को मिला। इसी सहानुभूति ने सीता की ऊंची उड़ान की कल्पना को ध्वस्त कर दिया। और कल्पना ने अकल्पनीय प्रदर्शन का उदाहरण पेश कर दिया। वैसे पतझड़, सावन, बसंत, बहार एक बरस के मौसम चार की बातें भी चुनाव के दौरान हुईं। उस दरम्यान व्यंग्य वाण भी खूब चले और अभी तक वे हवा में तैर रहे हैं। इसी बदलते मौसम में फिलहाल झारखंड में एक दिलजला घूम रहा है। दिल्ली, कोलकाता, रांची घूम कर झारखंड की राजनीति का टेंपरेचर बढ़ा रहा है। वह अपने ऊपर हुए अन्याय की बात कर रहा है। आत्मसम्मान को ठेस पहुंची, ऐसी शिकायत कर रहा है। चिट्ठी लिख बगावत को धार देने की कोशिश कर रहा है। उस दिलजले को यह भरोसा है कि अगर अरमान परवान चढ़ गया, तो कोल्हान के साथ-साथ संथाल भी अपना रंग बदलेगा। वैसे अभी भी कोई सहानुभूति से लैस अस्त्र की धार पजा रहा है, तो कोई अपनी कमियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रहा है। डर सता रहा है कि कहीं दल न बिखर जाये। लेकिन राजनीति में कहीं पे नजर और कहीं पर निशाना चरितार्थ होता है। भाजपा की नजर कांग्रेस पर है, लेकिन निशाना जेएमएम पर लगा रही है। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, सत्ता पक्ष द्वारा किये हुए पुराने वादे फिर से डिमांड में आ रहे हैं। लेकिन इस बार उन्ही वादों पर जरा शुगर कोटिंग चढ़ायी जा रही है। पूर्व में किये गये वादों से पीछा छुड़ाया जा रहा है। और वादों का क्या है, वादा वही जो बार-बार किया जाये। और जो पूरा हुआ, वह वादे नहीं मजबूत इरादे होते हैं। लेकिन विपक्ष ने भी ठाना है, शुगर कोटेड वादों की परतों से शुगर हटाना है। झारखंड की राजनीति में अचानक से देखा गया कि झारखंड भाजपा रेस हो गयी, विधानसभा सत्र में धमाचौकड़ी मचा गयी। रात बितायी विधानसभा के गलियारों में, खबर छपी प्रमुखता से अखबारों में। विरोधियों ने यह प्रचार करना शुरू कर दिया कि हिमंता ने झारखंडी भाजपाइयों को असमी काढ़ा पीला दिया, बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उछलवा दिया। यही नहीं बाबूलाल ने भी हिमंता को संथाल का रास्ता दिखा दिया, गायबथान और बेंगाबाद तक की गलियों में पदार्पण करवा दिया। फिर क्या था हिमंता ने उसी को मुद्दा बना दिया। इस बार भी यह तय है कि झारखंड की सत्ता का द्वार संथाल होकर ही खुलेगा। वैसे उड़ता तीर लेने में कांग्रेसी बड़े माहिर हैं। किसी ने तो सौ-पचास साल से यहां रह रहे बिहारियों को घुसपैठिया बना दिया। राजनीति के शिल्पकारों को लगा कि यह मुद्दा उन्हें एकाएक झारखंड में स्थापित कर देगा। इस मुद्दे के बाद कांग्रेस ने महतो जी के हाथ में कमान सौंप दी। वह कितना कमाल कर पायेंगे यह समय ही बतायेगा। फिलहाल तो ठाकुर जी और गुप्ता जी दूसरों के घर में ताकझांक कर रहे हैं। गुप्ता जी भी पीछे कहां रहनेवाले। उन्होंने तो दूसरों के घर में ताकझांक कर एक को विभीषण तक की उपाधि दे डाली। ऐसा कहते समय वह भूल गये कि विभीषण कब और किसके राज में पैदा हुए थे। अगर वह विभीषण हैं, तो राम कौन है। ठाकुर जी और गुप्ता जी की द्विअर्थी बातों को तीर ने भी अपने निशाने पर ले लिया। तीर ने यह चेतावनी तक दे डाली कि गुप्ता जी और ठाकुर जी अपना घर संभालें। सच्चाई भी तो है, सबसे ज्यादा शंका-आशंका गुप्ता जी और ठाकुर जी की पार्टी में ही तो होती है। ऐसा कहते समय गुप्ता जी और ठाकुर जी शायद यह भूल गये कि दो साल पहले उनके ही दल के कुछ लोग कोलकाता में पकड़ा गये थे। उन्हें जेल तक की हवा खानी पड़ी। पार्टी ने उन्हें सस्पेंड तक कर दिया। पार्टी ने ही यह आरोप लगाया था कि वे बिकने चले थे।

> कहानी घर-घर की वाला चैप्टर भी लोकसभा चुनाव में खूब देखने को मिला। इसी सहानुभूति ने सीता की ऊंची उड़ान की कल्पना को ध्वस्त कर दिया। और कल्पना ने अकल्पनीय प्रदर्शन का उदाहरण पेश कर दिया।

> हिमंता ने झारखंडी भाजपाइयों को असमी काढ़ा पीला दिया, बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उछलवा दिया। यही नहीं बाबूलाल ने भी हिमंता को संथाल का रास्ता दिखा दिया, गायबथान और बेंगाबाद तक की गलियों में पदार्पण करवा दिया।

झारखंड विधानसभा के इस चुनावी दंगल में कुछ लोग पार्टी से भितरघात करने की ताक में भी बैठे हैं।

कुछ लोग हवाबाजों की हवाबाजी निकालने को बेताब बैठे हैं। तो कुछ लोग हवाई सैर कर रहे हैं। न जाने कितने सालों का घाव अंदर दबाये बैठे हैं, मौका मिलते ही पीठ पर खंजर मारने को तैयार बैठे हैं। झारखंड की राजनीति में बड़ा खेला होनेवाला है। इसकी भी तैयारी लोग किये बैठे हैं। कब, कहां और किसकी जमीन खिसक जायेगी, कब किसके साथ खेला हो जायेगा, पता भी नहीं चलेगा। घोषणा के बावजूद टिकट भी तो कट सकता है। खैर झारखंड में एक युवा घूम रहा है। गाड़ियों की छतों पर बैठ भीड़ बटोर रहा है। भाषण दे रहा है।

इसकी बढ़ती लोकप्रियता कई राजनितिक पार्टियों की आंखों में चुभ रही है। जो लोग कभी किसी जाति विशेष की राजनीति के शिरमौर्य बने बैठे थे, आज वे कुछ परेशान से हैं। लेकिन यह चुनाव है। शह-मात का खेल बाकी है। एक से एक धुरंधर बैठे हैं। वैसे में वे पूरी कोशिश करेंगे कि उसके गुब्बारे की हवा निकल जाये। वैसे उस युवा का घर भी कुछ-कुछ दरक रहा है।

वैसे इस चुनाव में सबसे ज्यादा कॉन्फिडेंट कांग्रेसी ही हैं। कब कौन यहां वहां चला जाये, इसकी संभावना हर समय बनी रहती है। वैसे हेमंत तो बहाना हैं, भाजपा को शिकार कांग्रेसियों को ही बनाना है। अब भाजपा वाले कांग्रेस के लोगों से इतनी मोहब्बत जो करते हैं। वैसे हिमंता भी पहले कांग्रेसी ही थे, लेकिन धीरे-धीरे अपने साथ हुई नाइंसाफी और देश प्रेम के उनके जज्बे ने उन्हें भाजपा के नजदीक ला खड़ा कर दिया और वे भाजपा से मोहब्बत कर बैठे। अब वही मोहब्बत वह दूसरों में भी बांटना चाहते हैं। कुछ कांग्रेसी भी असमी राजनीतिक काढ़ा पीने को बेकरार हैं। और कुछ दिन इंतजार कीजिए, काढ़ा अपना रंग धीरे-धीरे ही दिखाता है। वैसे लोगों के पुराने जख्म कुरेदने, उन्हें सत्ता का सब्जबाग दिखाने के लिए चंचल स्वभाववाले लोग भी लगे हुए हैं।

> वैसे इस चुनाव में सबसे ज्यादा कॉन्फिडेंट कांग्रेसी ही हैं। कब कौन यहां वहां चला जाये, इसकी संभावना हर समय बनी रहती है। वैसे हेमंत तो बहाना हैं, भाजपा को शिकार कांग्रेसियों को ही बनाना है।

> खैर झारखंड में एक युवा घूम रहा है। गाड़ियों की छतों पर बैठ भीड़ बटोर रहा है। भाषण दे रहा है। इसकी बढ़ती लोकप्रियता कई राजनितिक पार्टियों की आंखों में चुभ रही है।




## राज्यपाल से मिला लोहार-लोहरा जनजाति समाज का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खतियानी लोहार/लोहरा जनजाति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और पुष्प गुच्छ भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को समाज में उत्पन्न संवैधानिक विसंगतियों से अवगत कराया। साथ ही पूर्व के 1950, 1956 और 1976 के जनजाति आदेश का अनुपालन कराने की मांग की। सभी ने संतोष गंगवार को पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में अधिसूचित लोहार जनजाति के लोगों की खतियानी जमीन की हो रही खरीद-बिक्री के बारे में जानकारी दी और निबंधन रद्द कराने की बात रखी। प्रतिनिधिमंडल ने धारा 46 का सख्ती से अनुपालन कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अतीत कुमार, सचिव फलेंद्र करमाली, विशेश्वर लोहरा, वतन लोहरा सहित अन्य शामिल थे।



## अवैध खनन केस: पंकज मिश्रा ने फिर मांगी बेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन के जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा ने रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) से जमानत की गुहार लगायी है। पंकज मिश्रा की याचिका पर 27 अगस्त को सुनवाई होगी। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची इडी कोर्ट से बेल मांग चुके हैं। लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी।

### इडी ने जुलाई 2022 में पंकज मिश्रा को किया था गिरफ्तार

**बता दें कि सीएम के तत्कालीन विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ भी जब्त कर चुकी है। इतना ही नहीं, इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ नकदी जब्त की थी।**

## मनरेगा कर्मियों को अब तक नहीं मिला सामाजिक सुरक्षा का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के मनरेगा कर्मियों को अब तक सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं दिया जा सका है। ग्रामीण विकास विभाग ने प्रस्ताव जरूर बनाया था, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इस पर मंजूरी नहीं मिल पायी है। सामाजिक सुरक्षा के तहत मनरेगा अंतर्गत सृजित पद के विरुद्ध कार्यरत प्रति कर्मी को राज्य सरकार की ओर से दो वर्ष के लिए पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिये जाने का प्रस्ताव है। वहीं, दुर्घटना से मृत्यु के उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की योजना है। हालांकि, इसे भी अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है।



बताते चलें कि सूबे के पांच हजार से अधिक मनरेगा कर्मी विगत 22 जुलाई से हड़ताल पर हैं। सेवा स्थायीकरण, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर वे राज्यभर में धरना-प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इस वजह से केंद्र प्रायोजित योजना का काम पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। इधर, सरकार ने नियमितीकरण की दिशा में कोई ठोस आश्वासन तो नहीं दिया, पर सामाजिक सुरक्षा का वादा पूरा करने की बात कही। लेकिन अभी तक इसकी भी मंजूरी नहीं मिल पायी है। बता दें कि, झारखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर भी ग्रामीण विकास विभाग ने सामाजिक सुरक्षा देने के मसले पर कहा था कि इसकी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## 1 सितंबर से राजधानी के स्मार्ट मीटर हो जायेंगे प्रीपेड

### जेबीवीएनएल ने उपभोक्ताओं को दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्मार्ट मीटर 1 सितंबर से प्रीपेड मोड पर काम करने लगेंगे। इसके साथ ही जेबीवीएनएल द्वारा नयी व्यवस्था भी लागू कर दी जायेगी। सितंबर महीने से नयी व्यवस्था पूर्णतः लागू हो जायेगी, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो उपभोक्ता बिजली बिल समेत बिजली संबंधी अन्य जानकारी व्हाट्सएप पर ले सकते हैं। वहीं, जेबीवीएनएल के पास जिन उपभोक्ताओं का रजिस्टर्ड व्हाट्सएप नंबर है, उन्हें व्हाट्सएप मैसेज के जरिये इसकी जानकारी दी गयी है। जेबीवीएनएल के मोबाइल नंबर 9431135503 पर व्हाट्सएप से जुड़ सकते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर टॉल फ्री नंबर 1912 या 1800-345-6570 या 0651-2710002 पर संपर्क करें।




जेबीवीएनएल की ओर से रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से उपभोक्ताओं को मोबाइल अपडेट करने की सलाह दी गयी है। साथ ही बताया गया है कि उपभोक्ता निकटतम विद्युत कार्यालय में अपने मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम लिमिटेड की नयी सेवाएं एसएमएम एवं व्हाट्सएप की सुविधा का लाभ मिल सके।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निकटवर्ती विद्युत कार्यालय में उपभोक्ता सिक्योरिटी डिपॉजिट की रसीद को अपडेट करा सकते हैं। रांची में अब तक लगभग 2.61 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किया जा चुका है। यह अब नयी बिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रीपेड मोड में काम करेगा। यानी राशि उपलब्ध रहने तक विद्युत रहेगी। वहीं राशि समाप्त होने या बैलेंस खत्म होने पर विद्युत स्वतः विच्छेदित हो जायेगी।

## अमित अग्रवाल ने इडी कोर्ट से मांगी बेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगायी है। इडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। दरअसल, लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तार हो चुकी है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.17 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.26 बजे |



## राशिफल

ज्योतिर्विद शैलेंद्र | 9905199063

**मेष** शेयर मार्केट या किसी विषय में अत्यधिक लालच से आप धोखे का शिकार होंगे।

**वृष** पारिवारिक क्षेत्र में वैचारिक मतभेद और कलह की संभावना का संकेत मिल रहा है।

**मिथुन** आपको मकान-वाहन की चिंता या हृदय की अशांति का अनुभव होगा। नए प्रेम संबंध बनेंगे।

**कर्क** आयात-निर्यात का कारोबार करते हैं, उन्हें अभी लाभ होगा।जीवन साथी एवं कारोबारी सहयोगी के साथ चल रहे वैचारिक मतभेद खत्म होंगे ।

**सिंह** आँखों की तकलीफ होने की भी संभावना है। आपको आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन होगा।

**कन्या** लंबे समय से जिनको अचल जायदाद अथवा वाहन की खरीद-बेच में मुश्किल अथवा अवरोध आ रहे थे, उनको इस समय अच्छा लाभ होने की संभावना है।

**तुला** मित्रों तथा बुजुर्गों का सहयोग भी मिलता रहेगा। विद्यार्थियों के लिए कुछ अंशों में शुभ समय कहा जा सकता है।

**वृश्चिक** आपकी सार्वजनिक प्रतिष्ठा जोखिम में पड़ सकती है आर्थिक दृष्टि से लाभदायी और परिवार का सहयोग दिलाने वाला रहेगा ससुराल पक्ष से भी लाभ होने की अपेक्षा रख सकते हैं।

**धनु** व्यापार में कोई अच्छा प्रगतिकारक निर्णय लेंगे। नौकरीपेशा वर्ग के लोगों को बॉस का अच्छा सहयोग भी मिलेगा।

**मकर** धार्मिक विषयों में अधिक रुचि रहेगी।सरकारी नौकरी करने वालों को हिसाब-किताब में जागरूक एवं सावधानी बरतनी पड़ेगी।

**कुंभ** आपके व्यवसाय में प्रगति होगी। परंतु स्वभाव में विनम्रता रखना जरूरी है। वाणी में रूखापन न लाएं।परिजनों की ओर से आमदनी होती दिखाई देगी।

**मीन** लंबी यात्रा का योग बन रहा है। इसलिए विदेशगमन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जायदाद के क्रय-विक्रय में लाभ का संकेत मिल रहा है।

### बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर साधा निशाना, कहा

# आदिवासी बेटियों को खुद बचानी होगी इज्जत

**शाहीद अनवर नाम के दरिंदे ने साहिबगंज की 15 वर्षीय नाबालिग से किया दुष्कर्म**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने राज्य के जनजाति समाज से जुड़ी महिलाओं, बेटियों को अपनी इज्जत खुद बचाने को आगे आने को कहा है। राज्य सरकार को भी निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना की एक और बेटी दुष्कर्म की भेंट चढ़ गयी। शाहीद अनवर नाम के दरिंदे ने साहिबगंज की 15 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म किया। इससे आहत होकर पीड़िता ने अपनी जान दे दी। दुमका की बेटी अंकिता, साहिबगंज की बेटी रुबिका पहाड़िया के साथ हुई हैवानियत की रूह कंपा देनेवाली यादें जनता में अभी तक ताजा हैं, साहिबगंज जिले की इस हृदय विदारक घटना ने फिर से उन्हीं जख्मों को कुरेदने का काम किया है।

बाबूलाल के अनुसार, दिलदार अंसारी, मो शाहरुख, शाहिद अनवर जैसे कौम विशेष के दरिंदे गरीब आदिवासी लड़कियों को हवस का शिकार बना रहे हैं। बेटियों को कभी पेट्रोल डाल कर जिंदा जलाया जा रहा है, तो कभी टुकड़ों में काट कर फेंक दिया जा रहा है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बजाय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुस्लिम मोर्चा की सरकार वहशी दरिंदों को बचाने के लिए हमेशा आगे आयी है। मुसलमानों का वोट बैंक खिसकने के डर से हेमंत सोरेन ने कभी भी खुल कर इन शर्मनाक घटनाओं की निंदा तक नहीं की, आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करना तो दूर की बात है।

ताजा प्रकरण में भी मुख्य आरोपी शाहिद अनवर और उसके परिवार के 15- 16 सदस्यों ने पीड़िता और उसके घरवालों के साथ मारपीट कर बर्बाद करने की धमकी दी, फिर आराम से सभी फरार भी हो गये। एकसाथ आरोपी का पूरा परिवार बिना पुलिस प्रशासन के मिलीभगत और सरकार के संरक्षण के फरार नहीं हो सकता। बाबूलाल ने अपील करते कहा है कि आदिवासी समाज को समझना होगा कि मुसलमानों की गोद में बैठकर राजनीति करने वाले हेमंत कभी भी आदिवासी बेटियों को न्याय नहीं दिला सकते। आदिवासी समाज को अपनी बेटियों की इज्जत बचाने के लिए खुद आगे आना होगा।

**क्या है मामला**

**साहेबगंज जिले के राधानगर थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने रविवार को दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसी शाहीद ने 15 अगस्त को उसके साथ दुष्कर्म किया था। 18 अगस्त को पंचायत बैठी। इसमें आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। इसके बाद आरोपित पक्ष पर 1.35 लाख रुपये का दंड लगाया गया जिसे लड़की के परिजनों ने स्वीकार नहीं किया। इसके बाद लड़की ने जान दे दी। आरोपित लड़का और उसके परिजन फरार हैं, पुलिस छापेमारी कर रही है।**

### तमजीद अंसारी हत्याकांड

## मुन्ना बंगाली और शाहजादा को आजीवन कारावास की सजा





**रांची (आजाद सिपाही)। रांची सिविल कोर्ट ने तमजिद अंसारी हत्याकांड के दोषियों मुन्ना बंगाली और मोहम्मद सहजादा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों पर 10 हजार रुपये का हर्जाना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोषियों को छह महीने की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। इस केस का दोषी मुन्ना बंगाली 29 मई 2018 से लगातार जेल में ही है। दरअसल 19 मई 2018 को हिंदपीढ़ी निवासी तमजीद अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक के बेटे रहमान अंसारी ने हिंदपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।**


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना विद्युत (ग.श.) विभाग के लिए खुली निविदाएँ।**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ग.श.) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: (1) **ई-निविदा संख्या:** ईएल-जीएस-टीआरडी-04-2024-25, (2) **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** पतरातू के लिए इलेक्ट्रिकल (टीआरडी) कार्य-200 इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग क्षमा के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधा का विस्तार। **(कार्य समापन अवधि: चौबीस महीना)**, (3) **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू० 72,14,752.55, (4) **बिड सिक्युरिटि:** रू० 1,44,300.00, (5) **ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 10.09.2024 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 10.09.2024 को 11:30 बजे के बाद। (6) **वेबसाईट का विवरण:** वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00931/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24-25/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**जी.ई.एम निविदा सः GEM/2024/B/5296483**
**दिनांक 16/08/2024**

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए ई-निविदा (e-tender) Two Packet System मे आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम तथा स्थान:** तीन वर्षो के लिए धनबाद डिविजन की ट्रेनों के कोचों में टीएलएसी संयंत्रो और प्रणालियों के मार्ग संचालन और समस्या निवारण के लिए अनुबंधित कुशल एसी कोच मैकेनिक द्वारा टीएल, पैंट्री और एसी कोचों की एस्कॉर्टिंग। **2. कार्य का अनुमानित लागत :** रू. 39263576.95/- (तीन करोड़ बेरान्वे लाख तिरसठ हजार पाँच सौ छिहतर रूपये और पंचानवे पैसे मात्र)। **3. बयाना राशि :** रू. 346400.00/- (रूपये तीन लाख छियालिश हजार चार सौ मात्र)। **4. ई-निविदा बंद होने की तारीख तथा समय :** 06/09/2024 को 18:00 बजे तक। **5. ई-निविदा खुलने की तारीख तथा समय:** 06/09/2024 को 18:30 बजे। **6. वेबसाईट विवरण:** https://gem.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता(कोचिंग)/धनबाद**
**पीआर/0929/डीएचएन/एमइसीएच/टी/24-25/36**


# मुख्यमंत्री हेमंत के पास समस्या लेकर पहुंचे लोग, त्वरित समाधान का मिला आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री सोरेन ने खुद व्यक्तिगत रूप से हर व्यक्ति से मिल कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के आदेश दिये। इस पहल से लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली और मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद वे संतुष्ट नजर आये। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा लक्ष्य है कि मूलभूत और बुनियादी सुविधाएं हर गांव और घर तक पहुंचें। पिछले साढ़े चार वर्षों में जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ लागू किया गया है।



उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आदिवासी, मूलवासी, गरीब, किसान, और मजदूर सहित सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास उनकी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि जनहित के कार्यों को जारी रखते हुए राज्य सरकार आमजन के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

# राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना मार्च का आयोजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने किया। इसमें रांची महानगर के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मार्च की शुरूआत बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई जो दादा दादी पार्क स्थित स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर समाप्त हुई।

कार्यक्रम में माल्यार्पण कर महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वर्गीय राजीव गांधी की विचारधारा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत के शिल्पकार, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न राजीव गांधी अपने एक ही कार्यकाल में उन्होंने विदेश नीति, रक्षा नीति, आर्थिक सुधार, महिला और युवा सशक्तिकरण, लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने जैसे बड़े फैसलों पर अपनी व्यापक छाप छोड़ी साथ ही आधुनिक भारत की नींव रखी।


**भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान**
**कटक-753006 (ओडिशा), भारत**
**ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
**Cuttack-753006, Odisha. India**

**विज्ञापन संख्या-23/SRF/2024-25**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "चावल जीनप्रूरुप 'डीएचआर-9' से एक नई प्र्ध्वंस प्रतिरोधी जीन Pi-42 की मैपिंग आधारित क्लोनिंग और कार्यारत्मक लक्षण वर्णन नामक परियोजना (ईएपी-418) के तहत एक (01) वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (एसआरएफ) के चयन के लिए ऑनलाइन साक्षातकार दिनांके 06.09.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संवंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https//icar-nrri.in** पर उपलब्ध है ।

Online-Interview will be held on 06.09.2024 for **selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Map-Based cloning & functional characterization of Pi-42, a novel blast resistant gene from rice genotype 'DHR-9 (EAP418)". The details regarding essential qualificationst age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https//icar-nrri.in**.

**प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR**


# रांची नगर निगम की सभी पेंडिंग योजनाओं को ससमय पूरा करें : हफीजुल हसन

**नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने रांची नगर निगम के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की, दिये निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निगम स्तर की सभी पेंडिंग योजनाओं को ससमय पूरा करें। धरातल पर योजनाओं को उतारने के लिए तीव्र गति से कार्य करें। रांची नगर निगम सबसे महत्वपूर्ण नगर निगम है क्योंकि यह राज्य की राजधानी, रांची शहर की स्वच्छता एवं विकास पर ध्यान देती है। इसलिए इस निगम के अंतर्गत सभी योजनाओं को पूरा करें। उक्त निर्देश नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने रांची नगर निगम के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को दिया।

**आम लोगों की समस्याओं का निदान ससमय हो, यह सुनिश्चित करें :** श्री हसन ने कहा कि राजधानी रांची के नागरिकों को बेहतर सुविधा किस प्रकार प्रदान की जाये, इसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शहर में स्वच्छता को प्राथमिकता देनी होगी। बारिश में नालियां जाम न हों, पथ, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त रहे। यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का निदान त्वरित गति से होना चाहिए।

**बैठक में मंत्री ने ये भी निर्देश दिये :** शहर में ड्रेनेज या जलापूर्ति योजना के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को ससमय दुरुस्त करें ताकि आम लोगों को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित सभी वेलनेस सेंटरों का संचालन सुचारू रूप से करें ताकि मरीजों का इलाज बेहतर तरीके से हो सके। शहरी क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट की मरम्मत करायें। झिरी डंप यार्ड के वेस्ट के निस्तारण प्रक्रिया में गति लायें।

इस बैठक के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 15वें वित्त आयोग, टाउन प्लानिंग, पीएमएवाइ, लाइट, आइटी, डे-एनयूएलएम, ट्रांसपोर्ट, हेल्थ, इनफोर्समेंट, वाटर सप्लाई, एवं अन्य शाखाओं की भी समीक्षा की गयी। इस अवसर पर संयुक्त सचिव ज्योत्सना सिंह, अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सभी सहायक प्रशासक, पीएचइडी के प्रतिनिधि, सभी नगर प्रबंधक, सभी नगर नगर अभियान प्रबंधक, अभियंता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**टीम भावना के साथ काम करने की आवश्यकता: नगर आयुक्त**

**इस मौके पर नगर आयुक्त संदीप सिंह ने कहा कि कैपिटल सिटी के विकास के लिए सभी पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने की आवश्यकता है। रांची नगर निगम, नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए निगम स्तर के सभी सिविल वर्क्स को समय सीमा के अंतर्गत पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।**

## बन्ना ने हेमंत सरकार की नाक काट दी : सरयू राय

**रांची (आजाद सिपाही)। विधायक सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता को लेकर फिर भड़ास निकाली है। सोशल मीडिया पर इसे साझा करते यह भी कहा है कि बन्ना हेमंत सोरेन सरकार की नाक कटाने में लगे हैं। बन्ना गुप्ता को हेमंत सोरेन सरकार का लाड़ला मंत्री बताते हुए कहा है कि वे उनकी नाक कटवाने पर उतारू हैं। सरयू ने कहा है कि कई दिन तक बुलडोजर लेकर गोदामों में उनके खिलाफ सबूत खोजा। फिर दूरबीन लेकर 11 फाइलों में मेरे समय की अनियमितताएं ढूंढीं। कुछ नहीं मिला तो एक फाइल पर ढाई पेज का नोट लिखा है कि विभाग मेरे विरुद्ध एफआइआर करे।**

# सर्वकालिक प्रासंगिक नेता थे राजीव गांधी: डॉ रामेश्वर उरांव

**कहा- उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल पायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म जयंती पर मंगलवार को राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचइसी परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस विधायक दल के नेता व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव राजीव गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रोशन लाल भाटिया, मंजूर अहमद अंसारी ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूरे परिसर में राजीव गांधी अमर रहे,जब तक सूरज चांद रहेगा राजीव तेरा नाम रहेगा नारों से गूंजता रहा। माल्यार्पण के उपरांत श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। श्रद्धांजलि सभा को में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राजीव ने जिस समाजवादी समाज की कल्पना की थी उसे साकार करने की आवश्यकता है। कांग्रेस और राजीव गांधी का स्वप्न था कि संसाधनों के दोहन और धन के संचय के साथ-साथ उसके सही वितरण पर भी ध्यान देना जरूरी है। इस बात पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति दैनिक भोगी मजदूर, सीमांत कृषक, दलित, सभी तक उसका वितरण हो।

**राजीव गांधी का झारखंड से विशेष लगाव था**

आलोक कुमार दुबे ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी विज्ञान और भविष्य की सोच लिये वैज्ञानिक सोच रखने वाले राष्ट्रीय नेता थे और देश और समाज को बदलाव और नवीनता के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना सिखाया। घर-घर मोबाइल बच्चों को कम पैसे में गुणात्मक शिक्षा जैसे अनेक कार्य हैं, जिन्हें देश की जनता कभी नहीं भूल पायेगी। चाहे दूर संचार के क्षेत्र की क्रांति हो, शिक्षा जगत में क्रांति हो, आर्थिक नीति की बात हो स्व राजीव गांधी हमेशा से लोगों के आदर्श रहेंगे। उनके वैज्ञानिक सोच का समर्थक तो क्या विरोधी भी सम्मान करते हैं। समारोह का संचालन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं के लिए आधी सीटें आरक्षित कर देश में बदलाव की मशाल जलायी। युवाओं को सूचना तकनीक के माध्यम से दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने की शक्ति दी। उनके सिद्धांतों पर ही आज देश का युवा वर्ग आगे बढ़ रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि मतदान की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर छात्रों को लोकतंत्र में सीधी भागीदारी सुनिश्चित कर ऐतिहासिक निर्णय लिया। पांच वर्ष के छोटे से प्रधानमंत्रित्व काल में राजीव गांधी का योगदान देश के लिए अविस्मरणीय है। महिलाओं की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कर मील का पत्थर साबित कर दिया। राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक परिवार के संयोजक गोपाल कृष्ण झा ने स्वागत भाषण दिया, सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल प्रसाद ने राजीव के ऊपर रचित कविता पढ़ा तथा जगदीश कुशवाहा ने गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, विनय सिन्हा दीपू, दयामणि बारला, दिनेश यादव, सुषमा कुमारी, प्रभात भगत, गोपाल कृष्ण झा, ठाकुर देवनाथ सिंह, शशिकांत झा, जगदीश कुमार, दिनेश पाठक, अरुण कुमार, शालिनी शर्मा, नेहा सिंह, गोपाल कृष्ण झा, शिव शंकर सिंह, रामाज्ञा पांडेय, डीएन सिंह, तिलकधारी प्रसाद, उमाकांत प्रसाद सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।


**राँची मंडल के तहत सुपर स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति**

**रोजगार सूचना सं. 02/24 (मेड)/एचवीएस/कार्डियोलॉजिस्ट-2024**

राँची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे ने मंडल रेलवे अस्पताल/हटिया में अंशकालिक (4 घंटे/2 दिन/सप्ताह) के लिए अनुबंध के आधार पर ऑनररी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (एचवीएस) के रूप में नियुक्ति की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए या आईआरएचएस आवेदकों की उपलब्धता तक, जो भी पहले हो, नियमों और शर्तों के अनुसार **सुपर स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट** के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। **आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि: दिनांक 08.09.2024 को 18.00 बजे। पद का नाम: सुपर स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट (एचवीएस), पदों की संख्या:** 01 (यूआर-01)। **आयु सीमा:** दिनांक 19.08.2024 को न्यूनतम आयु: 30 वर्ष और अधिकतम आयु: 64 वर्ष। हालांकि, मौजूदा नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। **योग्यता:** सुपर-स्पेशलिस्ट: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पोस्ट डॉक्टरल योग्यता डीएम/एमसीएच या समकक्ष। **मासिक पारिश्रमिक:** सुपर स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट: रु. 30,000/- प्रति माह। **अनुपस्थित रहने पर पारिश्रमिक की कटौती:** सुपर स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट: रु. 3,750/- प्रति दिन। **कामकाजी घंटे:** सप्ताह में 02 दिन, प्रति दिन 4 घंटे। **पोस्टिंग का स्थान:** मंडल रेलवे अस्पताल, हटिया राँची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे। **कार्यकाल:** एक वर्ष। **आवेदन कैसे करेंगे:** इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ यथोचित भरे हुए आवेदन जमा कर सकते हैं और **मंडल रेल प्रबंधक (पी), रांची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे के कार्यालय** में भेज सकते हैं। **चयन की प्रक्रिया:** अपेक्षित कागजातों के साथ सभी प्राप्त आवेदनों की जाँच के बाद, अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को कागजातों के सत्यापन के बाद अनंतिम पत्र जारी किया जाएगा। आवेदक ऊपर उल्लिखित अनुसार प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ जमा करें। **सुपर स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट (एचवीएस)** के लिए कागजात सत्यापन और नियुक्ति की अन्य औपचारिकताओं में उपयुक्त पाए जाने के बाद, नियुक्ति पत्र का अंतिम प्रस्ताव जारी किया जाएगा। यदि आवेदक कागजात सत्यापन के लिए आवेदन के साथ अपेक्षित कागजात प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। **टिप्पणी:** i) विस्तृत नियम और शर्तों तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी अनेक्सर-ए में दी गई है। ii) प्रशासन के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय अधिसूचना/भर्ती प्रक्रिया को वापस लेने/संशोधित करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। iii) किसी भी अद्यतन या बदलाव के लिए कृपया देखें वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** (go to **Division>Ranchi>Department>Personnel>Notification)**

**मंडल रेल प्रबंधक (पी), राँची**

(PR-497)

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
*मुस्कान के साथ सेवा*






# राज्य सरकार के भाषण और शासन में फर्क : सुदेश महतो

**जुगसलाई विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित, विभिन्न दलों के नेताओं ने थामा आजसू का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/जुगसलाई।** राज्य के युवाओं को हर साल पांच लाख नौकरी, स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने का वादा करने वाली सरकार ने अपने वादों को भुला कर जनता को ठगा है। इनके भाषण और शासन में फर्क है। चुनाव के समय अपनी कथनी में कई लोकलुभावन वादें करने वाली सरकार के करनी में अंतर जनता देख रही है। राज्य का विकास नहीं अपने परिवार का विकास ही इनकी प्राथमिकता रही है। डेवलपमेंट जेएमएम के कैरेक्टर में ही नहीं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने काटिन में आयोजित जुगसलाई विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में कहीं। मौके पर उपस्थित हजारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद और दायित्व की शपथ ली। इस दौरान जेएमएम समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। चूल्हा प्रमुख की अवधारणा वोट की राजनीति करने वाले लोगों के समझ से परे है। चूल्हा पर मुख्य रूप में नया नेतृत्व तैयारी करना हमारा उद्देश्य। एक जवाबदेह राजनीति की तैयारी हमारी है। जुगसलाई के हर एक परिवार ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभायी थी। पांच साल पहले जनता ने सोचा था कि क्षेत्रीय सरकार आयेगी तो उनकी समस्याओं का समाधान करेगी लेकिन उन्होंने जनता की समस्याओं और तकलीफों को और बढ़ाने का काम किया है। ग्राम सभा को कमजोर कर इन्होंने जनता को न्याय से भी वंचित किया है। भावनात्मक घोषणाओं के माध्यम से आम गरीब परिवार की भावनाओं से खेल रही है सरकार। हमारी तैयारी हर गरीब परिवार को सम्मान और भरोसे से जीने का अवसर देने की है। गरीबों, वंचितों और शोषितों का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। सरकार अपने कहे अनुसार हर परिवार को पहले 72 हजार रुपये दे उसके बाद 1 लाख रुपये देने की बात कहे।



## राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के लिए सभी चूल्हा प्रमुखों की भूमिका अहम : रामचंद्र सहिस

मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के लिए सभी चूल्हा प्रमुखों की भूमिका अहम है। राज्य समेत जुगसलाई की जनता भी पिछले पांच साल में सरकार द्वारा किये गये कार्यों से त्रस्त है। पार्टी के सभी चूल्हा प्रमुख जुगसलाई को अराजकता के अंधेरे से बाहर निकाल कर विकास के उजियारे की ओर ले जाने का कार्य करेंगे। जुगसलाई की जनता फिर से क्षेत्र को विकास की पटरी पर ले जाने के लिए तैयार है। सरकार की हर वदाखिलाफियों का जवाब इन्हें जनता अपने मत से देगी। इस मौके पर मुख्य रूप पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय प्रशिक्षक स्वप्न सिंह देव, केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, खालिद खलील, रवि शंकर मौर्य, मोहसिन खान, डोमन टुडू, बुलू रानी सरदार, आदित्य महतो ,फनी महतो, चंद्रगुप्त सिंह, सरस्वती सहिष, सत्यनारायण महतो, बादल महतो, नंदू पटेल, अशोक साव, संजय मालाकार, बुधेश्वर मुर्मू उपस्थित थे।

# राजीव गांधी की जयंती पर महिला कांग्रेस ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 80 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कांग्रेस भवन रांची में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंगलवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, रोशन लाल भाटिया, आनादी ब्रह्म, जगदीश साहू, मंजर अंसारी, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा शामिल हुए। स्व राजीव की तस्वीर पर पुष्पमाला देकर नमन किया गया



इसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलित और केक काट कर महिलाएं संकल्प लिया। राजीव गांधी द्वारा शुरू किया गया पंचायती राज के तहत आज पंचायत स्तर पर निर्वाचित महिलाएं समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए राह पर अग्रसर हैं। कार्यक्रम में पंचायती राज एवं महिला कांग्रेस के बहनो राजीव गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आये पंचायती राज से निर्वाचित महिलाओं को अंगनबाड़ी सेविका और साहियका को शॉल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन रांची जिला ग्रामीण महिला अध्यक्ष मेरी तिर्की ने की और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह ने किया। पार्षद डॉ सजदा खातुन, पार्षद किरण देवी, साहीया तारा देवी, वार्ड सदस्य वेरोनिका कच्छप, वार्ड सदस्य मीना देवी, वार्ड सदस्य उषा उरांव को मोमेंटो औ शॉल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य रूप से नीलम सहाय, संगीता टोप्पो, शहनाज खातून, अनीता सिन्हा, कंचन चौधरी, इंद्रानी तिर्की, हीरा केसरिया मिंज, सलोनी कच्छप, खुशबू, संगीता बेक, संध्या देवी, मनिता सिंह, रंजसी टोप्पो, स्मीति नाग, अन्नू बेक आदि उपस्थित थीं।

# बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के असमायोजित 619 कर्मियों को समायोजन के साथ मिलेगी बकाया राशि

**पांच करोड़ होगा खर्च, परिवहन विभाग ने संकल्प किया जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के असमायोजित 619 कर्मियों को भी समायोजन करते हुए उन्हें वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद परिवहन विभाग ने इस आशय का संकल्प जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट, हाइकोर्ट इत्यादि




में दायर विभिन्न रिट याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में सरकार ने यह निर्णय लिया है। इससे पूर्व निगम के लगभग सात सौ से अधिक कर्मियों का समायोजन अन्य विभागों में किया गया था, जिनका बकाये भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। अब वैसे 619 कार्यरत या सेवानिवृत कर्मी जिनका समायोजन नहीं हो सका था उन्हें भी समायोजित करते हुए बकाया इत्यादि का भुगतान किया जायेगा। इसमें पांच करोड़ की राशि व्यय होगी। इसका लाभ एक जुलाई 2004 से 24 अगस्त 2011 के मध्य कार्यरत, सेवानिवृत, 619 कर्मियों को 1 जुलाई 2024 की तिथि के प्रभाव से मिलेगा। इन कर्मियों को अनुमान्य बकाया वेतनादि सहित सेवांत लाभ, जिसमें उपार्जित अवकाश 240/ 300 दिवस के समतुल्य अनुमान्य राशि का भी भुगतान किया जायेगा। बता दें कि, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम का विघटन 1 जुलाई 2004 को किया गया था जिसमें झारखंड अंतर्गत चार परिवहन निगम प्रमंडलीय कार्यालयों, रांची, धनबाद, दुमका एवं जमशेदपुर के अंतर्गत कार्यरत असमायोजित निगम कर्मियों को समायोजित किया जाना है।

# मशाल जुलूस निकाल कर भारत बंद का समर्थन मांगा

**21 अगस्त के भारत बंद को लेकर राज्यभर में अनु0 जाति / जनजाति एवं ओबीसी के सैकड़ों नेतृत्वकर्ता ने मशाल जूलूस निकाल बंद का समर्थन मांगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार शाम को अनुसूचित जाति /अनुसूचित जन जाति ओबीसी के दर्जनों संगठनों के प्रमुख लोगों ने 21 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त 24 को 6-1 से दिया गया न्यायाधेश के आलोक में 21 अगस्त 24 को विभिन्न संगठनों द्वारा भारत बंद के समर्थन में मंगलवार को रांची में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाल कर भारत बंद का अह्वान किया। साथ ही कहा कि बंद शांतिपूर्वक, अहिंसनात्मक होगा। बंद से एंबुलेंस, दूध, अस्पताल आदि सेवाओं को मुक्त रखा गया है। साथ ही लोगों ने सभी दुकानदारों, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, झारखंड बस यूनियन, टेंपो यूनियन सहित सभी से आग्रह किया कि बंद के समर्थन में अपने-अपने प्रतिष्ठान एवं वाहन संचालित बंद कर भारत बंद का समर्थन करें। राजनीतिक दलों से अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों ने अनुरोध करते हुए कहा कि संविधान में कहीं भी वर्गीकरण या क्रीमी लेयर की बात नहीं कही गयी है। संविधान में अनुच्छेद 14, 15, 16 , 341 और 342 से असमानता, शिक्षा को लेकर आरक्षण की व्यवस्था की गयी है कोई गरीबी उन्मूलन के लिए नहीं।




## इन संगठनों का है समर्थन

भारत बंद में निम्न संगठनों ने उपस्थित होकर समर्थन जताया। भारत आदिवासी संगठन, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा, संत रबिदास महासभा, अनुसूचित जाति सामान्य समिति, बीएसएसडब्ल्यूएसी सोसाइटी धुर्वा, समता सैनिक दल शहीद जगदेव वेलफेयर सोसाइटी पासी महासभा, पासवान कल्याण समिति, अखिल भारतीय धोबी महासंघ, संत गाडगे संस्थान, अखिल भारतीय भुईयां महासभा, झारखंड राज्य घासी समाज भीम आर्मी, नायक कल्याण समिति, एससी एसटी ओबीसी पुलिस यूनिट, डॉक्टर अंबेडकर चेतना मंच, मूलवासी संघ छात्र संघ आदि।

# आज अधिकतर स्कूल रहेंगे बंद

रांची (आजाद सिपाही)। भारत बंद को लेकर बुधवार को रांची के अधिकतर स्कूल बंद रहेंगे। इस बाबत डीएवी श्यामली, जेवीएम श्यामली और संत थॉमस सहित अन्य स्कूलों की ओर से बुधवार को छुट्टी रखने की घोषणा की गयी है। कक्षाएं स्थगित रहेंगी।

# कांग्रेस ने भारत बंद का किया समर्थन

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस ने विभिन्न संगठनों की ओर से 21 अगस्त को बुलाये गये भारत बंद का समर्थन करने का निर्णय लिया है। एससी- एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय के जरिये दिया गया निर्णय से एससी- एसटी वर्ग के उत्थान एवं मार्ग में बाधक है, जिसे लेकर सामाजिक संगठनों ने 21 अगस्त को भारत बंद बुलाया गया है। इस संबंध में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने इस भारत बंद को समर्थन देने का निर्णय लिया है। इस बाबत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों, अग्रणी संगठन के विभाग एवं प्रकोष्ठों को निर्देश दिया है कि भारत बंद के दौरान सक्रिय भूमिका अदा करें।

**स्वागत सह अभिनंदन समारोह स्थगित :** 21 को होने वाली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं नवनियुक्त कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत सह अभिनंदन समारोह स्थगित किया जाता है और अब यह स्वागत सह अभिनंदन समारोह 22 अगस्त को होगा।

# ब्रिजफोर्ड स्कूल की महिला कर्मचारी ने पत्थर खदान में कूद कर दी जान

रांची (आजाद सिपाही)। ब्रिजफोर्ड स्कूल की महिला कर्मचारी ने पत्थर खदान में कूद कर आत्महत्या कर ली। यह घटना जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र स्थित ब्लू पौंड के नाम से फेमस पत्थर खदान में मंगलवार को घटी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को खदान से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला ने किस वजह से आत्महत्या की है, इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है। मौके पर कोई सुसाइड नोट की बरामद नहीं हुआ है। दूसरी ओर पुलिस की टीम ने मृतका के परिजनों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की, लेकिन आत्महत्या के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी।

# पटना-पुरी-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब एक दिसंबर तक

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 08439/08440 पुरी-पटना-पुरी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब इस ट्रेन का परिचालन (मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर के रास्ते) पूजा स्पेशल ट्रेन के रूप में 05.10.2024 से 01.12.2024 तक और 9-9 ट्रिप किया जायेगा। गाड़ी संख्या 08439 पुरी-पटना पूजा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को पुरी से 14.55 बजे खुलकर अगले दिन 09.25 बजे पटना पहुंचती है। वापसी में गाड़ी संख्या 08440 पटना-पुरी पूजा स्पेशल प्रत्येक रविवार को पटना से 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 09.45 बजे पुरी पहुंचती है।

# कला संगम दुर्गा पूजा समिति ढिबरी पट्टी अपर बाजार पंडाल का हुआ भूमि पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कला संगम दुर्गा पूजा समिति ढिबरी पट्टी अपर बाजार इस वर्ष दुर्गा पूजा में विशेष साज सजा करेगा। कला संगम दुर्गा पूजा समिति, अपर बाजार मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा पंडाल का मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन मंदिर के मुख्य पुजारी सौरव त्रिपाठी ने करवाया। समिति की ओर से कहा गया कि इस वर्ष भव्य पंडाल का निर्माण किया जायेगा। भूमि पूजन में समिति के मुख्य संरक्षक शंकर दुबे, संरक्षक हीरा लाल साहू, महेंद्र जयसवाल, किशोर साहू, तारा चंद साहू, सिंघासन साहू शामिल हुए। भूमि पूजन में समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता (मंटू), सचिव मनोज साहू, अनमोल सिंह, विजय गुप्ता, प्रभाकर गौतम, अजय मंडल, सुशील साहू, अद्वितीय राज, मिडिया प्रभारी नमन भारतीय, बिनोद साहू, योगेश कुमार शामिल थे।

# झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री आवास का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। मनरेगा कर्मी विगत 30 दिनों से हड़ताल पर बने हुए हैं और कई वर्षों से स्थायीकरण और वेतनमान की मांग कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र झा ने कहा कि अब तक की सभी सरकारों ने मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम किया है। मनरेगा कर्मी दिन-रात एक करके निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करते हैं। इसके बावजूद सरकार उनका अर्थिक शोषण कर रही है। पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी आक्रोशित हैं। मनरेगा कर्मी मुख्यमंत्री के आवास पर तब तक डटे रहेंगे जब तक स्थायीकरण एवं नियमावली में सुधार कर राज्य मनरेगा कोषांग में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिया जाने वाला ग्रेड-पे क्षेत्रीय कर्मियों के लिए लागू न हो जाये। उन्होंने कहा कि राज्य मनरेगा कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मियों को 15.07.2022 से तत्कालीन मनरेगा आयुक्त एवं



विभाग द्वारा ग्रेड-पे लागू किया गया है। जबकि मनरेगा को धरातल पर उतारने वाले क्षेत्रीय कर्मियों के साथ घोर अन्याय किया गया है। तत्काल ग्रेड-पे लागू हो अन्यथा भीषण उलगुलान होगा। गिरिडीह के जिला अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि विगत सत्रह सालों से अल्प मानदेय पर मनरेगा कर्मी निरंतर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, मनरेगा को धरातल पर उतार रहे हैं एवं विभिन्न योजना का लाभ राज्य के ग्रामीणों दे रहे हैं बावजूद सरकार द्वारा मनरेगा कर्मियों के हितों की रक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे 11 सदस्यीय वार्ता टीम को बुलाया गया किंतु अति व्यस्तता के कारण कल 21 अगस्त को सुबह वार्ता के लिए बुलाया गया है।

एक दिवसीय मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद विश्वकर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय, भोक्ता जी, ज्योति किस्पोट्टा, बसंती कुमारी, परिमल देव, सत्यम सिंह, अब्दुल जब्बार, खुर्शीद आलम, ईश्वर साव, गुलाम रब्बानी, मो अब्दुल्लाह, प्रदीप टोप्पो, मुकेश कुमार, दिलीप दास, बालेश्वर रविदास सहित हजारों मनरेगा कर्मी ने उपस्थित थे।

## युवा उद्यमियों की अद्वितीय उड़ान


# सरला बिरला स्कूल ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साल 2024 के यंग एंटरप्रेन्योर ऑफ द इयर चैलेंज में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। अमृतसर में हुए इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्कूल की दो टीमों, टीम कोकोनट और टीम जेन वाइटल ने भाग लिया। इन टीमों ने जूरी के सामने अपने व्यवसायिक योजनाओं को पेश किया। टीम जेन वाइटल ने फिटनेस ट्रैक करने वाला एक ऐप बनाने की योजना बतायी, जबकि टीम कोकोनट ने जैविक और प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों की एक श्रृंखला तैयार की। पूरे भारत के 28 स्कूलों की 51 टीमों में से सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची की दोनों टीमों को उनके नये विचारों के लिए सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। छात्रों को श्रीकांत बोला (सक्षम उद्यमी) से मिलने का भी मौका मिला। जिन्होंने अपनी प्रेरणादायक कहानी से सभी को प्रेरित किया। संपूर्ण विद्यालय को इन छात्रों पर गर्व है। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने इन छात्रों को बधाई दी और उन्हें अपनी योजनाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया।



# झारखंड राज्य सहकारी बैंक के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि पंडरा शाखा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन बैंक की अध्यक्ष बिभा सिंह एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ब्रजेश्वर नाथ ने संयुक्त रूप से किया। नये बैंक भवन उद्घाटन के परिप्रेक्ष्य में अध्यक्ष बिभा सिंह ने ग्राहकों को बताया कि पूर्व में पंडरा शाखा बाजार समिति पंडरा के प्रागंण में संचालित होते आ रहा था। जिसका स्थान परिवर्तन कर मेदिनीनगर मुख्य मार्ग रातू रोड़ पंडरा स्थित सुनैना मार्बल प्रतिष्ठान के उपर भवन में कर दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में सेवानिवृत संयुक्त निबंधक, सहकारिता विभाग, झारखंड के जयदेव सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम उपस्थित सभी अतिथियों को शाखा प्रबंधक पल्लवी राज एवं सहायक प्रबंधक निखिल बंका द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष के आप्त सचिव नीरज कुमार, सहायक पुष्पा सिंह, रेखा तिर्की, बिस्कोमान के पदाधिकारी एपी सिंह मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## भाजपा कोर कमेटी की बैठक, 23 अगस्त को होनेवाली आक्रोश रैली पर चर्चा

# राजनीतिक हालात और विस चुनाव की रणनीति पर मंथन

वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए जुड़े शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्व सरमा, 23 अगस्त को होने वाली आक्रोश रैली पर भी हुई चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा की कोर कमेटी की बैठक प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को हुई। इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा भी जुड़े। बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात और विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया गया। साथ ही 23 अगस्त को होने वाली आक्रोश रैली पर भी चर्चा हुई। आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों के साथ 25अगस्त को प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने की तैयारी पर भी चर्चा हुई।

**चंपाई प्रकरण पर हमलोगों को कोई जानकारी नहीं : अमर कुमार बाउरी**

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने चंपाई सोरेन प्रकरण पर कहा कि अभी तक जो भी चीजें सामने आयी हैं, वह मीडिया के माध्यम से ही आ रही हैं। इससे ज्यादा हम लोगों को कोई जानकारी नहीं है। वह कब आयेंगे नहीं आयेंगे यह निर्णय उनको लेना है। भाजपा की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कहा कि सीएम अपने विधायकों का अपमान कर रहे हैं। हेमंत सरकार पूरी तरह आदिवासी मूलवासी विरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी सरकार साबित हुई है।

### युवा सड़कों पर आक्रोश को व्यक्त करने के लिए तैयार

बाउरी ने कहा कि आज युवा सड़कों पर अपने आक्रोश को व्यक्त करने के लिए तैयार हैं। कोर कमेटी की बैठक में आगामी 23अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाली युवा आक्रोश रैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। कहा कि हेमंत सरकार अपने पहले दिन से जनता को दिग्भ्रमित कर रही। इन्हें जनता की सेवा से कुछ भी लेना देना नहीं। 2 वर्षों तक खजाना खाली का बहाना, फिर कोरोना का बहाना, कभी कुर्सी से हटने का बहाना, केवल बहाने में 5 साल बिता दिया मुख्यमंत्री ने।

एक तरफ युवा 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता के लिए सड़कों पर आ रहा है, वहीं आज भी हेमंत सरकार जेपीएससी, जेएससीसी की परीक्षाओं को भ्रष्टाचार में झोंक रही है, जेपीएससी की कापियां वैसे लोगों से जंचवां रही जो अधिकृत नहीं हैं। इससे फिर एकबार भ्रष्टाचार की कलई खुल गयी है।

### न नियोजन नीति बनायी न नौकरियां दीं

हेमंत सरकार ने 5 वर्षों तक न नियोजन नीति बनायी न नौकरियां दी और न बेरोजगारी भत्ता। भाजपा अध्यक्ष और असम के मुख्यमंत्री को चौहान हेंब्रम के घर जाने पर मुख्यमंत्री की नींद खुली। बावजूद इसके उन्होंने वही दिया उनकी विधवा को जो उनका सरकारी स्तर पर पहले से ही निर्धारित है। गाय बथान में आज भी घुसपैठियों ने आदिवासी परिवारों की जमीन कब्जे में रखी है। कोर्ट का आदेश भी वहां शून्य हो गया है। सीएम लगातार मुद्दों से भटकाने के लिए अनर्गल बयानबाजी करते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि विधायकों को सब्जी वाला खरीद रहा था, किसने आरोप लगाया था। किसने अपने सत्ता पक्ष के विधायकों को जेल में डलवाया था। यदि वह विधायक भ्रष्ट है तो फिर मंत्री बनाकर सम्मानित क्यों किया? हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में आदिवासी मूलवासी की हत्या करवा रही। राष्ट्रवाद और पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को स्वीकार कर पार्टी में आनेवाले के लिए भाजपा का दरवाजा खिड़की सदैव खुले हैं।

**पैसे की राजनीति करने वालों को हर जगह पैसा ही दिखता है: भानू प्रताप**

विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री बतायें, कौन-कौन विधायकों को कितने में खरीदा जा रहा है। पैसे की राजनीति करने वालों को हर जगह पैसा ही दिखता है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद समीर उरांव प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक भानू प्रताप शाही, अनंत ओझा, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह शामिल हुए।

### 22 को शिवराज और 25 को हिमंता आयेंगे रांची

बीजेपी के फायर ब्रांड नेता सह झारखंड के चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 अगस्त को रांची आयेंगे। वहीं असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा 25 अगस्त को रांची आयेंगे।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर प्रेस क्लब की शाम यादगार रही



आजाद सिपाही संवाददाता

झारखंड फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन और रांची प्रेस क्लब की ओर से फोटो प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर झारखंड फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन और रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हो गया। दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में राज्य और पड़ोसी राज्य बिहार के साथ साथ महाराष्ट्र, गुजरात से भी कई प्रतिभागियों ने भाग लिया और विभिन्न घटनाओं की जीवंत तस्वीरें और संदेश देने वाली तस्वीरें पेश कीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा विभाग के मंत्री हफीजुल हसन शामिल हुए। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथियों में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और समाजसेवी कुणाल आजमानी शामिल हुए। प्रतियोगिता में जिकरा अमरीन को प्रथम स्थान पुरस्कार जिन्होंने हालिया कोलकाता में हुए डॉ के साथ रेप की घटना की जीवंत और मार्मिक तस्वीर पेश की। वहीं दूसरा पुरस्कार प्राप्त करने वाले धनबाद के चंदन पॉल ने अपनी तस्वीर में कोल खदानों से कोयला ढो कर लाने वाले नाबालिक बच्चों की तस्वीर पेश की। वहीं तीसरे स्थान पर रहे अभिराज ने अपनी तस्वीर में एक रिक्शा चालक नजर आया, जो पक्षियों के बीच सुकून से बैठा हुआ था। विजयी प्रतिभागीयों को प्रशस्ति पत्र, अवार्ड और नकद पुरस्कार से नवाजा गया। समापन समारोह का संचालन क्लब के एक्जक्यूटिव कमेटी मेंबर आरजे अरविंद ने किया। समारोह में झारखंड के वरिष्ठ छायाकारों को भी स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही साथ भारतीय प्रेस परिषद से सम्मानित उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्रवीण मिश्रा को मिले सम्मान के बाद क्लब में भी अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष सह प्रेस क्लब के संयुक्त सचिव रतनलाल, मनोज श्रीवास्तव, संजय सुमन, सैयद रमीज जावेद, मनोरंजन सिंह, दिनेश शुक्ला, रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद, संजय सुमन सहित कई लोगों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जेपीएससी कार्यालय के बाहर छात्रों का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित करने की मांग

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन की मांग को लेकर मंगलवार को रांची में प्रदर्शन किया गया। 342 पदों के लिए आयोजित परीक्षा में शामिल छात्रों ने जेपीएससी गेट पर दिनभर प्रदर्शन किया। नाराज छात्रों ने सरकार और जेपीएससी से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट आयोग के वर्तमान अध्यक्ष नीलिमा केरकेट्टा के कार्यकाल समाप्त होने से पहले जारी करने की मांग की। आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल 22 अगस्त को समाप्त हो रहा है।

**अगस्त का दूसरा सप्ताह बीत गया, रिजल्ट जारी नहीं किया गया :**

छात्रों का कहना था कि पिछले दिनों आयोग के द्वारा जारी सूचना में कहा गया था कि अगस्त के दूसरे सप्ताह तक रिजल्ट जारी कर सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन किया जायेगा। लेकिन दूसरा सप्ताह बीत जाने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। प्रदर्शन के दौरान जेबीकेएसएस के देवेंद्र नाथ महतो जेपीएससी कार्यालय के समक्ष उपस्थित होकर समर्थन दिया। वहीं प्रदर्शन के दौरान सत्यनारायण शुक्ला, मयांक, सुधीर, चंदन समेत सैंकड़ों छात्र मौजूद थे।

## डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा, कहा

# लेवी का पैसा मांगनेवाले के नंबर का सत्यापन कर प्राथमिकी दर्ज करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता मंगलवार को विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण पर की समीक्षा बैठक की। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय आइजी, डीआइजी, एसएसपी ओर एसपी डीजीपी ने सभी जिलों से विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के लिए पूर्व से भेजे गये एजेंडा विंदुओं की जिलावार समीक्षा की। 1 जनवरी से अब तक राज्य के विभिन्न जिलों में रंगदारी, लेवी वसूलने के उदेश्य से अपराधियों, उग्रवादियों द्वारा संपत्ति का नुकसान करने संबंधी कांडों की समीक्षा करते हुए उनके विरुद्ध दर्ज कांडों में हुई गिरफ्तारी, दर्ज कांड में कितने व्यक्तियों पर आरोप पत्र की स्थिति, कितने व्यक्ति इसमें फरार हैं की विस्तृत जानकारी ली। लेवी का पैसा मांगने वाले के नंबर का सत्यापन कराते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। राज्य के दुर्दांत नक्सलियों एवं अपराधकर्मियों पर घोषित रिवार्ड, संबंधित जिलों के एसपी के द्वारा रिवार्ड घोषित करने का प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नक्सल इलाके को छोड़ राज्य के सभी पुलिसकर्मियों, गृहरक्षकों, जैप एवं सैप सहित अन्य सभी पुलिस पदाधिकारी ओर पुलिसकर्मी को नियमित रूप से नेम प्लेट पहनने का निर्देश दिया।

**महिला, साइबर और एंटी ह्यूमन ट्रैफिक थानों की समीक्षा**

सभी जिलों में कार्यरत महिला थानों की समीक्षा के दौरान महिला थाना में महिला थाना प्रभारी एवं अन्य महिलाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, थाना को संचालित करने के लिए पर्याप्त स्थान, हाजत इत्यादि की आवश्यकता, नियमित रूप से महिला अपराध से संबंधित दर्ज प्राथमिकी की स्थिति, महिला थाना प्रभारी का जिला के अन्य थानों में हो रहे महिला संबंधी अपराधों में उपयोग, महिला थाना में भुक्तभोगी महिलाओं के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का व्यवहार, महिला थानों में मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, प्रिंटर, गाड़ी एवं फर्नीचर इत्यादि की स्थिति की समीक्षा करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**कंट्रोल रूम ऑनलाइन एफआइआर और डायल 112 पर भी चर्चा**

राज्य के सभी जिलों के पुलिस कंट्रोल रूम की स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रभारी मूल-मूत संरचना यथा- कंप्यूटर, टेलिफोन, वाइफाइ कनेक्शन इत्यादि की उपलब्धता, घटना घटित होने पर जिले के थानों द्वारा नियमित रूप से कंट्रोल रूम को सूचित किये जाने, कंटोल रूम के पास वाहन की उपलब्धता, जीपीएस के माध्यम से पेट्रोलिंग गाड़ियों की लोकेशन, कंट्रोल रूम से आईजी, डीआइजी व पुलिस मुख्यालय इत्यादि को स-समय सूचना भेजे जाने का निर्देश दिया।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार संख्या-32304 दिनांक- 17.08.2024, मैं शकुंतला देवी आधार नं0 4619 3445 3187 पति- श्री लखीनारायण पोद्दार धर्म- हिन्दू पेशा- गृहणी निवासग्राम - चितरपुर (जवाहर रोड) पो0- चितरपुर थाना- रजरप्पा जिला - रामगढ, राष्ट्रीयता- भारतीय शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ कि:- 1. यह कि मेरा ही नाम शकुंतला देवी एवं शकुंतला पोद्दार है। 2. यह कि शकुंतला देवी एवं शकुंतला पोद्दार दोनो एक ही महिला है, जो कि मैं स्वयं हूँ। 3. यह कि यह शपथ मै सम्बधित कार्यालय में आवेदन करने हेतु ले रही हूँ। 4. यह है कि उपरोक्त शपथ पत्र में सभी बातें सत्य वा सही है।

सत्यापन

मैं शकुंतला देवी, एतद् द्वारा घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी एंव विश्वास में सत्य व सही है। तद्नुसार आज दिनांक 17 अगस्त 2024 ई0 को स्थान रामगढ मे मेरे द्वारा हस्ताक्षरित एंव सत्यापित किया गया।

## मुख्य सचिव ने सभी सचिवों, प्रमंडलीय आयुक्तों और डीसी को लिखा पत्र

# 30 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगा अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को इस वर्ष 30 अगस्त 15 सितंबर तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत मुख्य सचिव एल खियांगते ने राज्य के सभी सचिवों, प्रमंडलीय आयुक्तों व उपायुक्तों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक-कल्याकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। प्रयास यह किया जाये कि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। इस कार्यक्रम के तहत प्रयास यह हो कि आपके जिले की सभी पंचायतों में कम-से-कम एक शिविर का आयोजन हो सके। इन शिविरों के स्थल, तिथि तथा समय की जानकारी जन-प्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री को भी दी जाये ताकि वे भी इन शिविरों में सुविधानुसार भाग ले सकें।

### शिविरों में क्या-क्या होगा

शिविरों में आम जनों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया जाये एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जाये। इस वर्ष फोकस एरिया के अंतर्गत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर लिये जायें। जिन योजनाओं में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उनमें लाभुकों की प्रतीक्षा सूची तैयार कर ली जाये एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें लाभ प्रदान किया जाये।

### इन योजनाओं पर होगा फोकस

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र

मुख्य सचिव ने कहा है कि इन फोकस एरिया के अलावा सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए आवेदन प्राप्त करना, ऑन-द-स्पॉट परिसंपत्तियों/सरकारी लाभों का वितरण किया जायेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि पूर्व में स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए एक अभियान चलाया गया था। इस अभियान में निर्मित अवितरित जाति प्रमाण पत्रों को लेमिनेट करवाकर इन शिविरों में बांटा जायेगा। साइकिल के लिए भी छात्र-छात्राओं के बीच चेक का वितरण किया जायेगा और डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी। एसएचजी/क्लस्टर सदस्यों के बीच आइडी कार्ड का वितरण, धोती-साड़ी लुंगी का वितरण, कंबल का वितरण किया जायेगा। राजस्व अभिलेखों में संशोधन, आय/ जन्म / मृत्यु प्रमाण-पत्र में संशोधन, आधार/राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत के आवेदन भी लिये जायेंगे। सीएस ने तत्काल समाधान अथवा सात दिनों में निष्पादन का भी निर्देश दिया है।

**विशेष शिविर का होगा आयोजन, सीएम जायेंगे**



मुख्य सचिव ने कहा है कि प्रत्येक जिले के किसी निर्धारित तिथि पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जहां सीएम द्वारा लाभान्वितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। परिसंपत्तियों का बंटवारा किया जायेगा तथा योजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मंईयां योजना के लाभुकों के बीच राशि वितरण, चिन्हित परियोजनाओं का उदघाटन/शिलान्यास भी किया जायेगा। आवेदन प्राप्ति तथा स्वीकृति के लिए शिविर में योजनावार अलग-अलग स्टॉल लगाया जायेगा।

### एसएसपी ने 10 पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

दिनेश कुमार ठाकुर बने सिल्ली के थानेदार

**रांची।** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने 10 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। गोंदा थाना में पदस्थापित दिनेश कुमार ठाकुर को सिल्ली थानेदार बनाया गया है। मनीष कुमार को पंडरा ओपी प्रभारी बनाया गया है। भवेश कुमार को खरसीदाग ओपी प्रभारी बनाया गया है। हीरालाल शाह को अनगड़ा थानेदार बनाया गया है। विकास कुमार सिंह को दलादली टीओपी प्रभारी बनाया गया है। चंदन कुमार गुप्ता को चान्हो थानेदार बनाया गया है। रोशन कुमार को तमाड़ का थानेदार बनाया गया है।

### सीपीआइ ने भारत बंद का किया समर्थन

**रांची।** सीपीआइ झारखंड राज्य परिषद की ओर से राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं जिला सचिव अजय सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि एससी एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय एससी एसटी वर्ग के खिलाफ सामाजिक संगठनों द्वारा 21 अगस्त को सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक संपूर्ण भारत बंद का सीपीआइ पूर्ण समर्थन करता है।

## कार्यालय-पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
-सह-
## जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

स्वच्छ गढ़वा | सुंदर गढ़वा

जल-स्वच्छता संदेश 2024




15 अगस्त 2024 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा की ओर से सभी गढ़वा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को नल (चालित नल) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गढ़वा जिला का कुल लक्ष्य 2,98,535 अदद है, जिसकी उपलब्धि हेतु विभिन्न वृहद एवं लघु ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना से कुल 1,98,241 अदद पूर्ण कर लिया गया है, शेष बचे 1,00,294 अद्द घरों में नल से जल की उपलब्धता हेतु विभिन्न वृहद एवं लघु ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसे वित्तिय वर्ष 2025 तक शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के तहत किये जा रहे कार्यों के उपलब्धि, समाज में व्यवहार परिवर्तन, पेयजल की गुणवता की जांच, पेयजल को शुद्ध बनाये रखने हेतु राज्य स्तर से नामित ISA के माध्यम से प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत गढ़वा जिला के सभी लक्षित ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) Phase & II के तहत शेष बचे IHHL का निर्माण किया जा रहा है, एवं पुनः छुटे हुए लाभुकों को IHHL निर्माण हेतु विभिन्न दैनिक समाचार पत्रें के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रकाशित कर लाभुकों को Online हेतु https://sbm-gov-in/sbmphase2/homenew-aspx वेबसाईट के लिंक द्वारा आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, ठोस कचरा का उचित निपटारा के लिए प्रखण्ड स्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई हेतु प्रखंड स्तर पर छः अदद यथा गढ़वा, चिनियाँ, रमकंडा, भण्डरिया, मेराल एवं भवनाथपुर पूर्ण कर लिया गया है, एवं पंचायत स्तरीय प्लास्टिक सेग्रीगेशन शेड गढ़वा जिले सभी पंचायतों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसे वित्तिय वर्ष 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। गोबरधन योजना के तहत गोबर गैस प्लांट के अधिष्ठापन गढ़वा प्रखण्ड के जाटा पंचायत के ग्राम जाटा एवं बिशुनपुरा प्रखंड के पंचायत पिपरी कला के ग्राम पिपरी खुर्द में निर्माण कार्य पूर्ण है। जिले के सभी ग्रामों को 5 स्टार मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत 45 ग्रामों को 5 स्टार मॉडल ग्राम में विकसित किया गया है।

अतः सभी गणमान्यजनों, पंचायत के जनप्रतिनिधि, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ईत्यादि से अनुरोध है, कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें।

पत्रांक : 646/SBMCG गढ़वा
दिनांक : 14.08.2024

कार्यपालक अभियंता
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा

# दोष कानूनों में नहीं, उन्हें लागू करनेवाले सिस्टम में

इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि हमारे देश में महिलाओं का शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न लगातार जारी है। जब तक कोई इतनी गंभीर और जघन्य हिंसक घटना न हो जाये, जिसमें किसी पीड़िता की मौत या वह बुरी तरह घायल न हो जाये, तब तक लोगों का ध्यान उस घटना की ओर नहीं जाता। एक बात यह भी है कि इस तरह की अमानवीय घटनाओं के मामले में राजनीतिक फायदे के लिए आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला हमेशा जारी रहता है। आरोपियों को बचाने के लिए किसी तरह से मामला लटकाने की कोशिश की जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि सबूत गायब हो जाते हैं और मामले कमजोर पड़ जाते हैं। आखिर हमारे समाज में हिंसा की इतनी अधिक भावना आयी कहां से? क्यों ऐसा है कि एक छोटी बच्ची से लेकर बड़ी आयु की महिला तक के साथ इस प्रकार की दरिंदगी की जा रही है। इसका कारण यह है कि हमारा समाज पितृ प्रधान बन गया है। इसमें पुरुष जो चाहते हैं, वही होता है। कामकाजी महिलाओं के बारे में हमारे समाज में यही समझा जाता है कि वे 2-4 वर्ष काम करने के बाद शादी करके घर पर बैठ जायेंगी। एक बंधी-बंधाई विचारधारा सी बन गयी है, जिसमें हमारा समाज महिलाओं को समानता का अधिकार नहीं देना चाहता। वास्तव में महिलाओं का शोषण घर से ही शुरू होता है। पढ़ाई-लिखाई, अधिक स्वतंत्रता तो दूर की बात है अपने शरीर, समय और विरासत पर भी कोई अधिकार समाज उसे नहीं देना चाहता। इस तरह के हालात में उचित रूप से यह पूछा जा सकता है कि इस समय कोलकाता के सरकारी कॉलेज में बलात्कार की शिकार डाक्टर युवती के पक्ष में प्रदर्शन करने वाले पुरुष और महिलाओं के साथ ममता बनर्जी प्रदर्शन क्यों कर रही हैं। सरकार भी उनकी, पुलिस भी उनकी तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। हर बार जब भी बलात्कार का कोई केस होता है, तो उसकी थोड़ी-बहुत चर्चा मीडिया में आती है, परंतु अंत में मीडिया वाले तथा अन्य सभी चले जाते हैं और केवल न्याय के लिए तरस रही पीड़िता तथा उसके परिवार वाले ही अकेले रह जाते हैं। उलटे पीड़िता पर ही सवाल उठाये जाते हैं कि वह देर से घर से निकली होगी, परिधान ठीक नहीं पहने होंगे, वह अमुक जगह क्यों सो रही थी, जैसा कि कोलकाता के अस्पताल बलात्कार कांड में हुआ है। जहां कॉलेज प्रबंधन ने महिला डाक्टरों के रहने के लिए कमरा नहीं बनवाया था, जबकि पुरुष डाक्टरों के लिए यह व्यवस्था थी। यहां तक कि महिला डाक्टरों के लिए बाथरूम तक नहीं था। यदि सुविधाएं ही नहीं होंगी, तो महिला सुरक्षा संबंधी कानून कैसे लागू किये जा सकेंगे? भारत में प्रति घंटे बलात्कार के 4 केस होते हैं जबकि केस केवल 30 प्रतिशत मामलों में ही चलते हैं। ऐसे हालात में लोग महिलाओं को सम्मान देना कहां से सीख पायेंगे?

**हर बार जब भी बलात्कार का कोई केस होता है, तो उसकी थोड़ी-बहुत चर्चा मीडिया में आती है, परंतु अंत में मीडिया वाले तथा अन्य सभी चले जाते हैं और केवल न्याय के लिए तरस रही पीड़िता तथा उसके परिवार वाले ही अकेले रह जाते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गयी है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नयी किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है, जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किये जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा।**

# भारतीय कृषि का अमृतकाल



**शिवराज सिंह चौहान**



**मोदी सरकार में किसान को सशक्त बनाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक हर वह फैसला लिया, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाये। उनकी मुश्किलें कम करे और मुनाफा बढ़ाये। इसी कड़ी में एक लाख करोड़ रुपये की एग्री इन्फ्रा फंड के जरिये कृषि से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। पूरे देश में 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र किसान और विज्ञान को जोड़ रहे हैं।**

कृषि विकास और किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्न के माध्यम से हमारे जीवन संचालन के सूत्रधार अन्नदाता के जीवन में सुख-समृद्धि लाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनायी है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी हैं अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की 109 नयी किस्मों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित किया है।

बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गयी है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नयी किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है, जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किये जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा।

**कृषि सखियों को प्रशिक्षण देने के पहले चरण में अब तक 35 हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।**

किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे, तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। नरेंद्र मोदी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है। जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नयी किस्में जारी की गयी हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गयी हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है।

हमारा संकल्प है कि किसान के परिश्रम का उचित मूल्यांकन हो और उन्हें फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में है और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो। आज भारत नयी हरित क्रांति का साक्षी बन रहा है। हमारे अन्नदाता ऊजार्दाता तथा ईंधनदाता भी बन रहे हैं। पीएम मोदी के प्रयासों से खेती के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय खेती, फूलों-फलों की खेती सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों को सशक्त बनाया जा रहा है।

पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में कृषि और किसान रहे ही नहीं, जबकि पीएम मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्ष 2013-14 में कृषि मंत्रालय का बजट 27 हजार 663 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़ कर 1 लाख 32 हजार 470 करोड़ रुपये हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है। कृषि से संबद्ध क्षेत्रों और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए अलग बजट है। मोदी सरकार किसानों को यूरिया और डीएपी सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है। यूरिया पर सरकार किसानों को करीब 2,100 रुपये सब्सिडी, जबकि डीएपी के एक बैग पर 1083 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसान स्वावलंबी और सशक्त हुआ है। फसलों के नुकसान पर भी फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच है।

मोदी सरकार में किसान को सशक्त बनाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक हर वह फैसला लिया, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाये। उनकी मुश्किलें कम करे और मुनाफा बढ़ाये। इसी कड़ी में एक लाख करोड़ रुपये की एग्री इन्फ्रा फंड के जरिये कृषि से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। पूरे देश में 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र किसान और विज्ञान को जोड़ रहे हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिये टेक्नोलाजी से दूरदराज की हमारी माताओं-बहनों को भी जोड़ा जा रहा है। कृषि सखियों को प्रशिक्षण देने के पहले चरण में अब तक 35 हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत कृषि में आत्मनिर्भर बने। इस दिशा में भी रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में हम 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 निर्यात केंद्रित बागवानी क्लस्टर बनायेंगे। किसानों के लिए मंडी तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए 1500 से अधिक मंडियों का एकीकरण किया जायेगा। साथ ही 6,800 करोड़ रुपये की लागत से तिलहन मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने की भी तैयारी है। इससे छोटे किसानों को सब्जियों-फल और अन्य उपज के लिए नये बाजार और बेहतर दाम मिलेंगे। सरकार ने यह संकल्प भी लिया है कि दलहन फसलों में तुअर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद एमएसपी पर की जायेगी।

यजुर्वेद में उल्लिखित है 'अन्नानां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमः' अर्थात अन्न के स्वामी और खेतों के स्वामी अन्नदाताओं को नमन। कृषि पराशर में भी उल्लेख है - अन्न ही प्राण है, अन्न ही बल है एवं अन्न ही समस्त प्रयोजनों का साधन है। किसानों के बिना इस देश का अस्तित्व ही अधूरा है। इसलिए हमारे प्राचीन शास्त्रों में भी किसानों को प्रणाम किया गया है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसका आत्मा। हमारे लिए किसान की सेवा भगवान की पूजा है। आज प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घकालिक विजन तथा सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी, समावेशी और समग्र विकास वाले सोच के साथ भारत एवं भारतीय कृषि निरंतर आगे बढ़ रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे किसान भाई-बहन आजादी के अमृतकाल में आत्मनिर्भर भी बनेंगे और समृद्ध संपन्न होने के साथ-साथ देश के अन्न भंडार भरते रहेंगे।

**(लेखक भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# महाराष्ट्र में बच्चियों का यौन शोषण, 3 सस्पेंड

## पुलिस का भीड़ पर लाठीचार्ज, रेलवे स्टेशन खाली कराया, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के बीच ठाणे के बदलापुर में एक स्कूल में 3 और 4 साल की दो बच्चियों के यौन-शोषण का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गुस्साई भीड़ और पुलिस के बीच मंगलवार को झड़प हुई। भीड़ ने पहले स्कूल में तोड़फोड़ की, उसके बाद बदलापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें रोकीं। पुलिस ने लाठीचार्ज कर रेलवे ट्रैक खाली कराया। भीड़ सुबह से रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर जमा थी। इससे लोकल ट्रेनों की आवाजाही रुकी थी। इससे पहले पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, जिसके बाद लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। घटना में कई लोग घायल हुए हैं।



बता दें कि 23 साल के आरोपी ने 16 अगस्त को स्कूल के बाथरूम में बच्चियों का यौन-शोषण किया था। बच्चियों के पेरेंट्स ने एक दिन बाद (17 अगस्त) एफआइआर दर्ज कराया। पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी अक्षय शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। इलाके की महिला इंस्पेक्टर शुभदा शितोले का ट्रांसफर कर दिया गया है। स्कूल प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला कर्मचारी को निलंबित किया गया है।

### आरोपियों पर दुष्कर्म की कोशिश का मामला दर्ज करें : एकनाथ शिंदे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में दो छात्राओं के यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जांच तेजी से की जायेगी और एक विशेष सरकारी वकील नियुक्त की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैंने ठाणे के पुलिस आयुक्त से बात की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मैंने मामले की जांच तेजी से करने और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास और पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने को कहा है।'

# अजमेर सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को उम्रकैद, 5-5 लाख का जुर्माना लगाया

- 32 साल पहले 100 छात्राओं के साथ गैंगरेप किया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**अजमेर।** अजमेर में 32 साल पहले हुए देश के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को जिला अदालत ने 20 अगस्त, मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनायी। इसके साथ ही उन पर 5-5 लाख का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने नफीस चिश्ती (54), नसीम उर्फ टार्जन (55), सलीम चिश्ती (55), इकबाल भाटी (52), सोहिल गनी (53), सैयद जमीर हुसैन (60) को उम्रकैद की सजा सुनायी। सजा सुनाते वक्त सभी 6 दोषी कोर्ट में थे। एक आरोपी इकबाल भाटी को एंबुलेंस से दिल्ली से अजमेर लाया गया था। स्कैंडल के वक्त इन सभी की उम्र 20 से 28 साल थी।



सोहेल गनी | नफीस चिश्ती | जमीर हुसैन | सलीम चिश्ती | इकबाल भाटी | नसीम उर्फ टारजन

साल 1992 में 100 से ज्यादा कॉलेज गर्ल्स के साथ गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था। कई छात्राओं ने बदनामी के डर से सुसाइड कर लिया था। तत्कालीन सरकार ने यह केस सीआइडी-सीबी को सौंपा था।

मामले में 18 आरोपी थे। 4 सजा भुगत चुके हैं। 4 को हाइकोर्ट दोष मुक्त कर चुका है। एक ने 30 साल पहले केस के दौरान ही सुसाइड कर लिया था। दो आरोपियों पर लड़के से कुकर्म का केस चला, इसमें एक सजा भुगत चुका है और एक पर केस चल रहा है। एक आरोपी फरार है और 6 पर फैसला आज आया है। बता दें कि इस ब्लैकमेल कांड पर एक फिल्म भी बन चुकी है। इस केस में 104 लोगों ने गवाही दी, 3 पीड़िताएं अपने बयान पर आखिर तक डटी रहीं। कोर्ट ने 208 पेज का फैसला सुनाया है।

# 31 अगस्त से आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक

## बड़े मुद्दों पर लिया जा सकता है फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय समन्वय बैठक इस वर्ष केरल के पलक्कड़ में होगी। 31 अगस्त से शुरू होने वाली यह तीन दिवसीय बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसमें आगामी चुनावों सहित राष्ट्रीय संदर्भ के बड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हो सकता है। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी भाग ले सकते हैं।




गत लोकसभा चुनाव में उनके एक बयान से भाजपा-आरएसएस में कुछ मतभेद होने की खबरें आयीं थीं, लेकिन दोनों ही संगठनों के शीर्ष नेताओं ने इससे इनकार किया था। इस बैठक में दोनों संगठनों में बेहतर समन्वय को लेकर भी विचार-विमर्श हो सकता है। आरएसएस के प्रमुख पदाधिकारी सुनील आंबेडकर ने बताया है कि इस बैठक में राष्ट्रीय महत्त्व के विभिन्न विषयों, हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं और अन्य विषयों के संदर्भ में चर्चा होगी। आरएसएस के सभी अनुषांगिक संगठन विविध विषयों पर परस्पर सहयोग को और अधिक बढ़ाने हेतु आवश्यक उपायों पर भी चर्चा करेंगे। इस बैठक में आरएसएस सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे। सामान्यतः यह बैठक वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष यह बैठक सितंबर 2023 में पुणे में हुई थी।

# किरण चौधरी, रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यसभा भेजेगी भाजपा, नौ उम्मीदवारों की सूची जारी




**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की ,सूची जारी कर दी है। किरण चौधरी, रवनीत सिंह बिट्टू को भाजपा ने राज्यसभा भेजने का फैसला लिया है। पार्टी ने कुल नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इसमें असम से मिशन रंजन दास, रामेश्वर तेली, बिहार से मनन कुमार मिश्र, हरियाणा से किरण चौधरी, मध्य प्रदेश से जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल, ओड़िशा से ममता मोहंता, राजस्थान से रवनीत सिंह बिट्टू और त्रिपुरा से राजीब भट्टाचार्य शामिल हैं। **21 अगस्त को नामांकन का अंतिम दिन** : नौ राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों के लिए 3 सितंबर को उपचुनाव होना है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। केंद्रीय मंत्रियों पीयूष गोयल, सबार्नंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत मौजूदा सदस्यों के लोकसभा सांसद के तौर पर निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा की 10 सीटें खाली हो गयी थीं। वहीं बाद में राज्यसभा के दो सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था।

# महामंडलेश्वर महायोगी पायलट बाबा का निधन

## जूना अखाड़े की सभी शाखाओं में तीन दिन का शोक घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**देहरादून।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर पायलट बाबा का मंगलवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी मौत की खबर से पूरे संत समाज में शोक की लहर है। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरी गिरी महाराज के निर्देश पर जूना अखाड़े की पूरे प्रदेश में स्थित सभी शाखाओं, आश्रमों और मुख्य पीठों पर शोक सभा एवं शांति पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जूना अखाड़े ने तीन दिन का शोक घोषित किया गया है। इन तीन दिनों में पायलट बाबा की आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ हवन तथा विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। बता दें कि पायलट बाबा का जन्म बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में एक राजपूत परिवार में हुआ था। इनका पुराना नाम कपिल सिंह था। बाबा काशी हिंदू विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उनका भारतीय वायु सेना में चयन हुआ। बाबा यहां विंग कमांडर के पद पर थे। बाबा 1962, 1965 और 1971 की लड़ाइयों में सेवा दे चुके हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।



**सेना की लड़ाई से दूर शांति और अध्यात्म की तरफ प्रवृत्त हो गये थे बाबा :** बाबा बताते हैं कि सन 1996 में जब वे मिग विमान भारत के पूर्वोत्तर में उड़ा रहे थे, तब उनके साथ एक हादसा हुआ था। उनका विमान से नियंत्रण खो गया। उसी दौरान बाबा को उनके गुरु हरि गिरी महाराज का दर्शन प्राप्त हुए और वे उन्हें वहां से सुरक्षित निकाल लिये। यही वो क्षण था, जब बाबा को वैराग्य प्राप्त हुआ और वे सेना की लड़ाई से दूर शांति और अध्यात्म की तरफ प्रवृत्त हो गये।

**बॉलीवुड में भी अभिनय कर चुके पायलट बाबा :** संन्यास लेने से पहले बाबा कुछ दिन तक बॉलीवुड से भी जुड़े रहे, उन्होंने 'एक फूल दो माली' में अभिनय भी किया। वे बॉलीवुड की कई नामचीन हस्तियों के साथ काम कर चुके हैं। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री मनीषा कोइराला के आध्यात्मिक गुरु बाबाजी ही हैं।

# दो दिन पूर्व ढाई साल की बच्ची के दफनाये गये शव को कोर्ट के आदेश से पुलिस ने निकाला

**परिजनों का आरोप : चार माह पूर्व ब्याह कर आयी सगी चाची ने कीटनाशक पिला कर ले ली बच्ची की जान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को थाना पुलिस ने दो दिन पूर्व ढाई साल की बच्ची का दफनाया गया शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मेराल पूर्वी के मधुरी टोला निवासी सकेंद्र साह की ढाई वर्षीय पुत्री आकृति कुमारी की मौत 17 अगस्त को गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी थी। घर आने के बाद परिजनों द्वारा उसे दफना दिया गया। दूसरे दिन घर में जांच पड़ताल के बाद बाहर खेत में एक कीटनाशक दवा का डब्बा पाया गया। घर के सभी सदस्यों से सख्ती से पूछने के बाद पता चला कि चार माह पूर्व ब्याह कर आयी मृतिका की सगी चाची रानी देवी ने कीटनाशक दवा पिलायी थी। इसको लेकर मृतिका की मां किरण देवी द्वारा थाना में आवेदन देकर अपनी बच्ची आकृति की हत्या का आरोप चाची रानी पर कीटनाशक दवा पिला कर करने का लगाया गया है। आवेदन पर प्राथमिक दर्ज करने के बाद थाना पुलिस द्वारा दफनाया गया शव को निकालने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगा गया। अनुमति मिलने के बाद मजिस्ट्रेट के रूप में सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णु कांत, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक सिन्हा, पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार, हरिशंकर ओझा, आशीर्वाद महतो, मुखिया रामसागर महतो मुखिया पति मुन्ना राम तथा मृतक बच्ची के परिजनों की उपस्थिति में हड़ही पहाड़ की तलहटी में दफनाया गया शव को निकाला गया।

मृतिका आकृति के पिता सकेंद्र साह तथा उसकी दादी बसंती कुअर ने बताया कि उसकी सगी चाची तथा वीरेंद्र साह की पत्नी रानी देवी द्वारा कीटनाशक पिला दिया गया था, जिससे उसकी मौत हो गयी। सकेंदर ने बताया कि बच्ची को दफनाने के 1 दिन बाद सच्चाई सामने आया, इसके बाद घटना की लिखित शिकायत मेराल थाना में की गयी है।

### कोर्ट के आदेश से शव को निकाला जा रहा है : सीओ

इस संबंध में प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट सीओ यशवंत नायक ने बताया कि कोर्ट के आदेशानुसार मृतक बच्ची आकृति के शव को चिकित्सक की उपस्थिति में निकाल कर पोस्टमार्टम हाउस गढ़वा भेज दिया गया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत में कहा कि मृतक बच्ची आकृति की मां किरण देवी के आवेदन पर कोर्ट के आदेश से दफनाया गया शव को निकाला गया, इसके बाद डॉक्टर की टीम द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरा करने के बाद कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कई बिंदुओं पर गहनता पूर्वक की जायेगी।

# युवा विरोधी झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी: रितेश चौबे


आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा डंडा मंडल की बैठक नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष नंदु चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी और जिला मिडिया प्रभारी सह मंडल प्रभारी रितेश चौबे ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष नंदु चौधरी को पदभार ग्रहण कराया। बैठक में हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ने का संकल्प लिया गया। आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए सैकड़ों कार्यकर्ता रांची जायेंगे। साथ ही 21 अगस्त को गढ़वा जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस में शामिल होने का निर्णय लिया गया।

मौके पर भाजपा जिला मिडिया प्रभारी सह डंडा मंडल प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि युवा विरोधी झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा संकल्प जरुरी है। जिस तरह से झामुमो ने युवाओं महिलाओं गरीब जनता को धोखा दे कर सत्ता हासिल किया इससे जनता में भारी आक्रोश है झारखंड में चारों तरफ लुट मचा हुआ है जनता त्राहि-त्राहि कर रही है गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र लुट का प्रमुख केंद्र बन चुका है माफिया राज गुंडाराज खुलेआम चल रहा है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड की हालत बद से बद्तर स्थिति में हो चुका है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदु चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सत्ता हटाना जनता का पहला कर्तव्य है चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है। कार्यक्रम का मंडल उपाध्यक्ष डॉ रामलाल मेहता ने किया। मौके पर भाजपा नेता यदु चौधरी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शोभा देवी, सकेंद्र चौधरी, बीरेंद्र साव, विरेंद्र सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भवनाथपुर प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के वयोवृद्ध डीलर जगदीश गुप्ता का निधन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के वयोवृद्ध डीलर जगदीश प्रसाद गुप्ता का निधन मंगलवार के अहले सुबह में हो गयी। वे पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। उनकी निधन की खबर सुनकर प्रखंड डीलर संघ के सदस्यों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। जानते चले कि जगदीश प्रसाद गुप्ता सन 1985 से जविप्र डीलर के रूप में कार्य कर रहे थे, अपनी 40 वर्षो के दौरान वे लाभुको के बीच काफी लोकप्रिय होने के साथ ही लाभुको के बीच ससमय राशन वितरण करने के लिए जाने जाते थे। उनका अंतिम दाह संस्कार रजदहवा नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र शंकर गुप्ता ने दिया। उधर डीलर की निधन की खबर सुनकर बीडीओ नंदजी राम, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष सह झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, डीलर अशोक पाठक, कमलेश बैठा, दशरथ बैठा, सरजू राम, रामप्रवेश राम, नंदकिशोर सिंह, अभय चौबे, संजय राम आदि ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

## सम्मान समारोह सह कार्यसमिति की बैठक का आयोजन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय कांडी के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह सह कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रभारी विरेंद्र दुबे उर्फ वीर दुबे थे। नव मनोनीत भजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे के सम्मान में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मंडल कार्य समिति सदस्य, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, संयोजक व सहसंयोजक मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 23 अगस्त को मोरहाबादी रांची में आयोजीत आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा किया गया। कांडी मंडल से लगभग 500 भाजपा कार्यकर्ता आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए रांची जायेंगे। बैठक में भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम लाला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, मुखिया ललित बैठा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमरेश चंद्र, महामंत्री भोला मेहता, सीताराम तिवारी, ललन राम, भोला पांडेय, सुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कांडी थाना में एफआइआर के 19 दिन बाद भी लड़की का नहीं मिला सुराग

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के भुड़वा गांव निवासी एक लड़की के जयनगरा मिडिल स्कूल जाने के दौरान गायब होने के 22 दिन बाद भी कुछ पता नहीं चला। कांडी थाना पुलिस को भी एफआईआर के 19 दिन बाद भी लड़की का कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि पुलिस ने उस नाबालिग लड़की के अपहरण व पोक्सो एक्ट के मामले में जयनगरा गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर 3 अगस्त 2024 शुक्रवार को ही जेल भेज दिया है। इस मामले में लड़की के पिता ने 2 अगस्त 2024 गुरुवार को अपनी लड़की के अपहरण करने व प्यार के जाल में फंसाने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया था। कांडी थाना क्षेत्र के खरौंधा पंचायत अंतर्गत भुड़वा गांव की एक नाबालिग लड़की 30 जुलाई मंगलवार की सुबह से लापता है। लड़की के पिता ने थाना में आवेदन देकर जयनगरा गांव निवासी सुभाष पासवान के पुत्र धीरज कुमार पासवान 19 वर्ष के खिलाफ अपनी लड़की का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर थाना ले गयी। पूछताछ करने व मोबाईल की जांच करने पर लड़की के साथ उस लड़के की जान पहचान व प्रेम संबंध होने का साक्ष्य मिला था। उसके बाद पुलिस ने उक्त लड़का को 3 अगस्त को जेल भेज दिया था। लेकिन अभी तक उक्त लड़की का कोई पता नहीं चल सका।

# एसबीआइ से कृष्णा राम को मिला पीएम सुरक्षा बीमा के तहत दो लाख का चेक

आजाद सिपाही संवाददता




**रंका।** रंका भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा ग्राम कंचनपुर निवासी नोमिनी कृष्णा राम को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये का चेक दिया गया। यह चेक रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, राजेश मुंडा मुख्य प्रबंधक वितीय समावेशन और शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार मिश्रा के हाथों प्रदान किया गया। बताते चलें कि कृष्णा राम के पुत्र तत्कालीन अंचल पदाधिकारी के ड्राइवर राकेश कुमार रवि की मौत हो गयी थी, जिन्होंने एसबीआई रंका में बीस रुपये सालाना पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना कराया था, जो बीमा क्लेम के तौर पर दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएसपी संचालकों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य प्रबंधक वितीय समावेशन राजेश मुण्डा ने कहा कि सीएसपी संचालक जिस गांव में सीएसपी केंद्र है वहां पर ही केंद्र का संचालन करें, ताकि वहां के ग्रामीण जनता को बैंक का लाभ मिल सके। साथ ही सीएसपी के द्वारा खाता खोलना, लेन देन करना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना का लाभ भी दिलाने का काम करें। उन्होंने कहा कि सीएसपी संचालक केंद्र का नाम, ग्राम, कोड, मोबाइल नंबर लिखें, आईडी कार्ड लगाये और ग्राहकों के बैठने, पानी पीने की व्यवस्था रखें एवं किसी थर्ड व्यक्ति को नहीं सौपें, नहीं तो कोड निरस्त कर दिया जायेगा। इसे प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने भी संबोधित किया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक दिलीप मिश्रा, सत्य प्रकाश पांडेय, सहायक सुधांशु प्रताप सिंह, एकाउंटेंट सुशील हेंब्रम, वरीय सहायक प्रणव रिची मिंज, राहुल मालाकार, कंचनपुर सीएसपी संचालक सतीश दूबे, राजीव ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# झामुमो से त्रस्त आम नागरिक सड़क पर उतरने को विवश हैं : सुरेंद्र विश्वकर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तरी मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश दास की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी। जिसमें मुख्य रूप से गढ़वा जिला से चलकर आये जिले के प्रभारी सुरेंद्र विश्वकर्मा और रंजीत चौरसिया उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता के रूप में सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का संकुचित मानसिकता से त्रस्त आम नागरिक आज सड़कों पर उतरने के लिए विवश है। भाजपा युवा जन आक्रोश रैली का नेतृत्व तो जरूर कर रही है, लेकिन यह आम जनता जो इस सरकार में ठगा गया, उसका रैली अध्यक्ष ओमप्रकाश दास ने बुधवार को मशाल जुलूस और 23 अगस्त को जन आक्रोश रैली पर अपना विचार रखते हुए और रांची चलने का आह्वान किया। मौके पर सुरेंद्र विश्वकर्मा रंजीत चौरसिया गिरवर यादव सरयू विश्वकमा, नंद गोपाल सिंह, जगनारायण यादव, मनोज राम, अजय, चप्पू चंद्रवंशी, अशोक राम, रविंद्र साहू, जमादार सिंह, सत्यनारायण यादव, कपिल देव सिंह, विनोद राम, संतोष तिवारी और अन्य उपस्थित है।

# सात दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का श्रीगणेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** श्रीराधा वंशीधर जी की पावन भूमि श्री बंशीधर नगर में मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार और श्रीराधावंशीधर जी की जयघोष के बीच सात दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का श्रीगणेश हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अनुमंडल न्यायालय नगर ऊंटारी के एडीजे प्रथम मनोज कुमार त्रिपाठी, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने श्रीराधा वंशीधर जी की पूजा अर्चना के पश्चात दीप जलाकर किया। मंगलवार से 2 बजे दिन से सायं 6 बजे तक श्रीधाम वृंदावन से पधारे पूज्य स्वामी श्री पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भभागवत कथा पीयूष की रसधार बह रही है। वृंदावन की रासमंडली द्वारा रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक रासलीला का मंचन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पूर्वार्द्ध में श्री बंशीधर मंदिर में विधिपूर्वक पूजा अर्चना के बाद मंदिर से प्रवचन पंडाल तक भव्य श्रीमदभागवत शोभायात्रा निकाली गयी। इस मौके पर मंदिर के आचार्य सत्यनारायण मिश्र, ट्रस्ट के सलाहकार राजेश पांडेय, धीरेंद्र चौबे, व्यवस्थापक सुरेश विश्वकर्मा, नंदू लाल, प्रबंधक सुजीत अग्रवाल, यजमान नागेंद्र प्रसाद, चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक राम प्रसाद, चेंबर के उपाध्यक्ष हृदयानंद, सचिव गोपाल, वीरेंद्र समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# एआइएमआइएम ने किया हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन

**डॉक्टर एमएन खान ने कहा- चिनिया प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।**

आजाद सिपाही संवाददता



**गढ़वा।** एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के रणपुरा बाजार में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि चिनिया प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। यहां कोई भी कार्य बिना चढ़ावा के नहीं होता है। ऐसे में यहां की जनता को कोई भी कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पूर्व की अपेक्षा वर्तमान समय में चिनिया प्रखंड में भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया। उन्होंने कहा कि यदि आने वाला विधानसभा चुनाव में उन्हें लोगों का आशीर्वाद मिलता है, तो वह सबसे पहले चिनिया प्रखंड में भ्रष्टाचार को खत्म करने का कार्य करेंगे। वहीं चिनिया प्रखंड के चहुमुखी विकास को लेकर हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि चिनिया प्रखंड के लोग आज मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां ना तो सड़क बिजली की समुचित व्यवस्था है और नहीं पेयजल की। ऐसे में यहां के लोगों को परेशानी झेलना पड़ती है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, जिला सचिव अशोक चौधरी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान, जिला उपाध्यक्ष महफूज, इदरीश अंसारी, मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष मुजाहिद अंसारी, युवा के जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, हसनैन, शराफत अंसारी, गढ़वा प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी दाऊद इब्राहिम, सुनील यादव, मुन्ना कुमार, दशरथ सिंह खरवार इत्यादि उपस्थित थे।


## उपायुक्त का कार्यालय,कोडरमा
समाज कल्याण शाखा
(बाल संरक्षण)

**सूचना**

निदेशानुसार आवेदकों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–16.08.2024 को स्क्रूटनी समिति की आयोजित बैठक के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड, कोडरमा के अन्तर्गत DCPS-05, DCPS-06, CWC-01, JJB-01, DCPS-09 के विभिन्न पदों का स्क्रूटनी कर, दावा–आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदकों/अभ्यर्थियों की सूची जिला के वेबसाईट koderma.nic.in पर अपलोड की गई है। आवेदक/अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति निबंधित डाक/हाथों–हाथ कार्यालय (पता–जिला समाज कल्याण कार्यालय समाहरणालय, कोडरमा, पिन कोड–825410)/ईमेल–**dcpskoderma@ gmail.com** के माध्यम से दिनांक–24.08.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा को संबोधित करते हुए समर्पित कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिला के वेबसाईट koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 333222 Social Welfare,Women and Child Development (24-25)D


# झारखंड में है जनसरोकार की सरकार, पूरे राज्य में हो रहा है विकास: मंत्री

**गढ़वा में 23 करोड़ रुपये की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण, झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में लगभग 23 करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़कों का निर्माण किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें गढ़वा में दो, मेराल में दो तथा रमकंडा प्रखंड में एक सड़क का निर्माण शामिल है। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जायेगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ प्रतापपुर ईदगाह से आरईओ रोड जाला तक पांच करोड़ 42 लाख 55 हजार 600 रुपये की लागत से 5.75 किमी, एनएच 343 से सोह तक एक करोड़ 80 लाख 85 हजार 700 रुपये की लागत से 1.53 किमी, मेराल प्रखंड में गढ़वा चिनियां मुख्य पथ (पेशका ऑफिस) से बगेशर स्कूल तक सात करोड़ 13 लाख छह हजार 900 रुपये की लागत से 7.7 किमी, लोवादाग पीएमजीएसवाई रोड से मदरसा टोला होते हुए अधौरा स्कूल तक तीन करोड़ 31 लाख 45 हजार 200 रुपए की लागत से 2.6 किमी तथा रमकंडा प्रखंड में चेटे मुख्य पथ द्वारिका साव के घर से चतरीटांड़ होते हुए गम्हरिया स्कूल तक चार करोड़ 94 लाख छह हजार 700 रुपये की लागत से 4.05 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनसरोकार की सरकार है। जनता की हर समस्या दूर करना सरकार का कर्तव्य है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास हो रहा है।

### बंद के समर्थन में झामुमो, जनहित में निर्णय ले केंद्र : मंत्री

गढ़वा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 21 अगस्त को पलामू में आयोजित कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अब 22 अगस्त को अपने निर्धारित कार्यक्रम झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करने पलामू आयेंगे। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद के समर्थन में मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। जानकारी देते हुए झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर बनाने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कहा कि जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है, उन्हें आरक्षण में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस फैसले को वापस लेने की मांग पर भारत बंद का आह्वान किया गया है। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देना चाहती है। झामुमो और झारखंड सरकार बंद समर्थकों के साथ है।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(आपूर्ति शाखा)

**अल्पकालीन निविदा**

विभागीय ज्ञापांक–खा0प्र0–1/ज0वि0प्र0(DSD)/6–8/2020–1811/रॉची, दिनांक–29.07.2024 के निदेशानुसार जन वितरण प्रणाली के तहत् प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र, हजारीबाग के लिए झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदाम से जन वितरण प्रणाली विक्रेता दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के लिए डोर स्टेप डिलिवरी हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता का चयन GeM Portal के माध्यम से किया जाना है। उक्त निविदा 02 वर्ष के लिए किया जायेगा साथ ही निविदा डालने की अंतिम तिथि 09 सितम्बर, 2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक है। Gem Portal में हजारीबाग जिलान्तर्गत निविदा का Bid No. निम्न प्रकार है:–

| SI. | Block/Town | Tender Bid No. | Dated |
|---|---|---|---|
| 1. | Barkatha | GEM/2024/B/5300844 | 17.08.2024 |
| 2. | Barkagaon | GEM/2024/B/5300919 | 17.08.2024 |
| 3. | Barhi | GEM/2024/B/5300966 | 17.08.2024 |
| 4. | Bishnugarh | GEM/2024/B/5301036 | 17.08.2024 |
| 5. | Dadi | GEM/2024/B/5301058 | 17.08.2024 |
| 6. | Daru | GEM/2024/B/5301082 | 17.08.2024 |
| 7. | Keredari | GEM/2024/B/5301103 | 17.08.2024 |
| 8. | Padma | GEM/2024/B/5301128 | 17.08.2024 |
| 9. | Sadar | GEM/2024/B/5301149 | 17.08.2024 |
| 10. | Tatijhariya | GEM/2024/B/5301170 | 17.08.2024 |
| 11. | Chalkusha | GEM/2024/B/5301723 | 18.08.2024 |
| 12. | Chouparan | GEM/2024/B/5301735 | 18.08.2024 |
| 13. | Churchu | GEM/2024/B/5301740 | 18.08.2024 |
| 14. | Ichak | GEM/2024/B/5301743 | 18.08.2024 |
| 15. | Town | GEM/2024/B/5301748 | 18.08.2024 |
| 16. | Katkamdag | GEM/2024/B/5301863 | 18.08.2024 |
| 17. | Katkamsandi | GEM/2024/B/5301872 | 18.08.2024 |

अतएव इच्छुक निविदादाता को Gem Portal से निविदा डाल सकते हैं, जिसके लिए Gem Portal में निविदादाता का निबंधन होना आवश्यक होगा। विभागीय निर्देशानुसार GeM Portal से डाले गये निविदा ही मान्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी हजारीबाग।

PR.NO.333218 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25):D

# मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए 23 को हजारों कार्यकर्ता रांची कूच करेंगे : कोचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा।** राज्य की निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को सत्ता से हटाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 23 अगस्त को रांची में विशाल आक्रोश रैली निकाली जायेगी और मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। युवा आक्रोश रैली में तोरपा विधानसभा क्षेत्र से चार हजार से अधिक कायकर्ता भाग लेंगे। ये बातें तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने मंगलवार को तोरपा स्थित नगर भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। विधायक ने कहा कि रैली के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया। कोचे मुंडा ने कहा कि इस सरकार के शासनकाल में बिना घुस दिये किसी सरकारी कार्यालय में कोई भी काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान घोषााण की ई थी कि साल में पाच लाख लोगों को रोंजगार दिया जाएगा, पर इसे सरकार पूरा नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि झूठे वादे कर वर्ष 2019 के चुनाव में सतासीन होते ही लूट-खसोट में लग गयी और झारखंड को बर्बाद का दिया। भाजपा राज्य को बबार्दी से बचाने के लिए सड़क से विधानसभा तक मुखर है। हेमंत सरकार ने घोषणा की थी कि शिक्षित युवाओं को पांच से सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने, प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी, पारा शिक्षकों को स्थायी करने, सहायक पुलिसकर्मी को स्थायी करने, सचिवालय कर्मी की सेवा स्थायी करने, हर प्रखंड में डिग्री खोंलने इन सभी वादों पर हेमंत सरकार ने कुद नहीं किया। विधवाओं को डाई हजार पेंशन देंने, स्वास्थ्य केंद्र और उप केंद्र में डॉक्टर की व्यवस्था करने, दाखिल खाारिज, आय, आवासीय और जाति प्रमाणपत्र के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना नहीं पड़ेगा, लेकिन राज्य सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर सकी। उन्होंने 'कहा कि इस बार हेमंत सोरेन को गद्दी से उखाड़ने के लिए युवा संकल्पबद्ध हैं। विधायक ने कहा कि जब विधायकों ने सरकार से अपनी घाोष्ण के बारे में सवाल किया, तो सभी विधायकों को मार्शल द्वारा सदन से बाहर निकाल दिया गया। इसकें बाद भी जब भाजपा विधायक नहीं हटे और वहीं धरना देंनें लगे,तो रात को बिजली पानी को बंद कर दिया गया। यहां तक कि वाश रूम को भी बंद कर दिया गया। रात भर सरकार द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया गया। विधायक ने कहा कि सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ 23 अगस्त को भारी संख्या में भाजपा और युवा मोर्चा के कायकर्ता रांची कूच करेंगे और मुख्यमंत्री आवास के घेराव कार्यक्रम में शाामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में युवा मोर्चा के खूंटी जिला प्रभारी रजनी आनंद, जिलाध्यक्ष रोहित साहू, भाजपा के मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, भाजपा के जिला महामंत्री निखिल कंडुलना आदि भी मौजूद थे।

## हेमंत सरकार की अकर्मण्यता और अक्षमता से राज्य में अराजकता का माहौल : नीलकंठ मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन सरकार के कुशासन, अकर्मण्यता और अक्षमता के कारण राज्य में अराजकता का माहौल है। झामुमो, कांग्रेस और राजद की महाठगबंधन सरकार ने राज्य के युवाओं को धोखा दिया है। राज्य सरकार की युवा विरोधी मानसिकता के कारण झारखंड के लाखों युवक-युवतियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। ये बातें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय खूंटी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव में राज्य की जनता से कई वायदे किए थे। राज्य के युवाओं को झूठे सपने दिखाकर और कई झूठे वायदे कर सत्तासीन होने वाले हेमंत सोरेन को अपने किए गए वादों का हिसाब देना होगा। प्रत्येक वर्ष पांच लाख युवाओं को नौकरी देने, बेरोजगार स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवाओं को प्रत्येक माह पांच से सात हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने, स्पष्ट स्थानीय नियोजन नीति बनाने, जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल, पीजीटी, लेबटेक, जेई नौकरी घोटाले का सीबीआई जांच कराने और विभिन्न विभागों के लाखों संविदाकर्मियों को स्थायी करने के वायदों का क्या हुआ, इसे लेकर राज्य के लोगों में इस सरकार के प्रति तीव्र आक्रोश व्याप्त है। सरकार के प्रति जनता में व्याप्त आक्रोश और युवाओं के हक एवं अधिकार की लड़ाई के लिए 23 अगस्त शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली में राज्य के इस दिशाहीन और युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का शंखनाद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजयुमो झारखंड प्रदेश द्वारा युवाओं के हक और अधिकार के लिए आयोजित आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी। इसमें राज्य की दिशा और दशा तय होगी। युवा आक्रोश रैली में खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र से 10 से 12 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे और लूट-खसोट में लगी इस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

# सोनाहातू प्रखंड की छात्राओं ने नयी दिल्ली में राष्ट्रपति को बांधी राखी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की पांच छात्राएं सुमन कुमारी, संतोषी कुमारी, सीता कुमारी, लिया सिंह और राहे की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी स्वाति कुमारी रक्षाबंधन के दिन झारखंडी साड़ी के परिधान में राष्ट्रपति भवन पहुंचे और छात्रा लिया सिंह समेत सभी छात्राओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हस्तनिर्मित राखी बांधी साथ ही छात्राओं ने विद्यालय में निर्मित पेंटिंग अपने हाथों से भेंट किया जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार किया। झारखंड टीम के साथ राष्ट्रपति ने ग्रुप फोटोग्राफी भी कराई जिसमें सोनाहातू और राहे की छात्राओं को राष्ट्रपति के दाएं और बाएं बैठाया गया। छात्राओं के साथ विद्यालय की शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो भी थी। मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। छात्राओं ने बताया कि ये पल उनके जीवन का स्वर्णिम क्षण था जिसे वो जिंदगी भर याद रखेगी। छात्राओं ने बताया कि वे पहली बार एसी ट्रेन में बैठी है, और उनके माता पिता इतने गरीब है कि वे कभी दिल्ली भेजने का सोच भी नहीं सकते है।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए खूंटी जिले में 72958 आवदेन स्वीकृत



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाइ) से लाभुकों को जोड़ने के लिए तीन अगस्त से आवेदन प्रक्रिया निरंतर जारी है। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि खूंटी जिले में अब तक 74630 आवेदन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है। साथ ही 72958 लाभुकों के आवेदन को स्वीकृति भी मिल गयी है। खूंटी जिले को मिले 78673 लाभुकों के लक्ष्य के एवज में अब तक 92.74 प्रतिशत आवेदन को स्वीकृति मिल गयी है। साथ हीं योजना के तहत होने वाले एक हजार रुपये प्रति माह भुगतान की भी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। जिला जन संपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पाकुड़ जिले से इसकी शुरूआत कर दी गयी है। जल्द हीं शत प्रतिशत लाभुकों के बैंक खाते में राशि हस्तांतरित कर दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि 3 अगस्त से जिले की सभी 86 पंचायतों और नगर पंचायत के चिह्नित स्थानों पर कैंप का आयोजन कर लाभुकों से आवेदन लिए जा रहे है। जिले के 21 से 50 आयुवर्ग की महिलाएं और बहनों ने कैंपों में पहुंचकर अपना आवेदन भरकर जमा किया।


# राजीव गांधी की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में और सांसद कालीचरण मुंडा की उपस्थिति में मंगलवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी ने आधुनिक भारत के निमार्ता पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 80वीं जयंती सांसद के आवासीय कार्यालय में मनायी गयी। सांसद कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा से सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सांसद ने कहा कि उनके त्याग से ही आज देश प्रगति की ओर लगातार अग्रसर है। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, पांडेया मुंडा, मदन मिश्रा, विल्सन तोपनो, सुशील सांगा, रविकांत मिश्रा, जेम्स तोपनो, पौलुस पूर्ति, धर्मदास कंडीर, पुनीत हेमरोम, सुनीता गोप, शांता खाखा, हेलेन होरो, सुषमा भेंगरा, सुसारी होरो, इन्दु आन्ना हस्सा, अनिता नाग, सुंदमनी हंस, जुनैद अंसारी, एडवर्ड हंस, नरेश तिर्की, पीटर मुंडू, फुलजेम्स हेरेंज, राजू पाशा, शशिकांत होरो, दानियल होरो, हेरमन सोय, कर्मदयाल, विनसय मुंडा, माइकल तिडूं, आदि उपस्थित थे।

# राजा पीटर ने टेंपो चालक के दुःख-दर्द को जाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ के पुर्व विधायक और मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने आज टेंपो चालक का दुःख दर्द को जाना और उसे शेयर किया। पीटर के कट्टर समर्थक काजल मुखर्जी अपनी टेंपो लेकर यात्री का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच राजा पीटर गुजर रहे थे। उसे देखकर राजा पीटर भावुक हो गये और उससे बात-चित करने लगे। उन्होंने कहा कि आज मैं यात्री को बैठाकर बुंडू तक ले जाउंगा लोग समझ पाते तब तक राजा पीटर चाभी मांगी और स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्री का इंतजार करने लगे ये देखकर लोग भौंचक हो गये तब तक उनके शुभचिंतक व कार्यकर्ता टेंपो में चढ़ गये फिर राजा पीटर को समझाया गया लेकिन वे बात नहीं माने और टेंपो स्टार्ट कर 16 किलोमीटर सफर तय कर बुंडू पहुंचे और रास्ते में चालक के दुःख दर्द को जाना और पहचाना इसलिए लोग कहते हैं गरीबों का मसीहा राजा पीटर तमाड़ से बुंडू की यात्रा कुछ खास बन गयी क्योंकि राजा पीटर टेंपो खुद चला के बुंडू तक गये।

## हाथियों के झुंड ने फसल को रौंदा



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हेसाडीह और बांधडीह गांव में सोमवार की रात 30-35 की संख्या में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। गांव के किसान भूतनाथ स्वांसी, प्रवीण स्वांसी, विश्वनाथ स्वांसी के लौकी और धान खेत को रौंद दिया है। पांच एकड़ से अधिक जमीन में लगे फसल नष्ट हुए है। वनरक्षी अभी हड़ताल में है जिस कारण किसानों के खेत में वन विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी निरीक्षण में नही गये है। किसान काफी अक्रोशित है।

## जेबीकेएसएस की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पुराना प्राथमिक विद्यालय तमारी में मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए ईचागढ़ प्रखंड कमिटी विस्तार हेतु जेबीकेएसएस पार्टी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। केंद्रीय सचिव गोपेश कुमार महतो ने बताया कि पार्टी के मापदंड अनुसार फॉर्म भरा गया, जिसमें ईचागढ़ प्रखंड के 14 पंचायतों के कार्यकर्ताओं ने फॉर्म भरे, जितने भी फॉर्म भरे गए तमाम पदाधिकारियों की घोषणा अतिशीघ्र की जायेगी साथ ही संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच उनके समस्याओं को कैसे जाने इस पर भी चर्चा की गयी। मौके पर उपस्थित जेबीकेएसएस के केंद्रीय सचिव गोपेश महतो, झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो, केंद्रीय संगठन महासचिव फूलचंद महतो, केंद्रीय संगठन महासचिव राकेश रंजन महतो, मीडिया प्रभारी मुकेश महतो, लाल मोहन महतो, परमेश्वर महतो उपस्थित थे।

# बंद की पूर्व संध्या पर निकाला गया मशाल जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में 21 अगस्त को आहूत भारत बंद के समर्थन में डकरा में मशाल जुलुश निकाला गया। मंच के नेतृत्व में विभिन्न संगठन के एससी एसटी समुदाय के लोग डकरा अंबेडकर पार्क पहुंचे और आरक्षण में उप वर्गीकरण का विरोध करते हुए नारेबाजी की। जिसके बाद सभी लोगों ने हाथों में मशाल जलाकर महाप्रबंधक कार्यालय तक जुलुश निकाला गया और लोगो से बंद की सफल बनाने की अपील की गयी। जुलुश वापस डकरा गरुद्वारा चौक पहुंचा जहां पर नेताओ ने सभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर वक्तओ ने कहा कि एसटी एसटी समाज को जो संवैधानिक आरक्षण मिला था उसमें वर्गीकरण एव क्रीमिलेयर में बांटकर आरक्षण को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका पूरे देश के एसटी एसटी समुदाय के लोग विरोध कर रहे हैं।

21 को लोग सड़क पर उतरेंगे और बंद को सफल बनायेंगे। इस मौके पर रंथू उरांव, राम लखन गंझु, देवपाल मुंडा, इंदिरा देवी, महेंद्र उरांव, जंग बहादुर राम, कन्हाई पासी, प्रभाकर गंझु, राजकुमार उरांव, जगरनाथ महतो, बहुरा मुंडा, अनुप रजक, शिवनारायण लोहरा, अमरलाल सतनामी, ध्वजा राम धोबी, प्रभाकर गंझु, विजय उरांव, अनिता गंझु, शांति देवी, ललिता देवी, रामपरिखा राम, जगदीश गंझु, अशोक उरांव, नारद राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा बुंडू नगर और बुंडू ग्रामीण मंडल की बैठक संपन्न, 23 को रांची में रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** भाजपा, रांची जिला ग्रामीण के निदेर्शानुसार बुंडू स्थित श्यामसुंदर भूदेव समिति, सामुदायिक भवन, सभागार, नवरात्रि मंदिर, बुंडू के प्रांगण में आगामी 23 अगस्त को रांची के मोराबादी मैदान में होने वाले युवा आक्रोश रैली हेतु एक योजना बैठक का आयोजन भाजपा बुंडू नगर और ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास और बुंडू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गुप्तेश्वर भगत की अध्यक्षता में रखी गयी, बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद के साथ भाजयुमो रांची ग्रामीण प्रभारी विनय कृष्ण राजू, भाजपा प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ के सहसंयोजक रंजित लाहिरी, राजेश उरांव, लक्ष्मण सिंह मुंडा, गणेश कुम्हार, शुभम चेल, भास्कर मुखर्जी, कैलाश हलवाई, सखी देवी, रेखा देवी, किरण देवी, सोमा उरांव, मुकुंदर कोइरी, दीपक साहू, शिवशंकर प्रजापति, अपूल राज, शिवा गोस्वामी सहित भाजपा बुंडू नगर और ग्रामीण मंडल के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## तमाड़ इंटर कॉलेज में शोकसभा का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ इंटर कॉलेज सालगाडीह में शोकसभा मनाया गया। झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेता डॉ सुरेंद्र झा का आकस्मिक निधन 19 अगस्त को हुआ था। संघ के आह्वान पर पूरे झारखंड के वित्त रहित स्कूल कॉलेज में उनकी आत्मा की शांति के लिए मंगलवार को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा सभी कक्षाओं को स्थगित किया गया शोक सभा में तमाड़ इंटर कॉलेज सलगाडीह के प्राचार्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षकेतरकर्मचारी उपस्थित थे।

## डीएवी बचरा में अक्षय ऊर्जा दिवस के रूप में मनायी गयी स्व.राजीव गांधी की जयंती



पिपरवार(आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को देश में कम्प्यूटर क्रांति के जनक एवं भारत के पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अक्षय उर्जा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विज्ञान के शिक्षकों के द्वारा अक्षय ऊर्जा के महत्व और भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत के रूप में गैर परंपरागत ऊर्जा के उपयोग और महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर शिक्षक आरबी प्रसाद,एके लाल,सीएस सिहं, एपी द्विवेदी, एसके पांडेय, अशोक शर्मा, राकेश कुमार, ओपी यादव,पीएन पांडेय सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# राज्य की सरकारों ने मूलवासियों के हक और अधिकार को बेचने का काम किया है : जयराम



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जल, जंगल और जमीन की बात करने वाली हेमंत सरकार के कार्यकाल में नदियों से बालू निकालकर उसकी तस्करी की जा रही है। राज्य में कोई नीति नहीं होने के कारण स्थानीय लोग विस्थापित हो रहे हैं। वर्तमान सरकार में जितनी लूट हुई है, उतनी किसी सरकार में नहीं हुई है। ये बातें मंगलवार को हिल चौक स्थित भारत माता विवाह मंडप में झारखंडी खतियानी संघर्ष समिति की आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि जयराम महतो ने कही। जयराम महतो ने कहा कि यहां जिसकी भी सरकार बनी है, उसने सिर्फ स्थानीय मूलवासियों के हक और अधिकार बेचने का काम किया है। अपनी रक्षा और सम्मान के लिए एक हूल आंदोलन जरूरी है। उन्होंने कहा कि यहां के निवासी गंदी राजनीति के कारण अपना हक और अधिकार से वंचित हो रहे हैं। सिदो-कान्हू ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हूल आंदोलन कर शोषण, महाजनी प्रथा समेत अन्य कुप्रथाओं के खिलाफ आंदोलन किया था, आज यहां भी उेसे ही आंदोलन की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि आपको अपनी मानसिकता को बदलने की जरूरत है। बाहर से आकर कुछ लोग यहां की जमीन पर अधिकार जमाकर बैठे हैं। मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद थे।

## ट्रेन में पैर फिसलने से अनीता पाठक घायल

मुरी (आजाद सिपाही)। चलती ट्रेन से पैर फिसलने से हिंडालको निवासी पीसी पाठक की पत्नी अनीता पाठक उम्र 45 वर्ष की हालत गंभीर। जानकारी के अनुसार अनीता पाठक रक्षाबंधन में अपने भाई को राखी बांधने के लिए रांची गयी थी मंगलवार को अपने घर हिंडालको लौटने के क्रम में मुरी स्टेशन में ट्रेन से उतरने के क्रम में पैर फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे बेहतर इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद से की मुलाकात

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के कार्यकर्ताओ ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह से उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने सांसद को आम का पौधा देकर स्वागत किया। साथ ही सांसद को पिपरवार क्षेत्र के विस्थापितो के लंबित नौकरी, मुआवजा, रोजगार और कई ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा है कि पिपरवार कोयलांचल एव ग्रामीण क्षेत्र का जो मुद्दा और जन समस्या है सभी का जल्द ही समाधान किया जायेगा।

## अजीत ब्रदर्स ओरमांझी ने जीता साल्हन फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** युवा संगम क्लब साल्हन के तत्वावधान में पतराटोली साल्हन मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अजीत ब्रदर्स ओरमांझी की टीम ने जीत लिया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अजीत ब्रदर्श ने शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए मुंज ब्रदर्श ईद की टीम को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले मुख्य अतिथि ओरमांझी प्रमुख अनुपमा देवी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र महतो, नरेश साहू, एतवा भगत, एएसआई रविशंकर सिंह सहित अन्य नें खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को किक मारकर फाइनल मैच शुरू कराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें खेल संसाधन उपलब्ध कराकर एक मंच प्रदान करने की। वक्ताओं ने प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए युवा संगम क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। संचालन डॉ रिझु नायक ने किया। बाद में विजेता टीम को 50 हजार नकद व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 30 हजार नकद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में तृतीय-चतुर्थ स्थान लाने वाली टीमों को नंकद एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर सुषमा बड़ाईक, डॉ रिझु नायक, शिवलाल महतो, सिकंदर अंसारी, सलीम अंसारी, समशाद अंसारी, बिरजा, परमानंद साहू, अरविंद पतरस, बिहारी साहू आदि मौजूद थे। वहीं टूर्नामेंट के सफल आयोजन में क्लब के अध्यक्ष राजू नायक, मनक करमाली, सूरज नायक, दुर्गा मुण्डा, सिकंदर अंसारी, सलीम अंसारी, रितेश मुण्डा, दीपक मुंडा, निको मुण्डा, आतिश मुण्डा, मटुक करमाली, सोहन महली आदि का योगदान रहा।

## भाई को राखी बांधने मायके आयी नवविवाहिता लापता

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर ग्राम से नव विवाहित महिला के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। उसके पति अभिषेक कुमार ने रातू थाना में मंगलवार को आवेदन देखकर अपनी पत्नी के गुम होने के संबंध में सनहा दर्ज कराया है। अपने आवेदन में उसने बताया कि उसकी शादी एक महीना पहले ही हुई है। वह अपनी पत्नी दिव्या कुमारी को रक्षा बंधन के लिए उसके भाई अविनाश कुमार के घर चटकपुर में छोड़ दिया था। सोमवार को पत्नी का दोनों फोन नंबर बंद मिला। तब उसने उसके भाई अविनाश को फोन किया तो उसने किसी रिश्तेदार के घर जाने की जानकारी दी। पत्नी के नहीं लौटने और अविनाश के बार-बार अलग-अलग जानकारी देने पर उसे शक हुआ। वह खुद गया तो पता चला कि उसकी पत्नी लापता है। वह अपने साथ अपान व अभिषेक के जेवरात भी गई ले गई है। उससने अनहोनी की आशंका जतायी है।

## 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली निकालने को लेकर टाटीसिलवे भाजपा मंडल की बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से 23 अगस्त को रांची में प्रस्तावित युवा आक्रोश रैली के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के आवास पर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, संचालन मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर व धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए धीरज महतो ने कहा कि 23 अगस्त को भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित युवा आक्रोश रैली में टाटीसिलवे मंडल के सभी पंचायतों एवं शक्तिकेंद्रों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान पहुंचे। वहीं, प्रभुदयाल बड़ाईक ने युवा शक्ति से झारखंड की युवा, आदिवासी, दलित, मजदूर विरोधी राज्य की गठबंधन सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने की बात कही। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यालय प्रभारी सह मुखिया नूतन पाहन, भाजयुमो अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, मेसरा मंडल सुमन कुमार, भाजपा नेता मनेश महतो, सरयुग प्रसाद, विजय महतो, सुरेंद्र महतो, प्रशांत किशोर, अमित कुमार मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, रुदेश्वर राय, राजू महतो के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन, प्रतिभागी पुरस्कृत




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआइटी में 12 अगस्त से चल रहे एंटी रैगिंग वीक के समापन के मौके पर मंगलवार को कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। एंटी रैगिंग वीक के दौरान विद्यार्थियों ने स्लोगन राइटिंग, एस्से राइटिंग, पोस्टर मेकिंग व लोगो डिजाइनिंग आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के एनएसएस, यूबीए व एंटी रैगिंग सेल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कोऑर्डिनेटर एंटी रैगिंग सेल प्रो अरशद उशमानी ने बताया कि सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणाम, दोषियों के लिए सजा का प्रावधान आदि के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। मालूम हो कि कार्यक्रम में सभी संकायों के सेकेंड सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पुरुस्कार वितरण के मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डॉ रणवीर कुमार, प्रो स्वेता सोनाली धॉल, प्रो अभिषेक कौशल, प्रो स्वेता कुमारी, प्रो अंजू सोरेन आदि मौजूद थे।

## मांडर में वृद्ध महिला से 30 हजार की छिनतई

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत एसबीआई टांगरबसली के सामने से मंगलवार को मखमदंरो की रहने वाली एक वृद्ध महिला से 30 हजार रुपये की छिनतई कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला एसबीआई की टांगरबसली शाखा से 30 हजार रुपए की निकासी कर मांडर आने के लिए रास्ते पर खड़ी होकर ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी बीच बाइक सवार बदमाशों ने उसके पास से रुपये छिन लिए और फरार हो गये।

### कार्रवाई : लोहरदगा के नरकोपी में बाइक बेचने की थी तैयारी

# तीन गिरफ्तार, चोरी की बाइक जब्त

**पकड़े गये फैजल और शाहिद के खिलाफ बेड़ो व नरकोपी थानों में कई मामले हैं दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नरकोपी पुलिस ने थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान की अगुवाई में अभियान चलाकर तीन युवकों को चोरी की दो बाइकों के साथ रंगेहाथ दबोचा। दोनों युवक बाइक को नगजुवा में बेचने जा रहे थे। इसकी जानकारी नरकोपी पुलिस ने दी। संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि वरीय पदाधिकारी को मिली सूचना के बाद सत्यापन के लिए गठित टीम में नरकोपी थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान के नेतृत्व में छापामारी की। तभी नरकोपी थाना क्षेत्र के भैसादोन से चट्टी ओर जाने वाले सड़क में दो बाइकों पर सवार तीन युवक काफी तेज गति से जाते दिखे। उन्हें



पुलिस के कब्जे में चोरी की बाइक।

देखकर पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस की टीम जब ग्राम भैसादोन से आगे मसियातु जंगल के पास पहुंची तो देखा की दो बाईक से तीन व्यक्ति लापरवाही से बाईक चलाते जा रहे है। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो बाइक सवार तीनों अपनी-अपनी बाइक वहीं छोड़कर भागने लगे। हालांकि पुलिस के सशस्त्र जवानों ने तीनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। तीनों की पहचान फैजल खान, शाहिद अंसारी और शमशाद अंसारी के रूप में हुई है। फैजल बेड़ो के ही घाघरा ग्राम और शमशाद करांजी जारा टोली ग्राम का रहने वाला है। पकड़े गये लोगों से बाइक को लेकर पूछताछ की गयी तो कोई सटीक जवाब नहीं दे सके। संदेह होने पर पुलिस ने उनसे सख्ती से पूछताछ की, तो तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बताया कि दोनों बाइक चोरी की है। वे लोग इसे बेचने नगजुआ जा रहे थे। पकड़े गए तीनों आरोपितों ने बताया गया कि वे लोग बेडो नरकोपी, लापुंग व रांची के अन्य ग्रामिण क्षेत्र से बाईक चोरी कर नगजुआ (लोहरदगा) में ले जाकर छोटु सिंह नाम के एक व्यक्ति के पास बेच देते है। दूसरी ओर, घटना के संबंध में नरकोपी थाना कांड संख्या-34/024 दर्ज किया गया है। वहीं, छापामारी दल में पुअनि देवप्रताप प्रधान, सअनि नगीना प्रसाद व सशस्त्र बल शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में शाहिद अंसारी व फैजल खान का आपराधिक इतिहास भी रहा है। जिनके विरुद्ध बेड़ो और नरकोपी थाना में मामले दर्ज हैं।

# किसी भी समस्या का त्वरित निष्पादन ना हो तो वह विकराल रूप ले लेता है: शिल्पी नेहा तिर्की

**जनसमस्याओं से अवगत हुईं मांडर विधायक, जल्द निदान का दिया अश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के विधानी गांव में मंगलवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। विधायक ने कहा कि कोई भी समस्या का यदि त्वरित समाधान ना किया जाए तो वह विकराल रूप ले लेता है। लेकिन अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति यदि ग्रामीण गंभीर रवैया अपनाते है तो समस्या के समाधान का मार्ग आसान हो जाता है। उन्होंने समस्याओं को सुनने के बाद जल्द निदान करने का अवश्वास दिया। साथ ही सरकार की लाभकारी योजनाओं के प्रति सजग रह कर लाभ उठाने की बात कही। मौके पर मुखिया राजन किस्पोट्टा, अबु माज, सुनील मिंज, अजय गोप, संगीता आदि मौजूद



## शोकाकुल परिजनों से मिलीं विधायक

**विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मंगलवार को मोरो बधिया टोली पहुंच कर गड्ढे में डूब कर मरी बच्चियों के शोकाकुल परिवार से मिली। ढाढ़स बंधाते हुए यथा संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान शोकाकुल परिजनों को आर्थिक मदद भी की। बता दें कि इटकी थाना क्षेत्र के बगिया टोली गांव में विगत 18 अगस्त को बकरी चराने गयी निकेता कुमारी और ज्योति कच्छप गड्ढे में जमा पानी में डूबने से मौत हो गयी थी।**

# एमजीएम अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल जारी

## दृष्टिहीन पति-पत्नी को लौटना पड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों कोलकाता में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में शहर के एमजीएम अस्पताल में पांचवें दिन भी डॉक्टरों का हड़ताल जारी है। डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए अलग अलग जगह पर प्रदर्शन की जारही है। उधर कोल्हान के एकमात्र सरकारी अस्पताल एमजीएम में डॉक्टरों का हड़ताल से दूर दराज से आनेवाले मरीजों का हाल बेहाल होने लगा है। अस्पताल में ओपीडी व रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद पड़ा है। इलाज कराने आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ओड़िशा के रहने वाले दृष्टिहीन रिंकू सोरेन और उनके दृष्टिहीन पत्नी सुलोचना मल्ला को हड़ताल की जानकारी नही रहने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने इमरजेंसी



विभाग पहुंचे। लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। दृष्टिहीन रिंकू सोरेन ने बताया एक साल पहले अस्पताल के डॉक्टर हांसदा ने ऑपरेशन किया था। जिसके बाद वे ठीक थे। लेकिन तीन दिनों से पिसाव के रास्ते मे सुजन होने लगा है। जिसके कारण उन्हें परेशानी भी हो रही। इलाज कराने पत्नी के साथ अस्पताल आये थे, लेकिन बिना इलाज लौटना पड़ रहा।

# नगड़ी में डेंगू से वृद्ध की मौत

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** निवासी रामहरि केसरी (75) की डेंगू से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना पाते हैं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बतातें चलें कि नगरी सहित आसपास के क्षेत्र में डेंगू से प्रभावित कई लोगों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा है। लोगों ने प्रशासन से नगरी प्रखंड प्रकंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ सुविधा देने की मांग की है इधर, प्रखंड क्षेत्र में बीते एक पखवाड़े से लगातार हो रही बारिश से जहां किसानों के लिए खुशहाली की खबर है वहीं दूसरी ओर यह बरसात ग्रामिणों के लिए मुशिबत बन गयी है। प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में मलेरिया टाइफाइड और डेंगू जैसी जानलेवा बिमारी से ग्रसित लोग मिल रहे हैं। उन्हीं मेंसे एक रामहरि केसरी का रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने मंगलवार को अंतीम सांस ली। पता चला है कि नगड़ी मीडिल रोड निवासी मृतक राम हरि केसरी के घर के आसपास करीब



चार से पांच लोग डेंगू से ग्रसित होकर निजी अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक पखवाड़ा में नगडी के निजी अस्पतालों में दर्जनों लोग डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड से इलाज करा चुके हैं अभी भी नगरी के निजी अस्पतालों में मलेरिया टाइफाइड और डेंगू के रोगी अपने घरों में इलाज करा रहे हैं। लोगों ने बताया कि सरकार की ओर से नगरी में स्वास्थ सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है। एक स्वस्थ उपकेंद्र है जिसमें छोटी-मोटी बीमारी जैसे खांसी सर्दी बुखार का तो इलाज हो जाता है लेकिन गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 20 किलोमीटर दूर रिम्स अस्पताल जाना पड़ता है।

### टाटीसिलवे में भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# पढ़ाई के साथ ही खेलकूद भी बहुत जरूरी : हरि नारायण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में मंगलवार को आठ दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मुकाबले का शुभारंभ हुआ। पहला मैच 9 बुलेट कवाली बनाम फुटबॉल कल्ब जोन्हा के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह के अलावा टाटसिलवे थाना प्रभारी मनोज कुमार भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने उद्घाटन मैच का शुभारंभ संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित एवं खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह ने कहा कि आज के युग में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के



मैच का शुभारंभ करते वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह, थाना प्रभारी व अन्य।

टूर्नामें का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। वहीं, खेल की अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया बीसा पंचायत ने मंच से ही खिलाड़ियों को संबोधित कर हौसला अफजाई किया। वहीं, प्रथम मैच में 9 बुलेट कवाली 3-0 से विजयी रही। दूसरा मैच शिवा क्लब टाटीसिलवे बनाम तुरुप फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें तुरुप फुटबॉल क्लब की टीम टाई ब्रेकर में विजयी रही। आयोजित टूर्नामेंट के संयोजक उमेश कुमार बड़ाईक ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही है। जिसका फाइनल मुकाबला 28 अगस्त को खेला जाएगा। जिसमें पुरुष वर्ग में विजेता टीम को एक लाख रुपये व कप, उपविजेता को 75 हजार व कप, तृतीय व चतुर्थ आने वाली टीम को क्रमशः 20 हजार व कप, वहीं बालिका वर्ग में विजेता टीम को 20 हजार व कप, उपविजेता टीम को 15 हजार व कप देकर पुरस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अध्यक्ष सुषमा बड़ाईक, उपाध्यक्ष अमर महतो, खेल प्रभारी जगदीश नायक, कोषाध्यक्ष सुमित बैठा, बिगना महतो, कृष्णा पहान, कृष्णा पाहन, राजेश मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, सौरभ महतो, पवन मुंडा, अनुज कुमार, सूरज नारायण महतो के साथ दर्जनों सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जलजमाव का समाधान नहीं होने पर पानी में ही धरने पर बैठे धनबाद के भाजपा विधायक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के धैया में रानी बांध तालाब के पास सड़क पर हो रहे जलजमाव अब विकराल रूप धारण करने लगा है। विधायक राज सिन्हा ने तत्काल समाधान नहीं होने पर पानी में ही धरने पर बैठ गए। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने निगम के अधिकारियों को ऑफिस बुलाया और इस संबंध में वार्ता की। मौके पर विधायक सहित स्थानीय लोग भी मौजूद थे। नगर आयुक्त ने विधायक को तत्काल इसका स्थाई समाधान का आश्वासन दिया। वहीं, विधायक ने कहा कि अगर इसका स्थाई समाधान नहीं निकला तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगें। वहीं, नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि विधायक के साथ अधिकारियों की वार्ता हुई है। जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा और स्थाई समाधान निकाल लिया जाएगा।

## खिजरी विस चुनाव की तैयारी में जुटी आजसू

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हाहाप पंचायत अंतर्गत सपारोम ग्राम में मंगलवार को आजसू के पंचायत प्रभारी महेंद्र स्वांसी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पार्टी के केंद्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि आजसू अपना संगठन विस्तार पर विश्वास रखती है। इसके लिए ग्राम और टोला स्तर पर संगठन विस्तार कर चुकी है। हमारी तैयारी विधानसभा चुनाव को लेकर है। अगर झारखंड की जनता आजसू को सत्ता में लाती है तो निश्चित रूप से इस राज्य में विकास की गंगा बहेगी। कहा कि 25 अगस्त को वाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार राजाउलातु में नामकुम प्रखंड स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों की बैठक होनी है। जिसमें आजसू के आगे के कार्यक्रम तय किए जायेंगें। मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह और सोनू उरांव के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तिलता की एक दुकान में सेंधमारी कर चोरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तिलता सोडा फाउंटेन स्थित राजश्री इंटरप्राइजेज नामक दुकान में सेंधमार कर चोरों ने इन्वर्टर, बैट्री, वेल्डिंग मशीन की क्वाइल व हैंड ड्रिल मशीन चोरी कर फरार हो गये। घटना सोमवार रात की है। चोरों ने दुकान में लगे एयर कंप्रेशर मशीन को भी खोलने की कोशिश की पर सफल नहीं हो सके। इस बाबत भुक्तभोगी सुनील सिंह ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने चोरी हुए समानों की कीमत 40 हजार रुपये बताई जा रही है। वहीं, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये चोरों की पहचान करने में जुट है।

## सालहन पुल के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सालहन पुल स्थित स्वर्णरेखा नदी से मंगलवार की दोपहर पुलिस ने 40 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का पानी में तैरता शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि शव दो दिन पहले का है। अन्यंत्र जगह से बहती हुई यहां पुल के समीप पहुंची है। ग्रामीणों ने पानी में तैर रहे शव को देख अनगड़ा पुलिस को खबर की। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## जैलेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों की आर्थिक मदद की



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा के सुदूर गांव कुचु निवासी गुड्डी देवी (50) का निधन पिछले दिनों गंभीर बीमारी से हो गया था। मंगलावर को उनका दसकर्म है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उनके पुत्र सहीराम बेदिया, बूथ अध्यक्ष गिलू बेदिया, राजदेव महली, अर्जुन बेदिया ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार से संपर्क करने पर मृतिका के श्राद्ध के लिए कच्चा राशन एवम राशि मिला। मौके पर आशाराम लोहरा, व्यास महतो, राजदेव महली, अर्जुन बेदिया आदि मौजूद रहे।

## युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपा ओरमांझी मंडल की बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी मैदान में 23 अगस्त को आयोजित होने वाली भाजयुमो की 'युवा आक्रोश रैली' को लेकर भाजपा ओरमांझी मंडल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दिलीप कुमार ने की। बैठक में रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करने के साथ ही इसे सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने युवाओं के हक के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। साथ ही बुधवार की शाम में होने वाले मशाल जुलूस के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सफल बनाने को लेकर चर्चा की। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी और खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी उपस्थित रहे। मौके पर अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, रणधीर चौधरी,शशि मेहता, अलखनाथ महतो, शशि भूषण साहू, राजधाम साहू, राजकिशोर साहू, राजेश गुप्ता, रमेश बेदिया, अर्जुन सिंह, संदीप उरांव, धनंजय महतो, आनंद महतो, विवेक सिंह अरविंद बबलू, अमित राज साहू, जेठा नायक, जयप्रकाश महतो, ओम प्रकाश साहू, नवीन साहू, विक्रांत तिवारी, रामलखन महतो, कामेश्वर महतो, गणेश महतो सहित मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रांची-गुमला मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील, जिम्मेदार उदासीन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से गुजरने वाली रांची-गुमला मुख्य मार्ग बेड़ो बाजार टांड़ के समीप तालाब में तब्दील हो गया है। सड़क किनारे बनी नाली के जाम हो जाने से नाली का पानी सड़क पर ही बहता है। इस मार्ग में जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे हर वक्त दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। वर्षा होने के कारण यह मार्ग कई स्थानों पर तालाब में तब्दील दिखती है। जिस वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। साप्ताहिक बाजार आने वाले किसानों व लोगों को पैदल चलने मे भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता : बड़े चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

# खिलौना-गुब्बारा बेचने की आड़ में करते थे रेकी, महिला सहित 22 चोर गिरफ्तार

- मध्य प्रदेश के गुणा जिले के पारदी समुदाय के हैं आरोपी
- जांच में जुटी है पुलिस

### पलामू, गढ़वा और लातेहार में चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम

### चोरी के आभूषण खरीदने बिहार के गया से पहुंचा सोनार भी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में विभिन्न घरों में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए एक बड़े चोर गिरोह का पर्दाफांस कर महिला सहित कुल 22 चोरों को गिरफ्तार किया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि विगत दो-ढाई महीनों से पलामू, गढ़वा व लातेहार जिलों विषेश कर शहरी क्षेत्रों में चोरी की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हुई थी। जिसके रोकथाम, चोरों के घर-पकड़ व चोरी में गये सामानों की बरामदगी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिन्हें सूचना मिली कि मध्य प्रदेश के गुना जिला के पारदी समुदाय के लोग काफी संख्या में पलामू प्रक्षेत्र के रेहला में अस्थायी टेंट बनाकर रह रहे हैं। इनमें कई पुरुष, महिलाएं व बच्चे हैं। वे लोग दिन के उजाले में खिलौना एवं बैलून बेचने की आड़ में पूरे शहर में टोली बनाकर घूमते थे और वैसे घरों को रेकी करते थे, जिसे आसानी से शिकार बने सके। इसके बाद पूरी तैयारी के साथ टोली बनाकर वैसे घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। इसके बाद कभी लातेहार, कभी गढ़वा तो कभी पलामू के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के किनारे जाकर रहने लगते है। उक्त सूचना के आधार पर छापामारी दल ने रेहला में रह रहे पारदी समुदाय की पुरुष-महिलाओं को पकड़ लिया और उनसे सख्ती से पूछताछ शुरू की। जिसके बाद एक-एक कर उन लोगों ने पलामू में करीब 15, लातेहार में तीन और गढ़वा शहर में चोरी की दो घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की। इसके अलावा भी विभिन्न जगहों से चोरी की घटना में संलिप्तता को स्वीकार किया। इस दौरान तलाशी लेने पर पुलिस को इनके पास से चोरी में प्रयोग किये जाने वाले औजार, चांदी के जेवर एवं कुछ नगद राशि बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चोरी में मिले सोना चांदी के आभूषणों को बिहार के गया जिले में रहने वाले सोनार मनोज कुमार को बेचते हैं। मनोज भी आभूषण खरीदने पहुंचा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से कुल 25 हजार नगद रुपये बरामद हुए। पुलिस ने सभी सामानों को जब्त कर लिया। पकड़े गए चोरों के पास से दो बड़ा फेचकस, 3 टार्च, तीन गुलेल, नकद 48 हजार 500 रुपये, तीन लोहे का रॉड, एक लोहे का डाई, 8 मोबाइल फोन आदि सामान बरामद किया है। वहीं, छापामारी अभियान में डीएसपी मणि भूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, एसआई गुलशन बिरुआ, संतोष कुमार, अनिल सिंह, ऋषिकेश दूबे, सुबोध कुमार, संदीप भारती, लातेहार थाना के एसआई रंजन पासवान, रमाकांत गुप्ता, राहुल सिन्हा, कृष्णा पाल सिंह, धर्मबीर सिंह, गढ़वा थाना के एसआई संतोष कुमार, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, रोहित कुमार, सूर्यनाथ सिंह, नंदलाल पटेल आदि शामिल थे।



चोर गिरोह का पर्दाफाश कर उनके करतूतों की जानकारी देती एसपी रीष्मा रमेशन।

# थाईलैंड में एशिया एचीवर्स एवं भारत के गौरव अवार्ड से नवाजे गये पर्यावरणविद डॉ कौशल

## डॉ कौशल का कार्य मील का पत्थर साबित होगा : कॉर्न देमोरेंसी

- थाईलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी ने किया सम्मानित
- पर्यावरणविद को विदेशों में छठा व जीवनकाल का मिला 65 वां अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित होटल हॉलिडे इन में आयोजित कार्यक्रम में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद और ट्री मैन ऑफ झारखंड की ख्याति प्राप्त डॉ कौशल किशोर जायसवाल को वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी ने एशिया एचीवर्स व भारत गौरव अवार्ड से नवाजा। छह दिवसीय विदेश यात्रा पर पहुंचे डॉ कौशल ने बताया कि उनके द्वारा चलाये गये निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 58वां वर्ष और वनराखी मूवमेंट के 48वां वर्ष पूरा होने पर बैंकॉक के होटल हॉलीडे ईन में मोटिवेशनल स्पीकर पॉल नरूला की ओर से आयोजित सम्मान समारोह का उद्गाटन थाईलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी, पॉल नरूला , डॉ राजू खान, डॉ जफर और पर्यावरणविद डॉ कौशल ने संयुक्त रूप से किया। इसमें डॉ कौशल को सम्मानित करते हुए पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी ने कहा कि डॉ कौशल द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे अरसे से जो निःशुल्क कार्य किया जा रहा है वह दुनियां के लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ है। कहा कि भारत-थाईलैंड दोनों देशों की मित्रता लंबे अर्से से चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगा। बतातें चलें कि डॉ कौशल को विदेशों में छठा और जीवन का 65 वां अवार्ड मिला है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार अतिथियों को पौधा देने का विधान है। कार्यक्रम में डॉ कौशल, उनके पुत्र अरुण जायसवाल और रोहित जायसवाल ने सभी अतिथियों को भारत से ले गए पौधा भेंट कर सम्मान किया। वहीं, डॉ कौशल ने सभी अतिथियों को भारत आने का आमंत्रण भी दिया। जिसे उन लोगों ने स्वीकार करते हुए भारत आने की अपनी सहमति जताई। उधर, डॉ कौशल ने बैंकॉक में अपने संस्था का विस्तार करते हुए निःशुल्क पौधा वितरण, रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर 2024 का वनराखी मूवमेंट का शुभारंभ किया। अवार्ड लेकर लौटने पर उनके पड़ोसियों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने डॉ कौशल व पुत्र अरुण जायसवाल का डालटनगंज स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। मौके पर मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सूरज, विकास, आराध्या, आशिविका, आद्रिका, अनुषा, सत्य सिंह, संतोष, रामू व छोटू मौजूद थे।



थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी से अवार्ड लेते ट्री मैन डॉ कौशल।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पांकी विस से कांग्रेस से अपनी उम्मीदवारी को लेकर जिलाध्यक्ष को बायोडाटा सौंपा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसी के सिपाही के रूप में कार्य कर रहे युवा नेता रुद्र शुक्ला ने जनता और कार्यकर्ता की रजामंदी से पांकी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी प्रत्याशी के रूप में अपनी उम्मीदवारी पेश की। उन्होंने अपनी उम्मीदवारी पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के समक्ष पेश किया। प्रदेश नेतृत्व के आदेशा अनुसार युवा नेता ने अपना बायोडाटा जिला अध्यक्ष को समर्पित किया। रुद्र शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के सिपाही के रूप मैने कार्य किया और पार्टी का अपार प्यार मुझे मिलता रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पार्टी मुझे पांकी विधानसभा में अपना उम्मीदवार बना कर यहां की जनता की भावनाओं को जरूर समझेगी।

## डेंगू से मारे गये कार्यकर्ता के दाह संस्कार में शामिल हुए राजद प्रदेश अध्यक्ष, जताया दुख



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** डेंगू बुखार पीड़ित होकर मारे गये शशि कुमार चंद्रवंशी का मंगलवार को बेलौदर पहाड़ी स्थित श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया गया। जहां राजद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हरिहरगंज हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय सिंह यादव के अलावे कई दलों के नेता शामिल हुए और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। इस अवसर पर राजद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शशि कुमार चंद्रवंशी का निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। वह राजद के समर्पित कार्यकर्ता होने के साथ एक अच्छे क्रिकेटर भी थे। लोगों के साथ मिल जुल कर रहते थे। उनके नेक स्वभाव ने अंतिम संस्कार में भाग लेने पर विवश कर दिया। इस मौके पर पलामू संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी ममता भुइंया, युवा नेता रवि यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र यादव, जिप प्रतिनिधि राजेश राम, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, रंजित पासवान, अशोक यादव, विजय पाठक, सतेंद्र यादव, लखन यादव और विनय यादव आदि कई सामाजसेवी व गणमान्य लोगों ने परिजनों के प्रति सहानुभूति जतायी।

## रेहला थाना में पुलिस-पब्लिक मीट में अपराध व अवैध कारोबार पर अंकुश को लेकर चर्चा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस पब्लिक मीट का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त थाना प्रभारी संतोष कुमार ने किया। इस दौरान अपराध और अवैध कारोबार पर पूर्ण नियंत्रण को लेकर लोगों से सुझाव मांगते हुए सहयोग की अपील की गयी। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना लोगों के लिए न्याय की पहली उम्मीद होती है, जिसपर रेहला पुलिस शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेगा। किसी के साथ भी अन्याय न हो इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को भंग होने नहीं दिया जायेगा। मौके पर एसआई मोहम्मद एनामुल हक खान, एएसआई कुशेश्वर सिंह, मुन्ना पासवान, मोहन यादव, सांसद प्रतिनिधी अनुज पांडेय, जिला पार्षद विजय रविदास, बसपा नेता गोपाल राम, डॉ डीपी शुक्ला, आलोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला आदि मौजूद थे।

# राजा हरिश्चंद्र घाट में निजी खर्च से प्रतिदिन भेजूंगी पानी: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को राजा हरिश्चंद्र घाट जाकर आनंद कुमार बाबू उर्फ बाबू भाई चंद्रवंशी का अंतिम दर्शन किया। प्रथम महापौर ने कहा कि एक मिलनसार व्यक्ति हम सभी के बीच नहीं रहे। उनकी कमी हमेशा खलेगी। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। उन्होंने राजा हरिश्चंद्र घाट की व्यवस्था भी देखी। कहा कि मुझे यहां आने का मौका नहीं मिलता। मैं घर पर ही जाकर किसी के यहां कोई घटना होने पर अंतिम दर्शन कर लेती हूं। लेकिन आज यहां आने पर पता चला की नदी के किनारे होने के बावजूद राजा हरिश्चंद्र घाट में पानी की बहुत समस्या हो रही है। हरिशचंद्र घाट में बोरिंग जो मैंने कराई थी उसमें 700 फीट में भी पानी नहीं मिला। कहा कि मैं दो-तीन दिनों के अंदर अपने निजी खर्च से प्रतिदिन सुबह-शाम टैंकर से पानी भेजूंगी। प्रथम महापौर ने चेंबर की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज सदस्यों की बदौलत हमारा हरिश्चंद्र घाट स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित है। मात्र 3500 रुपए में सफाई से लेकर डोमराजा तक लकड़ी सहित व्यवस्था दी जा रही है।



# तर्कवादी डॉक्टर नरेंद्र दाभोलकर के स्मृति दिवस पर सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज में मंगलवार को डॉ नरेंद्र दाभोलकर की स्मृति दिवस को 'राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्य मणि सिंह और संचालन प्रो राहुल सिंह ने किया। जिसमें डॉ नरेंद्र दाभोलकर प्रखर तर्कवादी और अंधविश्वास के शत्रु विषय पर चर्चा की गयी। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दर्शन शास्त्र के विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि दाभोलकर पेशे से डॉक्टर थे और साल 1989 में 'महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' का गठन कर अंधविश्वास के खिलाफ मुहिम छेड़ीथी। कई स्वयंभू भगवानों, बाबाओं, तांत्रिकों एवं ओझाओं का उन्होंने भंडाफोड़ किया। उनका मानना था कि इस लोक के परे कुछ नहीं है। वे निरीश्वरवादी थे और तर्क एवं विज्ञान की रोशनी में ईश्वर, आत्मा, पुनर्जन्म, मोक्ष, अमरता, भूत - प्रेत, चमत्कार, ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, स्वर्ग - नरक इत्यादि किसी भी रहस्मय एवं पारलौकिक चीज को स्वीकार नहीं करते थे। सेमिनार में रानी कुमारी, दिव्या कुमारी, आलोक कुमार, लाडले हसन, नसीम आलम, आनंद उज्जवल, और फैजान अख्तर आदि ने अपने विचार प्रकट किए। मौके पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो अरुण कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ शिव कुमार विश्वकर्मा, सुनील कुमार सिंह और अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।



# सीसीएल ढोरी में शतरंज व कैरम प्रतियोगिता शुरू

## सीसीएल कामगारों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : जीएम

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी के सेंट्रल कॉलोनी स्थित ऑफिसर क्लब में दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय कैरम व शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन सीसीएल ढोरी के जीएम रंजय सिंह ने किया। उन्होंने कैरम और चेस खेल कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है। कहा कि सीसीएल कामगारों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बस उसको निखारने और एक मंच देने की जरूरत है। कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ शिक्षा, खेल, संस्कृतिक कर्यक्रम आदि का भी अयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में सीसीएल ढोरी सहित बीएंडके, कथारा, अरगड्डा, कुज्जू, बड़का स्याल, बरकाकाना, सीसीएल हेड क्वार्टर, हजारीबाग के टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्र के 98 कर्मचारी शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, एसओसी मनोज साह, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम यूईके, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, मोहम्मद तौकीर आलम, यूनियन प्रतिनिधि रविंद्र कुमार मिश्रा, शिवनंदन चौहान, धीरज पांडेय, जयनाथ मेहता, विनय सिंह, राजू भूखिया, नरेश महतो आदि थे।



## समाजसेवी बबलू सिंह ने निजी खर्च से बनवाया एक किलोमीटर सड़क



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर एक के भोलाटांड गांव में समाजसेवी अभिमन्यु उर्फ बबलू सिंह ने निजी खर्च से एक किलोमिटर लंबी सड़क बनवायी। बताते चलें कि मुख्य पथ से भोलाटांड़ गांव जाने वाली कच्चा सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी थी। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बबलू सिंह से सड़क मरम्मत करवाने का आग्रह किया था। जिसके बाद उन्होंने पहले जेसीबी मशीन लगवाकर सड़क को समतल कराया। उसके बाद मेटल मोरंग डलवाकर सड़क का निर्माण करवाया। मंगलवार को अंजू अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, टीम प्रभारी सलीमुदिन अंसारी, प्रवीन सिंह आदि ने सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया व देखरेख में निर्माण कार्य पूरा कराया।

## जपला आशुतोष धाम परिसर में भंडारे का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम परिसर में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। भजन कीर्तन की शुरूआत क्षेत्रीय गायक वीरेंद्र कुमार ने सरस्वती वंदना से किया। वहीं, समाजसेवी राजेश्वर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से भक्ति का माहौल बनता है।भ क्ति व आराधना से ही सुकून मिलती है। इस दौरान कलाकारों को सम्मानित किया गया। भजन कीर्तन के बाद शिव भक्तों की ओर से भव्य भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर आरपीएफ के जेपी यादव, जयप्रकाश प्रसाद, पत्रकार धनंजय कुमार, संजय सिंह, सुनील राय, राकेश कुमार, संजय पाठक, रवि कुमार गुप्ता, जयशंकर गुप्ता, युगेश प्रसाद यादव, प्रयाग मेहता, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
**rdsdgumla123@gmail.com.**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 891 दिनांक 10.08.2024 द्वारा ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/GUMLA/05/2024-24(2nd Call)** जिसका पी०आर०(PR)सं०–332541 Rural Development (24-25)#D है, में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है। ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.08.2024 से दिनांक 25.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक 21.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक एवं ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 27.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला

PR 333188 (Rural Development)24-25*D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(आपूर्ति शाखा)**

**परिवहन अभिकर्ता के चयन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (JSFC) के गोदामों से लोहरदगा जिले के प्रखंडों में स्थित जनवितरण प्रणाली दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के डोर स्टेप डिलिवरी (DSD) हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता का Gem पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया गया है।

निविदा हेतु विवरणी:–

| S.L No | District | BLOCK | BID No |
|---|---|---|---|
| 1 | LOHARDAGA | Loahrdaga | GEM/2024/B/5301090 |
| 2 | | Kuru | GEM/2024/B/5300991 |
| 3 | | Bhandra | GEM/2024/B/5301164 |
| 4 | | Senha | GEM/2024/B/5301114 |
| 5 | | Kisko | GEM/2024/B/5301139 |

नोट:–निविदा की शर्त एवं विस्तृत जानकारी हेतु **Gem PORTAL** पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, लोहरदगा
उप विकास आयुक्त, लोहरदगा

PR 333186 Lohardaga(24-25).D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 09/2024–25**

**4th call**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 27.08.2024 को (अपराह्न 01:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 28.08.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 28.08.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | प्रखण्ड अड़की अन्तर्गत पंचायत सरगेया में ग्राम राउता में 200 फीट नाली एवं ढक्कन का निर्माण। | 2,25,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 2 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

ह०/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।

PR 333132 District(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# बंगाल की ममता बनर्जी के नक्शे कदम पर चल रही झारखंड सरकार: बिरंची नारायण

## कहा- रोहिंग्या-बांग्लादेशी मुसलमानों से पट गया है संथाल परगना, सरकार मौन

- राज्य की खनिज संपदा की मची है लूट, कई पहाड़ आज खाई में तब्दील हो चुके हैं
- गठबंधन सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 23 अगस्त को सीएम आवास घेराव की तैयारियों को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता


अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते बिरंची नारायण व अन्य।

**बोकारो।** जिला भाजपा की ओर से मंगलवार को विधायक बिरंची नारायण के आवास पर संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय, महामंत्री संजय त्यागी, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार और मीडिया प्रभारी महेंद्र राय भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड बिल्कुल बंगाल की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है, जो चिंता का विषय है। संथाल परगना में रोहिंग्या-बांग्लादेशी मुसलमान बहुमत और आदिवासी अल्पमत में आ गये हैं। मुसलमानों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही और सराकर मौन है। आदिवासियों का पंचायत से उनका अधिकार छीना जा रहा। आज कई पंचायतों में ररोहिंग्या मुसलमान जनप्रतिनिधि बन कर हक छीन रहे हैं। झारखंड की गठबंधन सरकार भी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के नक्शे कदम पर चल रही है। राज्य में बहु-बेटियों की अस्मिता लूटी जा रही। लूट -हत्या और बलात्कार जैसी घटनाओं से प्रदेश शर्मशार हों रहा और सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। वोट बैंक की राजनीति में आदिवासियों का हक अधिकार छीना जा रहा। भविष्य में आदिवासी समुदाय खतरे में होगी। उन्होंने कहा कि 2019 विधानसभा चुनाव में झामुमो ने चुनावी घोषणा पत्र में झारखंड के युवाओं को पांच लाख नौकरी, ग्रेजुएट को 5000 हजार और पोस्ट ग्रेजुएट को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा कर राज्य में अपनी सरकार बनाई। पर पांच साल के कार्यकाल को अब महज तीन महीने ही बचे हैं, लेकिन युवाओं से किया वादा आज तक पूरा नहीं किया। वहीं, राज्य की खनिज संपदा की लूट मची है। कई पहाड़ आज खाई के रूप में तपदील हो चुके हैं। बालू घाटों को नीलामी ना करके सरकार में बैठे लोग खुद बालू की कालाबजारी करवा रहे हैं। जिससे राजस्व को नुकसान हो रहा। सरकार सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग के उद्योग में लगी है। ब्लॉक, अंचल थाना जिला की मनमानी बोली लगाकर वहां अधिकारियों की पोस्टिंग हो रही है। जबकि जनहितकारी योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल कर पैसे की उगाही चल रही है। इससे झारखंड के युवाओं में आक्रोश है। जिसके विरोध में राज्य के विभिन्न हिस्सों से एक लाख से अधिक युवाओं का विशाल जनाक्रोश 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव व प्रदर्शन करेगा।

# शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर हम बन सकते हैं विकसित देश : प्रोफेसर धीरज कुमार

आइआइटी आईएसएम में विज्ञान ज्योति योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम संपन्न
- छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व गणित में करियर की संभावनाओं में मिला मार्गदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पीएम श्री जेएनवी कोडरमा की कक्षा 9वीं और 10वीं की 100 से अधिक छात्राओं ने मंगलवार को उच्च स्तरीय उपकरणों से सुसज्जित आईआईटी (आईएसएम) की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का दौरा किया। साथ ही संस्थान के संकाय सदस्यों व अन्य अनुसंधान विद्वानों के साथ करीबी बातचीत की, जिन्होंने उन्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग एवं गणित (एसटीईएम) में करियर की संभावनाएं के बारे में मार्गदर्शन दिया। मौका था विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की विज्ञान ज्योति योजना के तहत आइआइटी आईएसएम के गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर (जीजेएलटी) में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम का, जिसका उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व में सुधार करना था। इस दिन तीन अलग-अलग मुख्य भाषण भी दिए गए जिसमें प्रोफेसर आलोक दास, डीन इनोवेशन इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (आईआईई) द्वारा प्रोफेसर पार्थसारथी दत्ता, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान और रासायनिक जीव विज्ञान और गणित और कंप्यूटिंग विभाग के प्रोफेसर संजीव साहू शामिल थे। इस दौरान बीटेक छात्रा सान्या द्वारा एक प्रेरक वार्ता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर आईआईटी (आईएसएम) के उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने कहा कि ना केवल महिला भागीदारी, बल्कि एसटीईएम में पुरुष भागीदारी भी दुनिया के अन्य देशों जैसे अमेरिका, चीन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया आदि की तुलना में हम कहीं नहीं है। प्रोफेसर कुमार ने कहा कि वास्तव में सभी विकसित देशों में एसटीईएम शिक्षा का योगदान अधिक है। इसमें अमेरिका में एसटीईएम शिक्षा का योगदान लगभग 65 फीसदी है। प्रोफेसर कुमार ने कहा कि एसटीईएम को सबसे महत्वपूर्ण घटक के रूप में शामिल करते हुए शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर हम 2024 तक विकसित देश बन सकते हैं। वहीं, रसायन विज्ञान एवं रसायन जीवविज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो पार्थसारथी दास ने कहा कि जब एक लड़की शिक्षित होती है तो पूरा परिवार धीरे-धीरे प्रगति करता है और राष्ट्र भी तेज गति से विकसित होता है। आइआइटी (आईएसएम) के संकाय प्रभारी (प्रायोजित अनुसंधान एवं औद्योगिक परामर्श) प्रो एजाज अहमद ने कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य समाज में मान्यता प्राप्त करना है। आईआईटी आईएसएम में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रोफेसर मधुलिका गुप्ता ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को ठीक करने को डीएसटी ने विज्ञान ज्योति का अनूठा कार्यक्रम शुरू किया है।

# सूचना प्रौद्योगिकी के जनक हैं स्व राजीव गांधी: छेदी नोनिया



पांच नंबर धौड़ा में पूर्व पीएम स्व राजीव गांधी का मनी जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत पांच नंबर धौड़ा स्थित राष्ट्रीय कोयला मजदूर संघ (राकोमसं) कार्यालय में बेरमो प्रखंड कांग्रेस की ओर से मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 80वां जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने की। इस अवसर पर पार्टी और यूनियन के सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। छेदी नोनिया ने कहा कि स्व राजीव गांधी सूचना प्रौद्योगिकी के जनक है। उन्हें देश के प्रति अमूल्य योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। स्व राजीव गांधी ने देश को एक नई दिशा दी थी। उन्होंने नागरिकों के बीच एक आशा का संचार किया था। भारत को विश्व के अग्रणी देशों में स्थापित किया। उन्होंने देश में कई सकारात्मक बदलाव किए थे। पंचायती राज की स्थापना कर जमीनी स्तर पर लोगों और विशेषकर संस्थाओं को सशक्त बनाया। उन्होंने देशहित के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए थे। जिसका लाभ आज सभी वर्ग के लोग उठा रहे है। अल्प समय में हमारे प्रिय नेता ने जो भारत को दिया वह अविस्मरणीय है। कहा कि हमें उनके अधूरे कार्यों को एकजुट होकर पूरा करना है। साथ ही स्व राजीव गांधी के जीवन परिचय और उनके द्वारा देश में इलेक्ट्रॉनिक में क्रांति लाने पर अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर ललन रवानी, रामदेव रवि, जसीम रजा, परवेज अख्तर, मनोज कुमार ठाकुर, प्रदीप कुमार सिंह, प्रदीप महतो, संतोष सिंह, सतेंद्र शर्मा, प्रेम रवानी, नंद किशोर सिंह, अरुण गोराई, पवन शर्मा, राम बालक बेदिया आदि मौजूद थे।

# स्व राजीव गांधी ने हमेशा मजदूरों के हितों को पहली प्राथमिकता दी: ब्रजेंद्र सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोलियरी मजदूर यूनियन (राकमयू) ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मंगलवार को उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कोयला नगर में राजीव गांधी चौक पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गयी। वरिष्ठ नेताओं ने राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों और विचारधारा पर प्रकाश डाला। बताया कि कैसे राजीव गांधी ने देश के औद्योगिक और तकनीकी विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया, विशेषकर कंप्यूटर क्रांति और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में। इस अवसर पर श्रमिकों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए राजीव गांधी के प्रयासों को भी याद किया गया। वहीं, राष्ट्रिय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने हमेशा मजदूरों के हितों को प्राथमिकता दी और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। हम उनके इन प्रयासों के लिए सदैव आभारी रहेंगे। वहीं, यूनियन के महामंत्री एके झा ने समाज में एकता, भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देने की अपील की गई, जो राजीव गांधी के जीवन के मूल सिद्धांत थे। मौके पर रामप्रित यादव, संयुक्त महामंत्री बैभव सिन्हा, शकील अहमद, सतनारायण चौहान, गुलशन खातून, सौरभ सिंह, धनेश मिश्रा, प्रवीण कुमार, कौशल राम, प्रदीप महतो, उत्तम कुमार, जय महतो, शहजाद खान, विजय कुमार, रंजीत नोनिया और केपी श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# डालसा ने दर्जनों दिव्यांग बच्चों के बीच सामग्री बांटा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झालसा के तत्वाधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर सभी प्रखंडों में 45 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत 18 साल तक के दिव्यांग बच्चों के बीच सामग्री का वितरण करना है। इसकी जानकारी अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने दिया। साथ ही मंगलवार को झरिया आंचल में जिला प्रशासन, अंचल अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर द्वारा दर्जनों दिव्यांग बच्चों के बीच ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग ऐड आदि वितरित किया।

# 23 सूत्री मांगों को लेकर बीसीसीएल के समक्ष दिया धरना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अरलगढ़िया विस्थापित संघर्ष मोर्चा की ओर से 23 सूत्री मांगों को लेकर पीबी प्रोजेक्ट के मेन गेट को जाम कर मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मशाल जुलूस सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष दिनेश ओझा व सचिव विकास सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि अभी तक वे लोग शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे है। इस पर भी प्रबंधन ने मांगों को नहीं माना तो जल्द ही क्षेत्रीय प्रबंधन का घेराव किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो कोयला भवन पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर राकेश सिंह, सुनील सिंह, रतीलाल महतो, गुलाब दे, राधा गोविंद ओझा, बबलू सिंह, सृष्टि धर सिंह, अमित बावरी, साधन सिंह, सदानंद दास आदि थे।

# जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें गोमो के लोको बाजार से आई एक महिला ने बताया कि उनके पैतृक घर के पास एक व्यक्ति ने जमीन खरीदी है। वह उसकी जमीन से रास्ता देने के लिए दबाव बना रहा है। जब 16 अगस्त को महिला ने इसका विरोध किया तो उस व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आए महिला के बेटे और बेटी से भी मारपीट की। इसकी शिकायत लेकर जब हरिहरपुर थाना पहुंची तो पुलिस ने भी कोई सहयोग नहीं किया। वहीं बरोरा एरिया के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि जमीन अधिग्रहण के तहत बीसीसीएल ने उनका घर तोड़ दिया है। इसके बाद से ना मुआवजा दिया ना ही नियोजन मिला। इसी तरह एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि एमओसीपी के लिए बीसीसीएल ने उनकी जमीन का अधिग्रहण किया था पर जमीन के बदले ना मुआवजा मिला और ना ही नियोजन दिया। इसके अलावा जनता दरबार में आवास दिलाने, पेंशन का भुगतान कराने, जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने, सरकारी जमीन पर जबरन दखल करने, इलाज के लिए सहायता प्रदान करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जिसका डीसी ने निवारण करने का आश्वासन दिया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई-अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- RDD/SD/LOHARDAGA/E-01/2024-25(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के पेशरार प्रखण्ड में ग्राम हतवल से पहाड़डाडु को जाने वाले पथ में कोइला खांड़ नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 2,83,34,800.00 | 5,66,700.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 23.08.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 03.09.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई-निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाष संख्या :- 06526-295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 333189 Lohardaga(24-25)#D



उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(आपूर्ति शाखा)

परिवहन अभिकर्त्ता के चयन हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (JSFC) के गोदामों से गुमला जिले के प्रखंडो में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य समाग्रियों के डोर स्टेप डिलिवरी (DSD) हेतु परिवहन-सह-हथलन अभिकर्त्ता का Gem Portal के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया गया है।

निविदा हेतु विवरणीः-

| क्रं0सं0 | जिला | प्रखण्ड | BID NO |
|---|---|---|---|
| 1 | गुमला | गुमला | B/5299393 |
| 2 | | घाघरा | B/5300258 |
| 3 | | विशुनपुर | B/5299017 |
| 4 | | रायडीह | B/5300051 |
| 5 | | चैनपुर | B/5300001 |
| 6 | | डुमरी | B/5300166 |
| 7 | | पालकोट | B/5299646 |
| 8 | | कामडारा | B/5300108 |
| 9 | | बसिया | B/5299931 |
| 10 | | सिसई | B/5300301 |
| 11 | | भरनो | B/5299878 |

इच्छुक निविदाता दिनांक- 17.08.2024 से GEM Portal पर निविदा अपलोड कर सकते है। उक्त निविदा को दिनांक 29.08.2024 को 1.00 बजे अपराह्न से उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय के सभा कक्ष में निविदा समिति के द्वारा खोला जाएगा, जिसमें निविदाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निविदा को प्रस्तुत करने हेतु समय तालिका

| क्रं0स0 | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा अपलोड करने की तिथि | 17.08.2024 से 28.08.2024 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.08.2024 |
| 3 | निविदा खोलने का स्थान | उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः- निविदा की शर्त एवं विस्तृत जानकारी हेतु Gem Portal पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गुमला

PR 333179 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)24-25*D


## स्व राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर सद्भावना यात्रा का आयोजन

# देश के औद्योगिक व तकनीकी विकास में स्वर्गीय राजीव गांधी का है अभूतपूर्व योगदान : जलेश्वर

## स्व राजीव गांधी ने देश के करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगायी थी: संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधीकी 80वीं जयंती पर मंगलवार को धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में दो किलोमीटर लंबी सद्भावना यात्रा निकाली गयी, जो जिला परिषद मैदान से प्रारंभ होकर श्रमिक चौक रांगाटांड़ तक पहुंची। कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने हाथ में तिरंगा झंडा और राजीव गांधी जी की तख्तियां लिए नारेबाजी कर रहे थे। सद्भावना यात्रा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, वरीय कांग्रेस नेता बजेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, मदन महतो, शमशेर आलम आदि शामिल हुए। रांगाटांड़ चौक पर स्व राजीव गांधी की चित्र पर माल्यार्पण के बाद सद्भावना यात्रा सभा में तब्दील हो गई। यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि असली राजनेता वही होता है जिसकी सोच आज से 50 साल आगे तक की होती है। स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने भविष्य को देखते हुए तब कंप्यूटराइजेशन की शुरूआत की थी। जिसकी मदद से लाखों युवा देश-विदेश में रोजगार पाकर देश की समृद्धि एवं प्रगति में योगदान दे रहे हैं। आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचा दिया। मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए। वहीं, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि राजीव गांधी ने देश के औद्योगिक और तकनीकी विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया हैं। विशेषकर कंप्यूटर क्रांति और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए। श्रमिकों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए राजीव गांधी द्वारा किए गए प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा। वहीं, ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने हमेशा मजदूरों के हितों को प्राथमिकता दी और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। हमलोग उनके इन प्रयासों के लिए सदैव आभारी रहेंगे। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, रविंद्र वर्मा, वैभव सिंहा, मुख्तार खान, मनोज यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, राजेश्वर यादव, नवनीत नीरज,बीके सिंह, लक्ष्मण तिवारी, महेंद्र दुबे, कालीचरण यादव, कुमार गौरव उर्फ सोनू, गोपाल कृष्ण चौधरी, शैलेश सिंह, रणविजय सिंह, रणधीर ठाकुर अछयवर प्रसाद, मंटू दास, क्यूम खान, शरफराज आलम, वकील बाउरी, अनिल साव आदि थे।

# आरसीएमयू सीसीएल में मजदूरों का विश्वसनीय संगठन : अजय सिंह

**कथारा (आजाद सिपाही)।** नवगठित आरसीएमयू कथारा क्षेत्रीय समिति की बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय सिंह और संचालन सचिव विल्सन फ्रांसिस ने किया। यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने हाल के दिनों में क्षेत्रीय समिति की सूची जारी की गई है। उस समिति की पहली बैठक राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन सह क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। जिसमें संगठन की मजबूती व मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। अजय सिंह ने कहा कि पूरे सीसीएल में आरसीएमयू मजदूरों का सबसे विश्वसनीय और बड़ा संगठन है, जो मजदूर हित में काम करता है।

# सम्मम डॉक्टर ने सफल प्लाज्मा एक्सचेंज के साथ लीवर की गंभीर समस्याओं वाले रोगियों का किया सफल इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल की एक 19 वर्षीय लड़की, जो लीवर की गंभीर समस्याओं (लिवर फेलियर) से पीड़ित थी, उनको सम अल्टिमेट मेडिकेयर डॉक्टरों द्वारा प्लाज्मा एक्सचेंज के माध्यम से सफलतापूर्वक ठीक कर दिया गया है। डॉ गदाधर पंडा सलाहकार गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग सम्मम ने कहा कि लड़की भर्ती होने के समय बुखार और पीलिया से पीड़ित थी और उसमें यकृत की गंभीर समस्याएं और परिवर्तित संवेदी जैसे लक्षण थे। मूल्यांकन में यह पाया गया कि वह वायरल संक्रमण से संक्रमित हुई थी, जिसके कारण यकृत की तीव्र विफलता हुई थी। क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रमुख डॉ बानाम्बर राय ने कहा कि ऐसे रोगियों में मृत्यु दर लगभग 90 प्रतिशत है और ऐसे मामलों के इलाज के लिए यकृत प्रत्यारोपण सबसे बड़ा विकल्प है।

हालांकि इस युवती के मामले में लिवर ट्रांसप्लांट संभव नहीं था, इसलिए उसके शरीर में प्लाज्मा एक्सचेंज या लिवर डायलिसिस करने का निर्णय लिया गया। उनके परिवार को इस उपचार की जटिलताओं और लाभों को विस्तार से समझाने के बाद प्लाज्मा एक्सचेंज का निर्णय लिया गया। रोगी को चिकित्सा प्रबंधन के साथ प्लाज्मा विनिमय के तीन चक्रों के अधीन किया गया था। इसके बाद वह होश में आ गयी और उसके यकृत की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ। ठीक होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

डॉ पंडा ने कहा कि सम अल्टिमेट ही नहीं, बल्कि राज्य के कई ऐसे मरीज हैं, जिनमें लिवर ट्रांसप्लांट संभव नहीं है, उन्हें प्लाज्मा एक्सचेंज के जरिए ठीक कर मरीजों के मन में उम्मीद जगायी है।

# जहरीली शराब पीने से 20 से अधिक लोग बीमार, 4 गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जहरीली शराब पीने से 20 से ज्यादा लोग बीमार हैं। 4 लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें ब्रह्मपुर एमकेसीजी मेडिकल में भर्ती कराया गया है। ऐसी घटना चिकटी एनएसी के करबालुआ और जेनापुर अंचल से सामने आयी है। आशंका जतायी जा रही है कि ऐसा देशी शराब बनाने के कारण हुआ है। इस जहरीली शराब को पीने से 20 से ज्यादा लोग बीमार पड़ गये हैं। सूचना मिली है कि इनमें से गंभीर रूप से घायल को ब्रह्मपुर एमकेसीजी मेडिकल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

इस पर कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि अवैध शराब के धंधे में शामिल लोगों पर जल्द कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में शराब की तस्करी को रोकने के लिए उठाये गये कदमों को नयी आबकारी नीति में शामिल किया जायेगा। हालांकि, चिकिटी में, जो लोग शराब पीने के बाद बीमार पड़े थे, उन सबकी स्वास्थ्य स्थिति अब ठीक है। मंत्री ने कहा कि 20 में से एक की हालत गंभीर थी और उसकी हालत में सुधार हो रहा था।

## भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर में 'मैं भी वैज्ञानिक बनूंगा' शीर्षक पर कार्यशाला



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ न्यूक्लियर केमिस्टस एंड एलाइड साइंटिस्टस-पूर्वी क्षेत्रीय चैप्टर इयनकॉस-इआरसी और भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर के संयुक्त प्रयास से आइओपीए भुवनेश्वर परिसर में शुक्रवार को मैं भी वैज्ञानिक बनूंगा शीर्षक पर आइओपी-इयनकॉस स्वर्ण जयंती कार्यशाला हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वस्तु विज्ञान, नाभिकीय विज्ञान, प्रगत भौतिक विज्ञान के महत्व और अन्य सामाजिक अनुप्रयोग पर प्रकाश डाल कर विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में पूरे ओड़िशा से लगभग 20 ओड़िया माध्यम उच्च विद्यालयों के 9वीं और 10 वीं कक्षा के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम का उद्घाटन आइओपी के निदेशक और इयनकॉस- इआरसी अध्यक्ष प्रो करुणा कर नंद ने किया। सम्मानित अतिथि के रूप में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई के डॉ आर आचार्य ने भाग लिया था। प्रो पीके साहू, डॉ एसएन षडंगी और डॉ बी मल्लिक सचिव इयनकॉस-इआरसी ने आमंत्रित वार्ता प्रदान की। इस कार्यशाला में पांच वैज्ञानिक प्रेरक वार्ताएं गामा-रे मापन और बीटा कण गणना पर व्यावहारिक प्रदर्शन, तरल नाइट्रोजन का उपयोग करके आकर्षक विज्ञान प्रयोग और डॉ केसीपात्र द्वारा विज्ञान में करियर बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने की विज्ञान प्रश्नोत्तरी आदि शामिल थी। इस स्वर्ण जयंती समारोह को आकर्षक बनाने के लिए इस कार्यक्रम में लेने वाले प्रत्येक ओड़िया माध्यम उच्च विद्यालय को एक एक विज्ञान उपकरण का एक बैग आइओपी के निदेशक ने प्रदान किया।

# सिम बॉक्स मामले में ओड़िशा पुलिस ने रांची के कांटाटोली में की छापामारी

## आठ सिम बॉक्स बरामद, बांग्लादेश से है कनेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/ओड़िशा।** ओड़िशा पुलिस ने सिम बॉक्स रैकेट कनेक्शन मामले में रांची के कांटाटोली इलाके में मौजूद एक घर में छापेमारी की है। एक घर का ताला तोड़ कर पुलिस ने आठ सिम बॉक्स बरामद किया है। इस मामले में 6 लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। ओड़िशा पुलिस के इस अभियान में रांची पुलिस की टीम भी शामिल है। रेड को लेकर भुवनेश्वर के पुलिस कमिश्नर संजीव पाडा ने भी इशारा किया था। उन्होंने बताया था कि सिम बॉक्स रैकेट के लिंक झारखंड में भी हैं। ओड़िशा में दो का भंडाफोड़ हो चुका है, तीसरा रैकेट झारखंड में चल रहा था।

ओडिशा में रैकेट का भंडाफोड़ 16 अगस्त को भुवनेश्वर में पश्चिम बंगाल निवासी राजू मंडल की गिरफ्तारी के बाद हुआ था। पुलिस ने भुवनेश्वर स्थित एक आवास से पांच सक्रिय सिम बॉक्स, दो रिजर्व सिम बॉक्स और 750 से अधिक सिम कार्ड के साथ-साथ राउटर और अन्य उपकरण जब्त किया था। पूछताछ के दौरान राजू मंडल कटक और रांची सहित कई स्थानों से सिम बॉक्स संचालित करने की बात कही थी। उसी के इनपुट पर रांची के कांटाटोली में छापेमारी हुई है।

राजू मंडल से पूछताछ के बाद 18 अगस्त को कटक में भी एक सिम बॉक्स रैकेट खुलासा हुआ था। राजू मंडल रैकेट का मुख्य आरोपी है। वो फिलहाल पांच दिनों की रिमांड पर है। भुवनेश्वर पुलिस की पूछताछ में उसने कबूल किया है कि कई स्थानों से सिम बॉक्स संचालित कर रहा था। पूछताछ में राजू मंडल ने बताया है कि उसका हैंडलर एक बांग्लादेशी नागरिक है। उसका नाम असदुर जमान है।



### क्या होता है सिम बॉक्स, ऐसे करता है काम

**सिम बॉक्स एक तरह का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस होता है। इसे सिम बैंक भी करते हैं। यह डिवाइस एक इंटरनेट बेस्ड हार्डवेयर होता है, जिसका इस्तेमाल टेलीकॉम में डायरेक्ट जीएसएम कम्युनिकेशन को टर्मिनेट करने में किया जाता है। सिम बॉक्स में कई सिम कार्ड लगे होते हैं, जिससे की इंटरनेशनल कॉल को स्थानीय जीएसएम कॉल में कन्वर्ट किया जा सकता है। आसान भाषा में कहें तो इससे अंतरराष्ट्रीय कॉल में स्थानीय नंबर में बदला जा सकता है। फोन पर जो नंबर डिसप्ले होता है। वह स्थानीय नजर आता है। इसका फायदा ये होता है कि इससे किसी भी अंतरराष्ट्रीय नंबर पर लोकल कॉल के चार्ज पर बात की जा सकती है। इससे ना सिर्फ टेलीकॉम कंपनियों को करोड़ों को चूना लगता है, बल्कि ये राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ मामला होता है।**

## संबलपुर में आरआइ और अमीन पर ओड़िशा सतर्कता विभाग का छापा



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** केशीबहाल में उसी कार्यालय के आरआइ तुलसा पधान और अमीन मुकेश साहू पर ओड़िशा सतर्कता विभाग ने छापा मारा। दोनों को शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की कुल मांग की अंतिम किस्त के रूप में 7,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में ओड़िशा सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता उनसे जमीन के मामले में जमीनी जांच करवाना चाहता था। पहले शिकायतकर्ता ने उनकी मांग के अनुसार 3,000 रुपये का भुगतान किया था, लेकिन वे काम करने के लिए 7,000 रुपये और मांग रहे थे। कोई और रास्ता न मिलने पर शिकायतकर्ता ने सतर्कता प्राधिकरण के समक्ष अपने उत्पीड़न का आरोप लगाया। तदनुसार, सतर्कता टीम ने आज दोनों आरोपियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब साहू आरआई प्रधान के निर्देशानुसार शिकायतकर्ता से रिश्वत की अंतिम किस्त 7,000 रुपये स्वीकार कर रहे थे। प्रधान और साहू नामक आरोपियों से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गयी है। संबलपुर सतर्कता पुलिस थाने में मामला संख्या 21 दिनांक 19.08.2024 यू/एस 7 पीसी (संशोधन) अधिनियम, 2018 दर्ज किया गया है।







# 'बंदर दस्ते' का किया जायेगा गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार राज्य में बंदरों के खतरे से निपटने के लिए 'बंदर दस्ते' का गठन कर रही है। राज्य के वन मंत्री गणेश राम सिंहखुंटिया ने यह जानकारी दी। मंगलवार को राज्य विधानसभा में देवगढ़ विधायक रोमंचा रंजन बिस्वाल के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने सदन को बताया कि बंदरों को भगाने और बंदरों के आतंक को रोकने के लिए हर वन प्रभाग में एंटी-डिप्रेडेशन टीमें लगाई जा रही हैं। इसके अलावा, स्तनधारियों को डराने और भगाने के लिए अल्ट्रासोनिक मंकी रिपेलर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

मंत्री ने आगे कहा कि संवेदनशील वन प्रभागों में बंदर दस्तों को तैनात किया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर बंदरों को पकड़ने के लिए मनकेड़िया लोगों को भी शामिल किया जा रहा है। सिंहखुंटिया ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए माइल्ड स्टील एमएस केज और प्लास्टिक जाल का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बंदरों को डराने वाले कैनन डिवाइस का इस्तेमाल करने की कोशिशें भी जारी हैं।

वन मंत्री ने बताया कि जो बंदर उत्पात मचाते हैं या उग्र हो जाते हैं, उन्हें ट्रैंक्विलाइजर देकर दूर के जंगलों में छोड़ दिया जाता है। इसके अलावा लोगों में बंदरों को खाना नहीं देने के लिए जागरूकता भी फैलायी जा रही है। मुआवजे के बारे में बात करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हाथियों के कारण होने वाली मानवीय क्षति के लिए 6 लाख रुपये का मुआवजा दे रही है।







# भद्रक-खड़गपुर रेलवे खंड में सुरक्षा बाड़ लगाने के लिए 20202.12 करोड़ मंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए भद्रक-बालेश्वर-खड़गपुर रेलवे खंड पर बाड़ लगाने की परियोजना के लिए 20202.12 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। यह काम संवेदनशील रेलवे लाइनों के पास किया जायेगा। इन संवेदनशील क्षेत्रों में डबल डब्ल्यू मेटल बीम क्रैश बैरियर और फिक्स्ड नॉट फेंसिंग बैरियर दोनों का निर्माण किया जायेगा। इन स्थानों की पहचान बाड़ लगाने के लिए संवेदनशील स्थानों के रूप में की गयी है, क्योंकि पालतू जानवरों और अतिक्रमणकारियों को रेल पटरियों को पार करने से रोकने के लिए पटरियों की ऊंचाई चलती क्षेत्र के जमीनी स्तर के लगभग बराबर है। यह सुरक्षा बाड़ न केवल सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करेगी, बल्कि अनधिकृत अतिक्रमण, रेलवे पटरियों के पास मवेशी चराने और रेल लाइन के पास जंगली जानवरों की आवाजाही पर भी रोक लगायेगी।

प्रभावी बाड़ लगाने को सुनिश्चित करने और किसी भी व्यवधान से बचने के लिए, मंत्रालय ने पटरियों के करीब चारदीवारी बनाने का निर्णय लिया है। वर्तमान योजना में रेलवे भूमि की सीमाओं के साथ बाड़ का निर्माण शामिल है, जिसमें क्षेत्रीय रेलवे प्राधिकरण की स्थान स्थिति, रखरखाव आवश्यकताओं, बहु-ट्रैकिंग कार्यों, अतिक्रमण और प्रस्तावित बाड़ की समग्र व्यवहार्यता के आधार पर वास्तविक दूरी तय की जानी है।

इस पहल का उद्देश्य समपारों, आरओबी (फ्लाईओवर), आरयूबी (अंडरपास), पुलों और पहुंच नियंत्रण की आवश्यकता वाले अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पटरियों के प्रवेश को सील करना भी है। इस उपाय से न केवल रेलवे लाइन के पास मवेशियों के चरने पर रोक लगेगी, बल्कि यातायात की सुचारू आवाजाही भी होगी और पशुधन और वन्यजीवों के नुकसान को भी रोका जा सकेगा।

रेल मंत्रालय भारत में सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन यात्रा की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए रेलवे सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुरक्षा बाड़ परियोजना इन लक्ष्यों को प्राप्त करने, राष्ट्र के लिए एक सुरक्षित और अधिक कुशल रेलवे नेटवर्क सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा बालीचोंक-रखामाइंस में सुरक्षा बाड़ लगाने के लिए 141.49 करोड़ रुपये और हावड़ा-डुआन रेल खंड के लिए 103.62 करोड़ रुपये भी मंजूर किये गये हैं।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**